mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511
हिन्दी दैनिक
RNI : JHAHIN/2014/54374
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार
15.4.2024
पृष्ठ: 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 11, अंक : 73




राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# प्रधानमंत्री मोदी ने जारी किया भाजपा का घोषणा पत्र, नाम दिया संकल्प

**• देश में न्याय संहिता लागू करने और 'वन नेशन वन इलेक्शन' का वादा**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली




भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र घोषित कर दिया है। यह घोषणा पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किया। इस घोषणा पत्र को संकल्प नाम दिया गया है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में सत्ता में वापसी होने पर देश में न्याय संहिता लागू करने के दावे के साथ ही 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर काम जारी होने की भी बात कही गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। इसको संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। इसमें कई तरह के वादे किए गए हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अपने सोशल मीडिया एकाउंट 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा-बाबा साहेब की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि। जय भीम इस पोस्ट के साथ प्रधानमंत्री ने कई कार्यक्रमों में बाबा साहेब आंबेडकर पर दिए अपने भाषणों पर आधारित एक वीडियो भी साझा किया है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों, युवा और महिलाओं आदि के कल्याण के लिए कार्यक्रम चलाने की बात कही है।

मछुआरों के लिए बीमा की सुविधा और मोटे अनाज को सुपरफूड के तौर पर विकसति करने, एकलव्य स्कूल खोलने के साथ ही एससी/एसटी और ओबीसी के कल्याण के लिए काम करने का भी वादा किया गया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के नाम से जारी घोषणा पत्र में रामायण उत्सव मनाने, अयोध्या का और विकास, भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई आदि का वादा किया है। भाजपा ने सत्ता में वापसी होने पर देश में न्याय संहिता को लागू करने का वादा किया है। साथ ही 'वन नेशन वन इलेक्शन' पर काम जारी होने की भी बात कही गई है। घोषणा पत्र में रेलवे में ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट की समस्या को समाप्त किया जाएगा। साथ ही नार्थ ईस्ट में बुलेट ट्रेन पर काम चलने की भी बात कही गई है। भाजपा का घोषणा पत्र जारी होने से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी मुख्यालय में मौजूद नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2014 में जब प्रधानमंत्री मोदी संसदीय दल के नेता चुने गए थे, तब उन्होंने कहा था कि हमारी सरकार गरीब, गांव और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है।

## पिपरिया की जनसभा में पीएम मोदी की गर्जना

**पिपरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के पिपरिया नगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए चुनावी गर्जना की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी दलों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह चौधरी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी वहां से शुरु होती है, जहां से दूसरों की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार दोपहर मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के पिपरिया नगर पहुंचे और यहां विशाल जनसभा को संबोधित किया। यहां बतलाते चलें कि पिछले एक हफ्ते के अंदर पीएम मोदी का यह तीसरा मध्य प्रदेश दौरा है। इससे पहले पीएम मोदी ने बीते रविवार संस्कारधानी जबलपुर में एक रोड शो कर चुनाव प्रचार किया था। यहां पिपरिया में पीएम मोदी ने मंच पर नर्मदा मैया की जय के साथ ही अपना संबोधन शुरू किया। जनसभा के दौरान मंच पर छिंदवाड़ा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू भी मौजूद थे। सभा में पीएम मोदी ने कहा कि आप इंडिया गठबंधन की स्थिति को देखिये। वो यह भी तय नहीं कर पा रहे कि घोषणापत्र एक जिम्मेवारी होती है, देश की जनता के लिए प्रतिबद्धता होती है। उनकी सरकार क्या करना चाहती है, कैसे करना चाहती है, यह भी उनकी बातों में कहीं दृष्टव्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि उनके घोषणापत्र में एक से बढ़कर एक खतरनाक वादे हैं। उनके एक साथी का घोषणापत्र तो यह भी कहता है कि देश से परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। कोई देश ऐसा सोच भी सकता है क्या?... जैसी इनकी घातक सोच, वैसा ही उनका धातक घोषणापत्र है।

# इजराइल पर ईरान का हमला, बचाव में उतरे अमेरिका-ब्रिटेन

**ईरान ने इजरायल पर 150 क्रूज मिसाइल और 200 ड्रोन दागे**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। तेल अवीव




सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत के बाद ईरान लगातार धमकी दे रहा था कि वह इजराइल पर हमला कर बदला लेगा। ईरान की धमकी से अमेरिका भी चिंतित था। जिसका डर था वही हुआ। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायल पर दर्जनों मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया है। इस हमले से पूरी दुनिया अलर्ट पर है। ईरान ने इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया है। जानकारी के मुताबिक ईरान ने शनिवार-रविवार की रात में इजरायल पर 150 क्रूज मिसाइल और 200 ड्रोन दागे। इजरायल के जवाबी हमले को लेकर ईरान ने दूसरे देशों को भी धमकी दी है कि अगर कोई भी देश इजरायल को हमले के लिए अपना एयरस्पेस देता है, तो ईरान उस पर भी हमला करेगा। ड्रोन की स्पीड कम होती है, जिस कारण उन्हें इजरायल तक पहुंचने में समय लग रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सेना इजरायल को बचाव करते हुए ईरानी ड्रोन को मार गिरा रही है। इजरायल ने अपना आयरन ड्रोन डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव कर दिया है जो ईरान के हमलों को नाकाम कर रहा है। ईरान की धमकी को देखते हुए अमेरिका, इजरायल ने पहले ही हमले का अनुमान लगा लिया था। अमेरिकी सेना अलर्ट पर थी। उसने अपने दो युद्धपोत इजरायल की सुरक्षा में तैनात कर दिए थे। ईरानी हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। और उन्होंने नेतन्याहू से भी फोन पर बात की और इजरायल को पूरी सुरक्षा देने की बात कही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव, यूके, जर्मनी और फ्रांस ने इस हमले की निंदा की है। मिस्र, सऊदी, स्पेन, पुर्तगाल ने ईरानी हमले पर गहरी चिंता जताते हुए संयम बरतने को कहा है। लेबनान के हिज्बुल्लाह ग्रुप ने बयान जारी कर दावा किया कि उसके आतंकियों ने गोलान हाइट्स के कैला बैरक क्षेत्र में इजरायली रक्षा बलों और वायु रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाकर दर्जनों रॉकेट दागे हैं। ईरानी हमले के बाद से पूरे इजरायल में सायरन की आवाज सुनी दे रही है। हमले में अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं हैं। ईरान का कहना है कि हमला इजरायल के अपराधों की सजा है। दरअसल सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी। हमले का आरोप इजरायल पर लगा था जबकि इजरायल इस हमले से इनकार कर रहा था । ईरान ने धमकी दी थी कि वह बदला जरुर लेगा। अमेरिका भी कह चुका था कि ईरान जल्द हमला कर सकता है और रात में ईरान ने अपनी धमकी पूरी कर दी। इसके बाद सभी अलर्ट पर हैं।

## ख़ास ख़बर

### केजरीवाल की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने विगत मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने ईडी की दलील पर गौर करते हुए कहा था कि ईडी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं। इसमें कुछ बयान और शराब नीति के निर्माण में केजरीवाल के शामिल होने के सबूत शामिल हैं। केजरीवाल ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से एक ईमेल भेजने के लिए कहा, जो सीएम केजरीवाल की ओर से पेश हुए और तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया।


### संजय सिंह ने की खड़गे से मुलाकात, आम घोषणापत्र पर की चर्चा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। उनके साथ करीब 20 मिनट चली चर्चा का केंद्र बिंदु इंडिया ब्लॉक के लिए एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करना रहा है, जिसे सत्ता में आने पर दोनों ही पार्टियां लागू करने पर सहमत हैं। दिल्ली में खड़गे के आवास पर की गई मुलाकात के बाद पत्रकारों से चर्चा कर रहे संजय सिंह ने कहा, कि हम लोग इस बात पर विचार-विमर्श कर रहे थे कि किस तरह से इंडिया ब्लॉक के भीतर सभी दल एक सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम तैयार करने के लिए सहयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही हमने विपक्ष के खिलाफ एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में चिंता जाहिर की और संविधान की सुरक्षा के महत्व पर जोर देने की बात की है। इस मुलाकात के दौरान एक साझा घोषणापत्र के विकास पर भी चर्चा की गई है, जिसमें सिंह ने जल्द ही निर्णय लेने की उम्मीद जताई है। यहां उन्होंने कहा, कि हम अपने साझा दृष्टिकोण के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जहां भी जरुरी होगा, इंडिया ब्लॉक के भीतर नेताओं का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। भाजपा के द्वारा जारी घोषणापत्र को लेकर संजय सिंह ने कहा, कि आपके पास 10 साल का रिपोर्ट कार्ड है। आप बताएं 10 साल में क्या हासिल किया? घोषणापत्र महज वादों के बारे में नहीं होना चाहिए... लोग आखिर इस घोषणापत्र पर कितना भरोसा कर सकते हैं?

## लोकसभा चुनाव : अब तक 71 हजार से ज्यादा की जमानत जब्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



देश की आजादी के बाद साल 1951-52 में भारत में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए। तब से लेकर 2019 में हुए आखिरी लोकसभा चुनाव तक 71 हजार से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो चुकी है। पिछले लोकसभा चुनाव में 86 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे थे, जिनकी जमानत जब्त हो गई थी। तो आखिर क्या होती है जमानत, कैसे और क्यों जब्त हो जाती है? अब तक कुल कितने उम्मीदवार, लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत गंवा बैठे हैं? इलेक्शन कमीशन के डाटा पर नजर डालें तो पता लगता है कि 1951-52 से लेकर 2019 तक के लोकसभा चुनाव में कुल 91,160 कैंडिडेट ने अपनी किस्मत आजमाई, जिसमें से 71,246 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। यानी 78 फीसदी उम्मीदवार अपनी जमानत नहीं बचा पाए।

**क्या होता है जमानत जब्त का मतलब :** लोकसभा चुनाव के लिए सामान्य कैटेगरी के उम्मीदवारों को 25000 रुपये जमानत राशि जमा करनी होती है। जबकि एससी-एसटी कैंडिडेट को 12500 हजार रुपए देने होते हैं। इलेक्शन कमीशन के मुताबिक जमानत राशि जमा करवाने के पीछे मंशा यह है कि चुनाव में गंभीर प्रत्याशी ही उतरें। चुनाव आयोग के मुताबिक यदि किसी उम्मीदवार को चुनाव में कुल वैध वोट का 1/6 हिस्सा यानी 16.67 फीसदी वोट नहीं मिलता है तो उसकी जमानत जब्त हो जाती है। इस स्थिति में उस उम्मीदवार ने चुनाव आयोग के पास जो जमानत राशि जमा की है, उसे आयोग जब्त कर लेता। यदि किसी कैंडिडेट को 16.67 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलता है तो आयोग उसकी जमानत राशि लौटा देता है। इसके अलावा कोई उम्मीदवार अपना नामांकन वापस लेता है या उसका नामांकन किसी कारण से रद्द होता है तो इस स्थिति में भी जमानत राशि वापस कर दी जाती है। इसके अलावा जीतने वाल कैंडिडेट की जमानत राशि भी वापस कर दी जाती है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता लगता है कि राष्ट्रीय पार्टियों के उम्मीदवारों ने अपनी जमानत बचाने में अच्छा प्रदर्शन किया है। उदाहरण के तौर पर 1951-52 के पहले लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय दलों के 1,217 उम्मीदवारों में से सिर्फ 28 प्रतिशत या 344 की जमानत जब्त हुई।

### जमानत जब्ती का आंकड़ा बढ़ता रहा

वर्ष 1951-52 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में 1874 उम्मीदवार मैदान में उतरे थे, जिसमें से 745 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई थी। यानी करीब 40 प्रतिशत। इसके बाद से जमानत जब्त होने वाले उम्मीदवारों का आंकड़ा बढ़ता गया। 1996 में तो 91 फीसदी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई थी। इससे पहले 1991-92 के चुनाव में भी 86 प्रतिशत उम्मीदवारों की जमाने जब्त हुई थी।2019 के लोकसभा चुनाव में महज 14 फीसदी उम्मीदवार अपनी जमानत बचा पाए। 86 फीसदी की जमानत जब्त हुई। जमानत गंवाने वाले उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा बहुजन समाज पार्टी के थे। 383 उम्मीदवारों में से 345 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। दूसरे नंबर पर कांग्रेस थी जिसके 421 उम्मीदवारों में से 148 की जमानत जब्त हुई। इसी तरह सीपीआई के 41 उम्मीदवारों के जमानत जब्त हुई थी। लोकसभा चुनाव में हर उम्मीदवार को जमानत के तौर पर चुनाव आयोग के पास एक निश्चित राशि जमा करनी होती है। इस राशि को 'जमानत राशि' अथवा सिक्योरिटी डिपॉजिट कहते हैं। चुनाव आचरण नियम, 1961 में इसकी व्यवस्था की गई है।

## दुनिया का सबसे मंहगा चुनाव होगा 2024 लोकसभा चुनाव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली




18वीं लोकसभा का चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। दरअसल अनुमान के मुताबिक इस चुनाव में 1 लाख करोड़ रुपए का खर्च हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में देश में चुनाव का कुल खर्च करीब 60 हजार करोड़ रूपए (8 बिलियन डालर) था और उस समय यह दुनिया का सबसे महंगा चुनाव साबित हुआ था, क्योंकि 2016 में अमरीका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में कुल 6.5 बिलियन डालर रुपए खर्च हुए थे लेकिन 2020 के अमरीका के राष्ट्रपति चुनाव में ही अमरीका ने सबसे महंगे चुनाव के मुकाबले भारत को पछाड़ दिया, क्योंकि अमरीका में पिछले राष्ट्रपति चुनाव में 14 बिलियन डालर का खर्च हो गया। अब यदि भारत में 2024 का चुनाव का खर्च 1.16 लाख करोड़ को पार करता है, तब भारत का चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होगा। इस हिसाब से दुनिया के सबसे महंगे चुनाव के मामले में भारत-अमरीका में ही मुकाबला है। देश में 2019 के चुनाव में हुए कुल खर्च में चुनाव आयोग के खर्च के अलावा, राजनीतिक दलों, चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के खर्च के अलावा अन्य प्रकार का खर्च भी शामिल है। इसमें से 24 हजार करोड़ रुपए (40 फीसदी) खर्च उम्मीदवारों ने खुद किया था जबकि राजनीतिक दलों ने 20 हजार करोड़ रुपए (35 प्रतिशत), सरकार और चुनाव आयोग ने करीब 10 हजार करोड़ रूपए (15 प्रतिशत) मीडिया सपांसर 3 हजार करोड़ रुपए (5 प्रतिशत) और अन्य प्रकार के औद्योगिक खर्चों पर 3 हजार करोड़ रुपए (5 प्रतिशत) खर्च हुआ था। बात दें कि इतना खर्च तब हुआ था जब चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च की सीमा 70 लाख थी, यह खर्च की सीमा 2022 में बढ़ा कर 95 लाख रुपए की गई है और इसी में ही 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस लिहाज से इस चुनाव में उम्मीदवारों का खर्च ही 35 प्रतिशत बढ़ेगा यानी उम्मीदवारों का 24 हजार करोड़ रुपए का खर्च ही 32 हजार करोड़ रुपए पहुंच सकता है। पिछले 26 साल में देश में लोकसभा के छह चुनाव हुए हैं और इस बीच चुनाव का खर्च 9000 करोड़ रुपए से बढ़ कर 60 हजार करोड़ रुपए हो गया है। 1998 के चुनाव में यह खर्च 9000 करोड़ रुपए था जबकि 2019 में यह खर्च 60 हजार करोड़ रुपए हुआ। 1998 में भाजपा ने चुनाव पर करीब 20 प्रतिशत खर्च किया था जबकि 2019 में भाजपा का खर्च बढ़ कर 45 प्रतिशत हो गया।

## ट्रक पर लदे 622 किलो गांजा को एनसीबी ने किया जब्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। औरंगाबाद

औरंगाबाद में मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने पकड़ा है। एनसीबी की टीम ने ट्रक चालक और सहचालक को मौके से ही गिरफ्तार किया है। ट्रक से करीब 622 किलो गांजा जब्त किया गया है। अब पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। एनसीबी के अधिकारियो ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में जीटी रोड से ट्रक पर लदे बड़ी मात्रा में गांजा को पटना की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने रविवार की रात पकड़ा है। ट्रक को जप्त कर मुफस्सिल थाने में लाया गया है। एनसीबी की इस कार्रवाई से जिला पुलिस की सूचना और लोकसभा चुनाव को लेकर मादक पदार्थ और शराब के खिलाफ की जा रही नियमित कार्रवाई पर अब सवाल भी उठ रहा है। चर्चा है कि एनसीबी की टीम को गांजा की सूचना मिल गई और पकड़ भी लिया, पर जिला पुलिस की टीम को कोई जानकारी नहीं मिली। यह कार्रवाई एनसीबी की टीम ने की है, गांजा लदे ट्रक को कहां से पकड़ा गया है और किन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इस कार्रवाई के बारे में कोई विशेष जानकारी तहा पुलिस को नहीं है। सूत्रों के अनुसार पकड़े गए ट्रक चालक और सहचालक को एनसीबी की टीम अपने साथ पटना ले गई है।

## नई सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नए थल सेना, वायु सेना और नौसेना प्रमुख



- एक ही एनडीए बैच के 'दोस्तों' की 'तिकड़ी' के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान
- नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश, स्क्रीनिंग कमेटी ने तीन वैज्ञानिकों के नाम सुझाए

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा। फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। ख़ास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली 'तिकड़ी' में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी। वरिष्ठता को देखते हुए नौसेना स्टाफ के वर्तमान उप प्रमुख वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रमुख दावेदार हैं। वाइस एडमिरल त्रिपाठी जुलाई 1985 में नौसेना में शामिल हुए। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है और उन्होंने फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में भूमिकाएं निभाई हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व में परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए भारतीय नौसेना के जहाजों आईएनएस विनाश, आईएनएस किर्च और आईएनएस त्रिशूल की कमान संभाली है।

## नवरात्र में हेलीकॉप्टर में बैठकर मछली खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं: राजनाथ

राष्ट्रीय मुख्यधारा। जमुई




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जमुई में एनडीए प्रत्याशी अरुण भारती के पक्ष में चुनावी सभा की। सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चुनाव औपचारिकता है। देशवासियों ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है। उन्होंने लालू यादव के परिवार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचारी लोग कह रहे हैं कि उनकी सरकार आएगी तो मोदी को जेल भेज देंगे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को जमुई में एनडीए के लोजपा (आर) के प्रत्याशी अरुण भारती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ औपचारिकता है। देशवासियों ने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है। दूसरे देश अभी से ही नरेन्द्र मोदी को आमंत्रण दे रहे हैं। उन्होंने सभा में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के परिवार पर तीखा हमला बोला है। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भ्रष्टाचारी लोग कह रहे हैं कि उनकी सरकार आएगी तो मोदी को जेल भेज देंगे। न नौ मन घी होगा और न राधा नाचेगी। इस तरह की बात करने वालों को जनता नकार देगी। चारा खाने वाले परिवार के लोग नवरात्र के दौरान हेलीकॉप्टर में बैठकर मछली खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं। ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2019 के चुनावी घोषणा पत्र में हमने कहा था कि संसद के दोनों सदनों में जब हमारा पूर्ण बहुमत होगा। तो जम्मू कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करेंगे। हमने उसे समाप्त कर दिया। विरोधी दल के लोग भाजपा पर तंज कसते थे, सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। आज अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को दुनिया ने देखा। भारत में राम राज के आगमन को दुनियां की कोई ताकत नहीं रोक सकती। हमें भारत माता का मस्तक दुनियां में ऊंचा करना है।

### बाबा साहब ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से प्राप्त की महानता : योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दबे, कुचले और वंचित वर्ग के लोग अपने सम्मान की लड़ाई और भावी पीढ़ी को उज्वल भविष्य देने के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का स्मरण कर रहे हैं। बड़े घर में पैदा हो करके बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### रांची में वाहन चेकिंग के दौरान 11.45 लाख बरामद



**रांची।** रांची के लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11 लाख 45 हजार रुपया बरामद किया है। पुलिस ने स्कूटी सवार व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पंडरा के व्यवसायी का पैसा है। मामले की जानकारी मिलते ही आईटी की टीम भी मामले की जांच करने पहुंची है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### पुलिस की छापेमारी में होटल से शराब बरामद, संचालक गिरफ्तार



**रांची।** चान्हो थाना क्षेत्र के बीजूपाड़ा स्थित संतोष लाइन होटल में छापामारी कर 15 पेटी अंग्रेजी शराब पुलिस ने बरामद किया है। मामले में होटल संचालक संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी मुख्यालय अमर कुमार पांडेय ने रविवार को बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर लगातार अवैध रूप से नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर होटल में छापेमारी की गई।

### कल्पना सोरेन ने भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित की



**रांची।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को कल्पना सोरेन ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान अन्य लोगों ने अंबेडकर की तस्वीर पर भी श्रद्धांजलि दी।

### राजेश ठाकुर ने भाजपा के मेनिफेस्टो को संविधान बदलो दस्तावेज बताया



**रांची।** भाजपा के संकल्प पत्र को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने "संविधान बदलो पत्र" का नाम दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह संकल्प पत्र एक छलावे के समान है यह जनता के हितों के लिए संकल्प पत्र नहीं बल्कि देश के संविधान को बदलने के लिए भाजपा द्वारा लिया गये संकल्प का दस्तावेज है। ठाकुर ने रविवार को कहा कि प्रपंच और प्रोपेगेंडा भाजपा की चुनावी रणनीति का एक हिस्सा है जो वह पिछले 10 सालों से जनता के साथ करते आ रही हैं। लेकिन जनता इस बार उनके छलावे और बहकावे में नहीं आने वाली है। भगवान बिरसा मुंडा का नाम लेकर प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर से आदिवासी समुदाय को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। सबसे पहले उन्हें यह बताना चाहिए कि भगवान बिरसा मुंडा के पदचिन्हो पर चलने वाले आदिवासी समुदाय के सरना धर्म कोड की मांगों के बारे में अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। जबकि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने सरना धर्म कोड लागू करने का विधेयक भी पास करके केंद्र सरकार के पास भेज दिया है। आदिवासी समुदाय से आने वाले झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमों में फंसा कर जेल भेजने वाले प्रधानमंत्री को आदिवासी समुदाय के हितों की बात करना शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता के हितों के लिए भाजपा कितनी सजग है यह इससे पता चलता है कि उनके इस पूरे घोषणा पत्र मे जुमलेबाजी के सभी शब्द शामिल है लेकिन जनता "महंगाई और बेरोजगारी" के जिन मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है । वही शब्द इस घोषणा पत्र में नहीं है। झूठ के ऐसे पुलिंदे पत्र को देश का युवा,किसान,महिला सहित समाज के सभी अन्य वर्ग पूरी गंभीरता से परखेंगे। इसमें ना ही रोजगार की,ना ही किसानों की, ना ही महिलाओं के अधिकार की उनकी सुरक्षा की, ना ही गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले जनता को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की बात की गई है।

### श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की विसर्जन शोभायात्रा 18 को निकाली जाएगी

**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब षष्ठी (बेलवरन) का आमंत्रण सोमवार शाम को 04.40 बजे होगा। 16 अप्रैल को महाष्टमी पूजन, संधि बलि, पुष्पांजलि एवं नवकन्या पूजन होगा। 501 किलो लड्डू चढ़ाया जाएगा। भजन मंडली का आनंद भी भक्तों को मिलेगा। 17 अप्रैल को प्रातः नौ बजे नवमी पूजन होगा। रामनवमी शोभायात्रा में महासमिति के सदस्य श्रीमहावीर मंडल के पदाधिकारियों के साथ प्रस्थान करेंगे। 18 अप्रैल को पूजा प्रांगण में हवन के पश्चात प्रातः 10 बजे से विशाल महाभंडारा का आयोजन होगा। दोपहर तीन बजे से विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। विसर्जन शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि में श्री रामलला की स्थापित प्रतिमा का जीवंत झांकी का प्रदर्शन होगा। मुख्य संरक्षक उदय साहू रविवार को प्रेस वार्ता में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 15 अप्रैल को नवपत्रिका आगमन एवं सुबह 7:35 बजे सर्वदेव पूजन एवं माता की प्राण प्रतिष्ठा होगी। पूजा पंडाल का पट पदाधिकारियों की उपस्थिति में सुबह 9:30 बजे सभी के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि झारखंड के प्रसिद्ध भजन गायक विक्की छाबड़ा के मधुर भजनों का कार्यक्रम होगा। रांची तथा रांची के ग्रामीण क्षेत्र के अखाड़ेधारी झंडाधारी, ढोल नगाड़ा, अस्त्र-शास्त्र, भजन मंडली, छउ नृत्य कलाकार इसमें दिखेंगे। पारंपरिक शोभा यात्रा में हाथी, घोड़ा आदि भी साथ रहेंगे। इसे निर्धारित रूट से जिला प्रशासन की देख रेख में ले जाया जाएगा, रात्रि 11:00 से 12:00 के बीच जेल तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन किया

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें याद करते हुए नमन किया है। मुख्यमंत्री ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि शोषितों, वंचितों एवं पीड़ितों को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान करने वाले, भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शत-शत नमन। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त और अंत्योदय को समर्पित रहा आपका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है।

# झारखंड में रामनवमी को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर पैनी नजर

## माहौल बिगाड़ने की मिली भनक तो जाएंगे जेल, गाइडलाइन जारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रामनवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वाले सीधे जेल जायेंगे। इसे लेकर झारखंड पुलिस की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी ऑपरेशन अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि रामनवमी त्योहार को देखते हुए सबसे ज्यादा फोकस सोशल मीडिया पर रहेगा। इसके लिए सभी जिलों में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया है। मॉनिटरिंग सेल बिल्कुल हाईटेक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आने वाली सूचनाएं मुख्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष में एकत्र की जाएंगी। त्योहार के दौरान कई ऐसे तत्व होते हैं, जो समाज में सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने की कोशिश करते हैं ताकि माहौल खराब हो और किसी दूसरे पक्ष को फायदा मिले। रामनवमी त्योहार को देखते हुए पुलिस भी ऐसे तत्वों को बख्शने के मूड में नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों के एसएसपी, एसपी और डीसी को अपने-अपने सोशल मीडिया सेल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को लोगों के साथ-साथ महावीरी अखाड़ों और अन्य शांति समितियों को साझा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए जो मॉनिटरिंग सेल बनाया गया है वह काफी हाईटेक है। उदाहरण के तौर पर अगर कोई किसी अनजान सर्वर से मैसेज वायरल करता है तो इसकी



जानकारी तुरंत मॉनिटरिंग सेल के जरिए साइबर टीम को दे दी जाएगी। सोशल मीडिया के अलग-अलग विंग के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। व्हाट्सएप, फेसबुक और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर नजर रखी जा रही है। अमोल वेणुकांत होमकर ने बताया कि सोशल मीडिया को लेकर जिलों के डीसी और एसपी को निर्देश जारी किये गये हैं। उनसे शहर के प्रमुख चौराहों पर सोशल मीडिया से संबंधित साइन लगाने और हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि समाज में अफवाह फैलाने के लिए कई तरह के मैसेज फैलाए जाते हैं। ऐसे में आम लोगों से अपील की गई है कि वे तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम या अपने स्थानीय थाने में फोन कर इसकी जानकारी दें। सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के बारे में पुलिस से बात करें और पुलिस से पूछें कि क्या यह जानकारी सही है। रामनवमी पर सोशल मीडिया के जरिए किसी भी तरह की कोई अफवाह न फैलाई जा सके, इसके लिए सभी जिलों में दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों की जानकारी देने के लिए जिला स्तर पर फोन नंबर भी जारी किए गए हैं। गाइडलाइंस में आम लोगों से भी कहा गया है कि वे कभी भी कोई भड़काऊ संदेश प्रचारित न करें। अगर उनके मोबाइल पर कोई आपत्तिजनक मैसेज आता है तो वह इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। गाइडलाइंस में यह भी बताया गया है कि मैसेज को एक जगह से दूसरी जगह भेजने वाला भी उतना ही दोषी है जितना मैसेज बनाने वाला भी, इसलिए सावधानी बरतें। हाल के दिनों में झारखंड के कई जिलों में सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को जेल भी भेजा गया है। ईद के दौरान सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश वायरल करने के आरोप में रांची से दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने शांति समिति की बैठक में ऐसे सभी लोगों की जानकारी दी है, ताकि लोग इससे सबक ले सकें।

# झारखंड : चार लोकसभा सीटों के लिए 18 से शुरू होगा नामांकन, उम्मीदवारों का जनसंपर्क तेज

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राज्य में इस बार लोकसभा की 14 सीटों के लिए चुनाव चार चरणों में होंगे। पहले चरण में चार सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 18 अप्रैल से शुरू होगी और 13 मई को वोट डालें जाएंगे। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में एनडीए, इंडी गठबंधन और अन्य दल अब तक 34 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुके हैं। घोषित प्रत्याशी गर्मी की तपिश में पसीना बहा रहे हैं। लगातार प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। झारखंड में पहले चरण में 13 मई को सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के लिए चुनाव होंगे। इसके लिए 18 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी और उसी तारीख से नामांकन शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 26 अप्रैल, नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल और मतदान की तारीख 13




मई है। पहले चरण के लिए एनडीए, इंडी गठबंधन, झापा और सीपीआई ने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। एनडीए ने झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। जबकि, इंडी गठबंधन ने अब तक केवल नौ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है।पांच सीटों पर अब भी प्रत्याशियों की घोषणा बाकी है। सीपीआइ और जेबीकेएस ने भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की है। अब तक न तो एनडीए ने और न ही इंडी गठबंधन ने झारखंड के लिए स्टार प्रचारकों की घोषणा की है। हालांकि, घोषित प्रत्याशी बिना स्टार प्रचारकों के ही अपने स्तर से जनसंपर्क और छोटी-छोटी सभाएं कर रहे हैं। पार्टी के नेताओं से संपर्क और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने की भी कोशिशें कर रहे हैं। प्रत्याशी गांव-गांव, चौक-चौराहों पर जाकर लोगों से मिल रहे हैं। सबसे ज्यादा प्रचार सोशल मीडिया पर हो रहा है। प्रत्याशी अपनी रोजाना की गतिविधियां सोशल मीडिया पर डालते हैं। इंडी गठबंधन का प्रचार अभियान 21 अप्रैल से विधिवत शुरू हो जायेगा। इस दिन रांची के प्रभात तारा मैदान में झामुमो ने न्याय उलगुलान रैली का आयोजन किया है। उस रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, वाम नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप नेता,पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, बिहार के नेता तेजस्वी यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित अन्य इंडी गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा होगा। उसी दिन से इंडिया गठबंधन का प्रचार अभियान भी जोर पकड़ेगा। इस पूरे कार्यक्रम की बागडोर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के कंधों पर है। वह बीच-बीच में बैठक कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी ले रही हैं। उल्लेखनीय है कि सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में पहले चरण में 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण 25 मई को गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर और चौथे चरण 1 जून को राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा सीटों का चुनाव होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

# मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने अंबेडकर को किया नमन



राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर रविवार को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रांची के डोरंडा स्थित पुराना हाई कोर्ट के समीप डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान झामुमो रांची जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम उपस्थित रहे और माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा बाबा साहेब की जयंती पूरे देश में मनाई जा रही है। इस पावन दिवस पर हमें ये संकल्प लेना है कि जो हमारा संविधान है वो पूरे दुनिया में अनूठा संविधान है। हम सभी हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों के लोगों को एक समान अधिकार इस संविधान ने दिया है। हमें ये संकल्प लेना है कि इस संविधान को अक्षुण रखना है, समतामूलक समाज की ओर आगे बढ़ना है। हमारे लोकतंत्र को कमजोर करने में कुछ ताकतें दिन रात लगी हुई है, उन ताकतों को हमे जवाब देना है। झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने भीमराव अंबेडकर के जयंती के अवसर पर उनको नमन करते हुए कहा कि हम संकल्प लेते हैं कि इस संविधान को बचाने के लिए संविधान विरोधी ताकतों को जवाब देना है और सभी के हक अधिकार की रक्षा करना है।

# कांग्रेस भवन में मनाई गई अंबेडकर जयंती



राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेताओं ने रविवार को रांची स्थित कांग्रेस भवन में भारत के संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक नवजागरण का अग्रदूत बताते हुए उनके जीवनी पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सदियों से शोषित-दलित मानव के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए समर्पित था। वे समाज में व्याप्त रूढ़िवादी और विषमता को समूल समाप्त करने के लिए जीवन-पर्यन्त संघर्ष करते रहे। बाबा साहब एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय नेता थे। उन्होंने अपने पीछे भारत के संविधान के रूप में एक मूल्यवान विरासत छोड़ी है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, प्रवक्ता सोनाल शांति, निरंजन पासवान, केदार पासवान, सहदेव राम, राजू राम, जगरनाथ साहू, विशिष्ट लाल पासवान, भूषण कुमार सहित अन्य नेताओं ने बाबा साहब अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार डॉ अंबेडकर का जीवन प्रेरणा स्रोत : बाबूलाल मरांडी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची



बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश और समाज के लिए उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर देश के लिए सर्वसमावेशी संविधान का प्रारूप तैयार करने वाले शिल्पकार एवं समाज में व्याप्त असमानता को को दूर करने वाले महामानव के रूप में जाने जाते हैं। शोषितों, वंचितों के हक की लड़ाई लड़ने वाले बाबासाहेब का जीवन हम सभी के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा एवं एक समृद्ध राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में हमारा सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब समाज में फैले जहर को पीकर हमारे लिये सिर्फ अमृत छोड़ गये हैं। हम उनके बताए मार्ग पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब एक महान देशभक्त, समाज सुधारक एवं महान शिक्षाविद् एवं राजनीतिज्ञ के रूप में याद किये जाते रहेंगे। भारत का एक-एक नागरिक उनके योगदान पर गौरवान्वित महसूस करता है। बाबा साहब के सपनों का भारत गढ़ रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी : अमर बाउरी महानगर भाजपा के सुखदेव नगर मंडल में समाज के लोगों को सम्मानित करने के कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि बाबा साहब ने जन्म से जीवन तक जगह-जगह यातनाएं झेली, अपमानित होते रहे पर उन्हीं के हाथ में जब देश के भविष्य का दस्तावेज बनाने का अवसर आया तो उसमें कहीं भी कटुता का भाव नहीं दिखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के सपनों का देश गढ़ने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

### बिहार ले जा रहे 16.5 लीटर महंगी अंग्रेजी शराब के साथ दो गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

रांची से बिहार ले जा रहे 16. 5 लीटर महंगी अंग्रेजी शराब ले जा रहे दो आरोपितों को पुलिस ने खादगढ़ा टीओपी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सुभाष कुमार और मुकेश कुमार शामिल है। खादगढ़ा टोओपी के एएसआइ भीम सिंह और अन्य पुलिसकर्मी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधिक गतिविधि पर नियंत्रण, मादक द्रव्य और आग्नेयास्त्र की बरामदगी के लिए 14 अप्रैल की सुबह 10 बजे गश्ती कर रहे थे। इसी क्रम में खादगढ़ा बस स्टैंड के मुख्य टर्मिनल के पास दो बैग लेकर दो युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। पुलिस को शक हुआ तो उनलोगों को पीछे जाने लगे। पुलिस को देखते हुए दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। उन्हें खदेड़ कर पकड़ लिया गया। उनके पास टू स्टार बस का हसपुरा बिहार का टिकट मिला। उनका स्काई बैग की जांच करने पर दोनों के बैग में महंगी ब्रांड का विदेशी शराब मिला।

# बाबा साहब ने शोषित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया : ब्रज मोहन कुमार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रविवार को आजसू केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर उपस्थित पार्टी के केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज की कुरीतियों को दूर करने का दृढ़ संकल्प किया एवं निरंतर प्रयास करते हुए एक समरस समाज की कल्पना की। उन्होंने वास्तव में शोषित समाज को मुख्य धारा से जोड़ने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम



सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपना संपूर्ण जीवन अन्याय व अमानवीय व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष को समर्पित किया। उनका सम्पूर्ण जीवन आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इस दौरान केंद्रीय कार्यालय सचिव आशुतोष गोस्वामी, रांची जिला सह प्रभारी अजीत कुमार, रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा, रोहित चौधरी, वेदांत कौस्तव, रित्विक राज, रिशु कुमार, मुकेश कुमार, अनमोल प्रजापति, सुमित साहू, नैनित प्रजापति, सचिन साहू, अमरजीत कुमार, अभिषेक सही, प्रियांशु शर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# झामुमो ने अंबेडकर जयंती पर किया धरना प्रदर्शन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जयंती पर संविधान बचाओ देश बचाओ एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झामुमो ने रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के सामने आयोजित किया। केंद्र सरकार और भाजपा के संविधान विरोधी नीतियों के खिलाफ यह धरना आयोजित हुआ। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबा साहेब डॉ० भीमराव अंबेडकर को हम लोग याद करते हैं क्योंकि भारत का जो अपना संविधान है नियम है, कानून है और उसी के



तहत लोकतंत्र है। इस वक्त मे बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि जो है वो इस संविधान में दिए गए अधिकार, बोलने का अधिकार जीने का अधिकार और उसके साथ जो लगातार खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का जो सत्ता पक्ष है वो इस संविधान को खत्म करना चाहते है, जिसके विरोध में हम यहां शांतिपूर्वक लोकतांत्रिक तरीके से धरना पर बैठे हैं। संविधान विरोधियों के लिए यह धरना प्रतिवाद है और बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि भी है।

# बोकारो थर्मल में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन

## पूरे जिले में डीवीसी बीटीपीएस का फायर सिस्टम है अव्वल : परियोजना प्रधान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो थर्मल



बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट में रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डीवीसी के एचओपी आनंद मोहन प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में डीजीएम बीजी होलकर एवं सीआईएसएफ के डीसी राजोले विशाल विलास मौजूद थे। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों के अलावा वरीय प्रबंधक मैकनिकल मनीष कुमार चौधरी, सहायक संरक्षा प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, निरीक्षक फायर अनिल कुमार, निरीक्षक प्रशांत कुमार प्रसून सहित सीआइएसएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने श्रद्धांजलि स्थल पर पुष्प अर्पित कर शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित की। एचओपी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डीवीसी सीआईएसएफ यूनिट फायर विंग के कर्मियों एवं अधिकारियों द्वारा पूरे सप्ताह राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन स्थानीय स्कूलों, पावर प्लांट,हॉस्पीटल एवं ऑफिसर्स क्लब में करके आग से बचाव के लिए जागरुकता अभियान चलाया जाता है, जिससे सभी को आग से बचाव की जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि बोकारो थर्मल का सीआईएसएफ फायर विभाग पूरे जिला का उन्नत फायर विभाग है, जिसने अपनी कार्यप्रणाली से एक अलग ही पहचान बनायी है। कहा कि सीआईएसएफ की बदौलत ही पावर प्लांट सुरक्षा के साथ बिजली उत्पादन का कार्य करता है। डीसी राजोले विशाल विलास ने कहा कि आग की घटना काफी विनाशकारी होती है जिस पर नियंत्रण जागरुकता लाकर ही किया जा सकता है। सीआईएसएफ फायर के अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस और सप्ताह के बारे में कहा कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया डाक बॉम्बे में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों के आगोश में समा गया था और आग पर काबू पाने के लिए बॉम्बे फायर सर्विस के सौ से ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए थे। उन्होंने अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए धधकती ज्वाला पर काबू करने का भरसक प्रयत्न किया और उन्होंने आग पर नियंत्रण तो कर लिया, लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी थी। उन्हीं 66 शहीद अग्निशमन कर्मचारियों को श्रद्धांजलि देने के लिए अग्निशमन सेवा दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। वरीय प्रबंधक मनीष कुमार चैधरी ने कहा कि आग से बचाव को लेकर सीआईएसएफ को जो भी संसाधन की जरुरत होगी, उसे पूरा किया जाएगा। सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट ने डीवीसी के एचओपी, डीजीएम, अधिकारियों, सीआईएसएफ के पदाधिकारियों, जवानों को सुरक्षा को लेकर शपथ दिलायी। इसके पूर्व दो मिनट का मौन धारण कर शहीद जवानों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अवर निरीक्षक विक्रम सिंह ने किया। मौके पर एसबीआई के मुख्य प्रबंधक सुभाष प्रसाद, सूरज तिवारी, अनि चंद्र भान सिंह, सउनि ओपी यादव, सुरेश यादव, एफ फुकन, हेड कांस्टेबल रणवीर कुमार सिंह, आरक्षक पवन सिंह, शंकर कुमार गुप्ता सहित सभी जवान एवं अधिकारी मौजूद थे।

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद् चास में खोलेगा प्ले स्कूल, भवन-निर्माण शीघ्र



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

प्रतितिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों ने रविवार को चास के कुंवर सिंह कालोनी स्थित परिषद् की जमीन का निरीक्षण किया। मिथिला सांस्कृतिक परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने बताया कि परिषद् की इस जमीन पर बच्चों के लिए प्ले स्कूल खोलने की योजना है। इसके लिए शीघ्र भवन निर्माण की प्रक्रिया आरंभ होगी। इसी उद्देश्य से आज कार्यकारिणी द्वारा इस स्थल का निरीक्षण किया गया। इस वर्ष मार्च में परिषद् कार्यकारिणी गठन को लेकर हुए चुनाव में उन्होंने अपने घोषणा पत्र में यह वादा किया था कि परिषद द्वारा इस जमीन पर भवन निर्माण कर प्ले स्कूल खोला जायेगा। परिषद् व समाज के सहयोग से इस दिशा में शीघ्र कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इस अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष समरेन्द्र झा, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार झा, सुनील कुमार चौधरी, वित्त सचिव मिहिर मोहन ठाकुर, सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण पाठक, संगठन सचिव बहुरन झा, योजना सचिव शिवेश पाठक, उप सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक प्रदीप झा, परिषद् की कार्यकारिणी सदस्य अनिल कुमार झा, विजय कुमार ठाकुर, सुधांशु शेखर झा, गोपाल जी झा, आनंद कुमार राजहंस, आर एन मिश्र, गणेश झा, अरविन्द कुमार मिश्र, शंकर कुमार सिंह, गोपाल कृष्ण झा, जीवन मंडल उपस्थित थे।

## संकल्प सृजन वार्षिक कार्ययोजना तय की गई



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

संकल्प सृजन, झारखंड प्रदेश की वार्षिक कार्य-योजना बैठक सेक्टर-9 स्थित संस्था के प्रधान कार्यालय में हुई। साथ ही, कार्यालय परिसर में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ भी किया गया। महासचिव साध्वी झा ने बताया कि शीघ्र ही कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं कौशल विकास के अन्य आयामों के तहत अनेक प्रकार के रोजगारपरक प्रशिक्षण दिलाने की योजना है। सर्वप्रथम विशिष्ट समाजसेवी नीना नारायण, राजेंद्र कुमार, अध्यक्ष ध्रुव शर्मा, संरक्षिका निशा रानी, शशि गुप्ता, कल्पना वर्णवाल ने भारत माता चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में नीना नारायण ने कहा कि संकल्प सृजन समाज के सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर है।

अनेक प्रकार के घरेलू उद्योग के माध्यम से बहनें सबल हो रही हैं। इसी प्रकार निशा रानी, शशि गुप्ता, कल्पना वर्णवाल ने अपनी शुभकामनाएं दीं। मौके पर राजेंद्र कुमार, विनय झा, मनोज झा ने लघु उद्योग को बढावा देने पर जोर डाला।

सिलाई प्रशिक्षिका स्वरूप अनीता देवी का चयन किया गया। मौके पर इस अवसर पर देवंती, तनुश्री, लक्ष्मी, ईंदू, अनिता, लिलावती, गीता सिंह, श्वेता सहित अन्य प्रशिक्षु की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी संचार प्रभारी सुजीत कुमार मिश्रा ने दी।

# निर्धन मेधावी बच्चों की शैक्षणिक मदद को लेकर प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता आयोजित

## चिन्मय एलुमिनी संघ की अनोखी पहल, 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



चिन्मय विद्यालय बोकारो, चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन की ओर से संचालित चिन्मय स्माइल बैंक कार्यक्रम के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे, परंतु मेघावी छात्र- छात्राओं की सहायता के लिए प्रतिभा पोषण प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता परीक्षा में बोकारो जिला के सरकारी, ग़ैर- सरकारी विद्यालयों के सातवीं से दसवीं तक के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत ने जानकारी देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम गरीबी रेखा से नीचे रह रहे वंचित वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया है। यह दो चरणों में होगा। लिखित परीक्षा में अव्वल आये 80 छात्र-छात्राओ का चयन किया जायगा। तत्पश्चात साक्षात्कार के बाद40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जायगा। सातवीं के सफल छात्र-छात्राओं को 4000 रुपये की सहायता अध्ययन सामग्री के खरीद का बिल जमा करने पर दी जाएगी एवं 400 रुपये नगद दिया जाएगा। इसी प्रकार आठवीं के लिए 5000 रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 500 रुपये, कक्षा नवमी के लिए 6000 रुपये बिल जमा करने पर एवं नगद 600 रुपये तथा दसवी के लिए 7000 रुपये बिल जमा करने पर एवं 700 रुपये नगद प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। बिल-अध्ययन सामग्री खरीद का हो या फिर कही कोई क्लास जॉइन करने का होना चाहिए। डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत ने इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि इससे बच्चों में आगे बढ़ने की ललक बढ़ेगी एवं आर्थिक कमी उनकी शिक्षा में बाधा नही बनेगी। बोकारो इस्पात नगर एवं इसके आस पास के बिभिन्न विद्यालय में पढ़ रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 600 से अधिक विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। प्रथम चरण में सफल 80 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के बाद 40 सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। परम् पूज्य गुरुदेव स्वामी चिन्मयानंद महाराज के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 8 मई चिन्मय अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर सभी सफल 40 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने चिन्मय एलुमिनी एसोसिएशन की इस मानवीय पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों की मदद के लिए यह मील का पत्थर सिद्ध होगी। मौके पर उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार, डॉ अमरेन्द्र नारायण भारत, संजीव मिश्रा, डॉ रोशन शर्मा, ललिता उरांव, पंकज मिश्रा, संजीव सिंह, प्रीति, सृष्टि, रणविजय ओझा, रजनीश, अमित आदि मौजूद रहे।

# बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करना जरूरी : उपायुक्त

## बोकारो में जगह-जगह याद किए गए संविधान-निर्माता भारत- रत्न डॉ. अंबेडकर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



संविधान-निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती रविवार को बोकारो में जगह-जगह मनाई गई। विभिन्न संगठनों ने इस अवसर पर बाबा साहेब को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनके सिद्धांतों की अहमियत बताई। नगर के सेक्टर-4 स्थित अंबेडकर चौक पर विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने बाबा साहब को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। वहीं, उपायुक्त आवास के गोपनीय कार्यालय में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने डा. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इनमें उपायुक्त विजया जाधव, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश कुमार, सहायक निदेशक (डीपीएलआर) मेनका, अपर समाहर्त्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल रहे। मौके पर डीसी श्रीमती जाधव ने कहा कि बाबा साहेब के विचार और उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। डीडीसी संदीप कुमार ने भी आमजनों को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलने पर बल दिया। साथ ही, संविधान में दिए गए अधिकारों एवं नियमों का अनुपालन करने को कहा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, एलआरडीसी प्रभाष दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, जिला योजना पदाधिकारी राजेश शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को ले कलशयात्रा निकाली गई



राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो

जरीडीह बाजार के समीप नवनिर्मित श्रीश्री पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर रविवार को एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आसपास की सैकड़ों कन्याएं व महिलाएं कलश लेकर शामिल हुए। दामोदर नदी से कलश में जल भरकर वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचीं। 15 अप्रैल को यज्ञ एवं वेदी-पूजन आरंभ होगा। 17 अप्रैल को भंडारा किया जाएगा। इस अनुष्ठान के पुजारी गोवर्धन शास्त्री, शिवकुमार शास्त्री, धनंजय शास्त्री, गोलू शास्त्री के द्वारा विधि-विधान से पूजन कराया जा रहा है, वहीं यजमान राजकुमार साहु, सुरेश साहु, दिनेश जायसवाल, गुलशन साव हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी अनिल अग्रवाल, विनोद चौरसिया, मुकेश सिन्हा, कन्नू यादव, राज वर्मा, करण कुमार, सनी चाहत, छोटू सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रहित में भुलाया नहीं जा सकता डा. अंबेडकर का योगदान : अमरदीप

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



संविधान-निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर के विचार, उनके आदर्श और उनके बताए रास्ते आज भी प्रासंगिक हैं। समतामूलक समाज और सामाजिक सौहार्द की दिशा में उनके अवदानों को नहीं भुलाया जा सकता है। राष्ट्रहित में उनके योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेगा और हमें ऐसे महान राष्ट्रपुरोधाओं के प्रति कृतज्ञ होना ही चाहिए। उक्त बातें बोकारो के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गुड मार्निंग क्लब के अध्यक्ष कुमार अमरदीप ने कही। नगर के सेक्टर-12ए में निर्धन बच्चों के शिक्षार्थ संचालित बिरसा मुंडा निःशुल्क विद्यालय में आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत निर्धन बच्चों के बीच पाठ्य व लेखन-सामग्री का वितरण किया गया। इसके पूर्व, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी कुमार अमरदीप, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी सरदार बंटी एवं विद्यालय के संस्थापक परशुराम राम ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विशिष्ट अतिथि बंटी सरदार ने कहा कि बाबा साहब हमारे बीच नहीं है, पर उनके विचार आज भी लोगों के साथ हैं, जो जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। संस्थापक परशुराम राम ने भी बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन हरिशंकर प्रसाद सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आलोक रस्तोगी, तेजपाल सिंह, डीके किरपाल, निवारण चंद्र महतो, रवि कुमार दास, शंकर रजक, ममता सिंह, गुड्डी देवी, बबीता कुमारी, चंदेश्वर ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# कांचहीं बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय...

## कहीं घर के आंगन में टब में, तो कहीं जलाशयों में दिए गए अर्घ्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बोकारो



चैती छठ का प्रथम अर्घ्य रविवार को श्रद्धा-भक्ति के वातावरण में दिया गया। शनिवार को खरना पूजा के बाद रविवार शाम अस्ताचल भास्कर को छठव्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किए। घर से लेकर घाट तक श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। कई व्रतियों ने अपने घरों में ही अर्घ्य दिया। कहीं घर के आंगन में गड्ढे खोदकर, कहीं बड़े टब में तो कहीं घर की छत पर टंकी बना पूजा की गई। वहीं, सिटी पार्क, चास गरगा पुल, सूर्य सरोवर, जगन्नाथ मंदिर स्थित सरोवर, टू टैंक गार्डन सहित विभिन्न जलाशयों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया। इस दौरान आसपास का पूरा वातावरण शारदा सिन्हा, कल्पना पटवारी सहित अन्य कलाकारों के छठ गीतों से गुंजरित होता रहा। व्रतियों और उनके परिजनों ने भी स्वयं गीत गाते हुए भगवान सूर्य को नमन किया। मंगलवार को उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चारदिवसीय इस महाव्रत का समापन हो जाएगा।

**इन कारणों से किया जाता है सूर्य षष्ठी व्रत**– जानकार बताते हैं कि सूर्य षष्ठी व्रत आरोग्य की प्राप्ति, सौभाग्य व संतान के लिए किया जाता है। भगवान भास्कर की मानस बहन षष्ठी देवी हैं। प्रकृति के छठे अंश से षष्ठी माता उत्पन्न हुई हैं। उन्हें बालकों की रक्षा करने वाले भगवान विष्णु द्वारा रची माया भी माना गया है। बच्चे के जन्म के छठे दिन षष्ठी मइया की पूजा की जाती है, ताकि बच्चे का ग्रह-गोचर शांत रहे। मान्यता है कि नहाय-खाय से लेकर सप्तमी तक उन भक्तों पर षष्ठी माता की कृपा बरसती है जो श्रद्धापूर्वक व्रत करती हैं। इस पर्व में बांस निर्मित सूप, टोकरी, मिट्टी के बर्तन, गुड़, चावल, गेहूं से निर्मित प्रसाद तैयार किया जाता है। इस बार लॉकडाउन के कारण श्रद्धालुओं को फल से लेकर अन्य चीजों की खरीदारी में भारी परेशानी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### विरोधियों के पास कोई मुद्दा नहीं, इसलिए लगा रहे अनर्गल आरोप : ढुल्लू




**तालगड़िया (बोकारो)**। भाजपा सबका साथ, सबका विकास की राह पर चलने वाली पार्टी है। पार्टी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। विरोधी दलों के लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए अपने परिवार की सोचने वाले लोग ही उनपर अनर्गल आरोप लगाते हैं। उक्त बातें भाजपा के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कही। महतो अमलाबाद मंडल के नवाडीह स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है। उन्होंने कहा कि बाघमारा क्षेत्र के लोग तीन-तीन बार सेवक के रूप में विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। सडक से सदन तक जनता की आवाज को बुलंद किया। अगर लोकसभा चुनाव में भी जनता सेवक के रूप में काम करने का मौका दिया तो, जो भी समस्याएं होगी, उनका चुनौती के रूप में समाधान करने का प्रयास करेंगे। कहा कि हेमंत सरकार में बाहरी लुटेरों ने केवल राज्य को लूटने का काम किया है। इस दौरान कार्यकर्ताओ को चुनावी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कई टिप्स दिए गए। कार्यकर्ताओं ने चंदनकियारी विस से डेढ़ लाख मत भाजपा की झोली में भरने का संकल्प लिया। इसके पूर्व, डा. भीमराव अंबेडकर समेत अन्य महापुरुषों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पंकज शेखर ने की तथा संचालन महामंत्री अजय रजवार ने किया। मौके पर भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष जयदेव राय एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अंबिका खवास सहित विनोद गोराई, फटीक दास, गोउर रजवार, निमाई महथा, हेमंत शेखर, समरेश महथा, राधेश्याम सिंह आदि मौजूद रहे।

### 'विकास' झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है : सुदेश कुमार महतो



**गिरिडीह**। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो रविवार को बेंगाबाद, गिरिडीह में आयोजित ग्राम प्रभारी एवं चुल्हा प्रमुख सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान महतो ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो ने सालों तक गांडेय में 'राज' किया है, लेकिन क्षेत्र का विकास नहीं खुद का विकास करना झामुमो की प्राथमिकता रही है। विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के शब्दकोश में नहीं है। अब यहां से राजा परिवार चुनाव लड़ने की तैयारी में है। राजा परिवार जहां हाथ रख दे, उस सीट को खाली करनी पड़ती है। अब जनता को तय करना है कि उसे चेहरा चाहिए या काम। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता को बिना बताए यहां के विधायक का इस्तीफा जनादेश का अपमान है। एक परिवार के निजी स्वार्थ और सत्ता की महत्वाकांक्षा का परिणाम है यहां का उपचुनाव। इन्होंने जनता को छलने का काम किया है। इसका जवाब जनता अपने वोट के चोट से देगी। उन्होंने कहा कि राज्य को कुशल नेतृत्व देना हमारा लक्ष्य है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हमारे सभी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दी गयी सांगठनिक जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी तन्मयता के साथ करें। मैं भी एक कार्यकर्ता हूं। सांगठनिक मजबूती के आधार पर हम सभी मिलकर गांडेय में राजनीतिक बदलाव करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक 10 चूल्हा का नेतृत्व हमारा चूल्हा प्रमुख कर रहे हैं। पार्टी ने पृष्ठभूमि देखकर नहीं उनकी काबिलियत देख कर गरीब परिवार से आने वाले लोगों को महत्वपूर्ण दायित्व दिया है।

**डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन**– सम्मेलन से पूर्व सभा स्थल पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने शोषितों व वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। उनके विचारों को हम सभी को अपनाने और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने की आवश्यकता है।

### लगातार दूसरे हफ्ते साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी

**बोकारो थर्मल**। बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र से बाइक की चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो थर्मल बीओआई के समीप से दूसरे रविवार को भी साप्ताहिक हाट से तांतरी निवासी राजेश राम की बाइक (जेएच09एएफ-6855) की चोरी कर ली गयी। बाइक मालिक राजेश राम का पुत्र आकाश तांतरी से खरीदारी करने आया था। बीओआई के समीप बाइक को खड़ा कर गया और वापसी पर बाइक नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक नहीं मिली तो बाइक चोरी की सूचना थाना को दे दी गई।

### रुखसाना भाटी की तीसरी पुण्यतिथि मनाई गई

**गोमिया (बोकारो)**। गोमिया आईईएल जामा मस्जिद के सरपरस्त हाजी अब्दुल कादिर भाटी की पत्नी स्वर्गीय रुखसाना भाटी की तीसरी पुण्यतिथि रविवार को उनके आवास के परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम उनके कब्र पर श्रंद्धाजलि के साथ गुलाब के फूलो की चादर चढ़ाई गई। इसके बाद कुरान ख्वानी और मिलाद-उन-नबी शरीफ हुई और गरीबों में कपड़ा व भोजन का वितरण किया गया। स्व. रुक्साना भाटी भी जरुरतमंद गरीबों और महिलाओं के लिए जानी जाती थी। ऐसी शख्सियत को लोग याद कर दो आंसू छलकाने पर मजबूर हो जाते हैं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को लिया चपेट में, एक की मौत, एक घायल

**खूंटी**। खूंटी-रांची रोड में गायत्री नगर के समीप मिश्रा पेट्रोल पंप के पास रविवार को रांची की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने सामने से आ रही एक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान खूंटी के निकटवर्ती सोसोटोली गांव निवासी अजीत राम (33) के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति श्यामलाल गुप्ता का सदर अस्पताल खूंटी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार अजीत राम की बिरसा कॉलेज खूंटी के समीप अजीत फ्लावर के नाम से एक फूल दुकान है। वह अन्य दिनों की भांति रविवार अहले सुबह बाइक से रांची फूल लाने जा रहा था। उसके साथ बाइक पर सवार होकर पिपराटोली में रहने वाला श्यामलाल गुप्ता रांची जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार दोनों युवक मिश्रा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे, वैसे ही सामने से तेज रफ्तार में आ रहे 18 चक्का ट्रक (जेएच 10 सीक्यू 6133) उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दु र्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर भागने लगा, लेकिन मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने भागते ट्रक का पीछा कर उसे तोरपा रोड के समीप पकड़ लिया और उसके चालक और उपचालक सहित ट्रक को खूंटी पुलिस के हवाले कर दिया। इधर, दुर्घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची ने सड़क पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वेलमार्क हॉस्पिटल बोकारो में अग्नि सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण का अयोजन




**बोकारो।** वेलमार्क हॉस्पिटल बोकारो एन0 ए0 बी0 एच0 मान्यता प्राप्त अस्पताल है अस्पताल की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम का अयोजन किया जाता है, इसी क्रम में आज कोड - रेड (लाल) पर अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का मॉक-ड्रिल एन0 ए0 बी0 एच0 कॉडिनेटर अरित्रो चटोपाधयाय के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में आकस्मिक आग लगने की स्थिति में उस पर तुरंत नियंत्रण पाने के विधि का प्रदर्शन किया गया, इसके लिए कुत्रिम आग लगाकर उसको अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा अग्नि शामक यन्त्र से बुझाया गया, तथा अग्नि शामक यन्त्र का उपयोग्य करने के समस्त विधि को चटोपाधयाय द्वारा बताया गया। विदित हो की विगत 04 अप्रेल 2024 को मिशन अस्पताल दुर्गापुर के विशेषज्ञ डॉ तिर्थो मुखर्जी द्वारा हार्ट अटैक मरीज आने की स्थिति मे त्वरित उपचार पर एक कार्यशाला का अयोजन किया गया था जिसमें डॉ मुखर्जी ने रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, नर्सिगं स्टाफ एवं पारा मेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित करते हुआ कहा की वेलमार्क हॉस्पिटल के मेडिकल टीम में काफी अच्छी गुनवत्ता है इन लोगों को प्रशिक्षित करके हमें गर्व हुआ, इस मौके पर वेलमार्क हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ0 सतीश कुमार, सर्जन डॉ सुजीत पाण्डेय एवं एडमिनिसटेट्रर डॉ0 प्रभात कुमार उपस्थित थे।

### निमियाघाट पुलिस को अवैध कच्चा कोयला तस्करी को पकड़ने में मिली सफलता




**डुमरी।** एसपी गिरिडीह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला का परिवहन का रोकथाम हेतु निर्देशानुसार चलाये जा रहे चेकिंग के दौरान 13 अप्रैल की रात्रि में जीटी रोड में रांगामाटी ओवरब्रिज (एनएच-19) में कोयला लदा एक मैजिक जेएच 10सीएस-5229 को निर्देशानुसार एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में निमियाँघाट थाना के द्वारा पकड़ा गया।उक्त मैजिक वाहन में बिना कोई कागजात के अवैध कच्चा कोयला को तस्करी किया जा रहा था। इस संबंध में मैजिक वाहन के चालक लक्ष्मण बास्की (पिता महावीर मांझी) ग्राम लेदोडीह थाना राजगंज एवं सह-चालक अजय गोप (पिता प्रदीप गोप) ग्राम लेदोडीह थाना राजगंज ,मालिक तथा अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त व्यक्ति के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार चालक और सह चालक को जेल भेज दिया।मैजिक वाहन में 3 टन कच्चा कोयला लोड है। छापामारी टीम निमियाँघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह पुअनि प्रणीत पटेल एवं निमियांघाट थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### युवाओं को अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : डीसी



**लोहरदगा ।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेवासियों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर डीसी डा.प्रसाद कृष्ण वाघमारे ने कहा कि संविधान के रचयिता,ज्ञान और विलक्षण प्रतिभा संपन्न डॉ. अम्बेडकर ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी एक शिक्षाविद, कानूनी विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के रूप में काम किया। लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए,खास कर युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर ने संविधान की रचना की है और जब संविधान को पढेंगे तो बहुत कुछ समझ में आता है।उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो'' हमेशा प्रासंगिक रहेगा.बाबा साहब अम्बेडकर का पूरा जीवन प्रेरणाश्रोत है.विधाथियों को उनके विचारों,आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यता है।इस अवसर पर समाहरणालय मैदान के पास स्थित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों ने श्रद्धा सूमन अर्पित किया।

### दाल लदा ट्रक खाई में गिरा, चालक की मौत



**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत नौवां माइल के पास दाल लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट कर खाई में गिर गया। रविवार सुबह नौ बजे हुई इस दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि परिचालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अपना भाई ग्राम छपरा के चालक सुनील सिंह (38,) और परिचालक राम सावक सिंह कोलकाता से ट्रक में दाल लोड करके छपरा जा रहे थे। कोडरमा घाटी स्थित नौवा माइल के पास उनका ट्रक अनियंत्रित होकर पलटकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में चालक सुनील की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर कोडरमा पुलिस थाना प्रभारी सुजीत कुमार और पैंथर व दमकल मौके पर पहुंचे और दोनों को कोडरमा सदर अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने सुनील के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया साइड लाइन : अमर बाउरी

**जमशेदपुर।** झारखंड में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रविवार को कहा कि झामुमो ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को साइड लाइन कर दिया है, इसीलिए उन्हें सरायकेला में उनके विधानसभा क्षेत्र भेज दिया गया है। वह यहां कार्यक्रम कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव की अहम जिम्मेदारी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन संभाल रहीं हैं।

# यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगित, दिल्ली में झारखण्ड के सभी प्रतिभागी विनर व रनर अप हुए

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

देश के राजधानी दिल्ली में,राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मिस्टर, मिस, मिसेज और किड्स यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का आयोजन तेरह अप्रैल को किया गया है। इस प्रतियोगिता को आयोजित करने वाली कम्पनी, एसके स्टार इवेंट कम्पनी ने रांची के स्टोरी लाइन इंडिया कम्पनी के साथ टाई अप किया था। इस प्रतियोगिता में ग्रांड जूरी के रुप में स्टोरी लाइन इंडिया मैगजिन की मुख्य संपादकीय साधना कुमर को आमंत्रित किया था, त्तथा अन्य जूरी में जहा चीफ जूरी सिद्धेश जाधव,, जिया पांडे सुचित्रा कौर उपस्थित थे। इस शो को आयोजित करने वाले ऑर्गनाइजर सोनिया खताना, संदीप गोस्वामी व प्रिया प्रजापति थे। बॉलीवुड सेलिब्रिटी गेस्ट मे आंखे मूवी की सुपरस्टार एक्ट्रेस ऋतु शिवपुरी ने मुंबई से शिरकत किया था। यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगित के विभिन्न कैटेगरी में दो सौ




से अधिक प्रतियोगी ने हिस्सा लिया, जिसमें रांची झारखंड के अलग अलग शहरों से आठ प्रतिभागी ने भी हिस्सा लिया और इतिहास रचते हुए सभी प्रतिभागी विनर व रनर अप हुए। जिसमे मिसेज यूनिवर्स इंडिया इंटरनेशनल का किताब रांची झारखंड से ही प्रतिभागी रेणु मंडल को मिला,वही फर्स्ट रनर अप रिद्धिमा अग्रवाल व सेकंड रनर अप कविता वर्मा को मिला। मिस कैटगरी मे विनर रांची झारखंड की भावना प्रिया व फर्स्ट रनर अप चंद्रमणि खुजूर हुई, वही मिस्टर कैटगरी के विनर के रूप में जमशेदपुर के चांद वर्मा हुए, तथा किड्स गर्ल्स विनर आशवी अग्रवाल व किड्स बॉयज कैटगरी में अव्यांश अग्रवाल विनर हुए। इस मौके पर ग्रांड जूरी व स्टोरी लाइन इंडिया मैगजिन की मुख्य संपादिका साधना कुमर का कहना है कि, निश्चित तौर पर ये हम सब के लिए गौरव का क्षण है, इतने टफ प्रतियोगिता में हमारे झारखंड से सभी आठ प्रतिभागी ने टैग अपने नाम किया ,ये अद्भुत पल था मेरे लिए। वहा उपस्थित सभी जूरी ने कहा है कि सारे प्रतिभागियो को देखकर लगता है कि प्रोफेशनल मॉडल है। आगे उनका कहना है कि हमारे भी राज्य में प्रतिभा की कमी नहीं है,बस तराशने की जरूरत है, मॉडलिंग और फैशन जगत में भी हमारे झारखंड के लोगों ने अपना मुकाम हासिल किया है। आगे भी राज्य और राष्ट्रिय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में मेरी कम्पनी स्टोरी लाइन इंडिया टाई अप करेगी।



### चार बदमाश गिरफ्तार, तीन कट्टा और 9 गोली बरामद

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गुमला

पुलिस ने पटेल चौक के नजदीक लूटपाट की घटना को अंजाम देने पहुंचे चार बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मुन्ना साहू, सूरज कुमार सिंह, शुभम कुमार और बबलू साहू है। सभी जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के चपका के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन देशी कट्टा, .303 एमएम की चार गोली, .315 एमएम की तीन गोली और 12 बोर का दो गोली पुलिस ने बरामद की है। गुमला एसपी शंभु कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि शनिवार रात सूचना मिली कि गुमला थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास चार संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए हैं। सूचना पर गुमला थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह अपने टीम के साथ मौके पर पहुंचे तो चारों बदमाश भागने लगे। पुलिस बल ने सभी को पकड़ लिया। तलाशी के क्रम में तीन देशी कट्टा, 9 गोली बरामद की। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सभी पहले आर्म्स एक्ट, लूट, चोरी समेत कई अपराध में जेल जा चुके हैं।

## तीन शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार, पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद



राष्ट्रीय मुख्यधारा। देवघर

देवघर पुलिस ने तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से पांच मोबाइल, पांच एटीएम और सात सिम बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों के नाम महाराष्ट्र के नासिक जिले के सिडको स्थित त्रिमूर्ति चौक निवासी तोयेश संजय पाटिल, सारवां थाना क्षेत्र के बिशनपुर निवासी प्रफुल रवानी और मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा निवासी रितिक रोशन है। देवघर पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपित करीब डेढ़ वर्ष से देवघर स्थित रेस्टोरेंट में मैनेजर की नौकरी कर रहे थे और इस आड़ में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते थे। आरोपितों के एक खाते से एक माह में 70-80 लाख रुपये ट्रांजेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली है। पुलिस ने बताया कि आरोपित टेलीग्राम समूह के माध्यम से सट्टा बाजार में निवेश कराने, बैंक क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ता को झांसे में लेकर क्रेडिट कार्ड के विवरण प्राप्त कर ठगी करने का काम करते थे। आरोपितों के पास से बरामद मोबाइल से साइबर क्राइम के 15 अपराध लिंक पुलिस को मिले है, जिसकी जांच की जा रही है।

## लाभुकों के बीच भाजपा द्वारा अंबेडकर जयंती कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच रविवार को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ, रांची के विधायक सी पी सिंह, सिमरिया विधायक सह भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। वहीं मौके पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के शिक्षित बनो के मूल मंत्र से ही भारत विश्व गुरु के रूप में विश्व में स्थापित हो सकता है। क्योंकि शिक्षा एकमात्र मार्ग है जो किसी भी परिस्थिति से बाहर आने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के कारण ही आज हम सभी हर 5 वर्ष में अपने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, नेता, मंत्री आदि को चुन सकते हैं। यदि उन्होंने संविधान निर्माण में अपनी अहम भूमिका नहीं निभाती तो शायद भारत आज विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र के रूप में विकसित नहीं हो सकता। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी




ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष पूर्ण रहा है, लेकिन जब उन्हें संविधान निर्माण की तो अपने संघर्ष का कोई भी छाया संविधान निर्माण में पड़ने नहीं दिया। उन्होंने महिलाओं, दलितों, शोषितों, वंचितो सहित सभी वर्ग को एक समान अधिकार देकर विश्व की सबसे बड़ी लोकतंत्र के स्थापना में अपनी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 18 लोकसभा का चुनाव होने वाला है। इससे पहले 14 बार भारत की जनता ने कांग्रेस जैसी पार्टी को वोट किया था लेकिन देश का विकास नहीं हो सका। लेकिन जब से हमने भारतीय जनता पार्टी के कमल छाप पर वोट किया है तब से देश विकास के नए आयाम को लिख रहा है। आज शायद ही कोई ऐसा घर होगा जहां केंद्र सरकार की कोई भी योजना ना पहुंची हो। हर व्यक्ति प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलितों के उत्थान के लिए कई सारी योजनाओं को देश में लागू किया जिसका लाभ उठाकर आज हमारे देश के दलित उच्च शिक्षा, नौकरी, उद्योग आदि में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने सभी से आग्रह किया एक बार फिर वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 400 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करवा कर देश को तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में मदद करें। कार्यक्रम में रांची लोकसभा के प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपने को साकार करने का संकल्प ले रहे हैं। उन्होंने भारत के संविधान की ताकत को समझ कर और जान कर देश में विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री आज जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को हटाकर वहां के लोगों और दलितों को भी भारत के संविधान के अनुसार लाभ दे रहे हैं। उन्होंने मौके पर कहा कि हम सभी को बाबा साहब के मूल मंत्र को अपने जीवन में अपने की जरूरत है रांची विधायक सी पी सिंह ने कहा कि आज यदि दलित का कोई बेटा राष्ट्रपति या राज्य का मुखिया या नेता प्रतिपक्ष के रूप में या विधायक के रूप में हमारे बीच है तो यह बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कारण ही संभव हो सका है। क्योंकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जो संघर्ष किया वह संघर्ष का पुरा निचोड़ हमारे संविधान में नजर आता है। उन्होंने हर व्यक्ति को समान अधिकार देकर एक पायदान पर लाने की कोशिश की। उनके बताए मार्गदर्शन संगठित रहो शिक्षित बनो और संघर्ष करो को आज हमें अपने जीवन में अपने की जरूरत है ताकि उनके सपनों का भारत का निर्माण किया जा सके।

कार्यक्रम में भाजपा की प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य नीरज पासवान, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सीता राम रवि, प्रदेश महामंत्री रंजन पासवान, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेंद्र लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मोर्चा विमल बैठा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्र पासवान, रांची महानगर अध्यक्ष रामलगन राम, प्रदेश प्रवक्ता राकेश राम, उपेंद्र रजक, राजीव राज लाल, सत्येंद्र रजक, धर्मेंद्र कुमार,बकमलेश किशोर, संदीप कुमार एवं अन्य उपस्थित हुए।

## बड़कागाँव:जब हमारा घर, समाज सुखी होगा तभी हम राज्य और देश के लिए कुछ कर पाएंगे : वीणा मिश्रा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागाँव

सांढ़-छपेरवा गांव के यज्ञ में कथावाचक वीणा मिश्रा ने कहा कि आज समाज में इतनी कुरीतियां बढ़ गई है की हर व्यक्ति दुखी है ।इसका कारण है की हम दूसरो की बराइयो को देखते है पर अपनी कमी हमे नजर नहीं आती यदि आप चाहते है की हमारा समाज सुखी हो ,राज्य सुखी हो और देश सुखी हो तो,इसकी सुरुवात हमे सबसे पहले अपने घर और अपने आप से करना चाहिए।जब हमारा घर सुखी होगा तभी हम समाज को सुखी कर पाएंगे ,और जब समाज सुखी होगा तभी हम राज्य और देश के लिए कुछ कर पाएंगे ।आज हमारे देश भारत में पश्चिमी सभ्यता इतनी तेजी से बढ़ रही है की भारत की छवि को धूमिल कर रही है ।हमारा भारत देश



ही ऐसा देश है की जहां की धरती पर राम और कृष्ण का अवतार हुआ।इसी धरती पर भगवान राम ने मर्यादित जीवन जीकर लोगो को मर्यादा में रहना सिखाया ।अधर्मियो का नास करके धर्म की स्थापना की। भाई के संग भाई के प्रेम का ऐसा उदाहरण दिया की राम भगवान बन गए ।कृष्ण भी अर्जुन को गीता का ज्ञान देकर उसे सही मार्गदर्शन दिया।समाज और देश का भला करने के लिए हमे अपने संस्कारों को बचाना होगा।सनातन धर्म को अपनाना होगा। दिन दुखियो के लिए तत्पर रहना होगा ।धर्म के साथ जीवन जीना होगा प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलना होगा तभी हम सुंदर राष्ट की कल्पना कर सकते है।मानवता पूर्ण जीवन ही सुखी जीवन का आधार है युक्त बातें कथा वाचक मीणा मिश्रा ने कहीं।

कथावाचक में सुंदर सी झांकियां प्रस्तुत करवाया गया। जिसमें मर्यादा पुरुष श्री राम ,लक्ष्मण,माता सीता, वीर बजरंगी हनुमान के साथ-साथ, शिव शंकर भगवान, पार्वती की झांकियां में शिव विवाह की झांकियां प्रस्तुति कर श्रद्धालुओं का मन मोहा।

मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार,यज्ञ समिति अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद ,सचिन पुरन महतो, कोषाध्यक्ष कृतियानंद महतो,पूर्व जीप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,पूर्व मुखिया भीखन महतो, कार्तिक महतो, गुरुदयाल कुमार जिज्ञासु ,राजीव कुमार रंजन ,संतोष महतो, मनोज कुमार, ओमप्रकाश कुमार, विष्णु दयाल कुशवाहा उपस्थित थे।

### चीनो में मनायी गयी अंबेडकर की जयन्ती



राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

प्रखंड के चीनो में रविवार को डा.बाबा भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई।उपस्थित जनों ने अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया उसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने बाबा साहब अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि आजसू जिला प्रधान सचिव सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छक्कन महतो ने कहा कि बाबा साहेब के लिखित संविधान के कारण ही सामाजिक रूप से पिछड़े दलित वर्ग,पिछड़ा वर्ग,आदिवासी वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर अगडी जाति के लोगों को भी आरक्षण के माध्यम से उनके सामाजिक विकास करने पर बल दिया था। भीमराव अंबेडकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के आदर्श है। इस दौरान हराधन पंडित,बीरबल पंडित आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### हिमकियू ने किया शोकसभा का आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा। डुमरी

हिन्द मजदूर किसान यूनियन डुमरी अनुमंडल कमिटी द्वारा रविवार को इसरीबाजार स्थित स्वर्गीय लालचंद महतो के आवास में एक शोकसभा का आयोजन कर झारखंड के प्रथम ऊर्जा मंत्री लालचन्द महतो को श्रद्धांजलि दी गयी। यूनियन से जुड़े उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिवंगत लालचंद महतो के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पण कर अपनी संवेदना व्यक्त की साथ ही उनके द्वारा अपने विधायकी व मंत्रीत्त्ल काल में किये गए जनहित के कार्य को याद किया। कार्यक्रम में डालोराम महतो, लालमणि साव, रामेश्वर महतो, रवींद्र कुमार महतो अनुमंडल कमिटी अध्यक्ष गंगाधर महतो, मदन मोहली, विश्वनाथ महतो, करमचन्द महतो, सादिक खान, चिन्तामणि महतो, जीबलाल महतो, गांधी महतो, टेकलाल महतो, रूपलाल महतो, नुनुचन्द महतो, अजित ठाकुर, इन्दर महतो, राम कुमार, डालेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, दशरथ महतो,नवीन महतो आदि उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में शामिल बच्चियों एवं श्रद्धालुओं के लिए चना एवं शरबत की की गई थी व्यवस्था

राष्ट्रीय मुख्यधारा। बड़कागांव

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरी के मां बसंती दुर्गा पूजा समिति द्वारा रविवार सुबह 7:30 बजे मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा की शुरुआत की गई। कलश यात्रा में सभी श्रद्धालु भक्तों के हाथों में हनुमान एवं श्री राम के पताकों के भरा नजर आ रहा था, साथ ही सभी श्रद्धालु भक्तों के द्वारा जय श्री राम एवं भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा के नारों से पूरा गांव गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा में 501 बच्चियां भगवा वस्त्र पहनकर अपने माथे पर कलश लेकर दुर्गा मंदिर से सिकरी, ऊपरटोला, नयाटोला, पारपैन होते हुए हेसला के दुमुहान नदी से जल



उठाकर पुनः पारपैन, ऊपरटोला, नयाटोला, सिकरी शिव मंदिर होते हुए जमनीडीह स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में कलश स्थापित कर जल यात्रा की समापन की गई। जल यात्रा आयोजन में ताशा पार्टी, ढोल एवं साउंड के साथ धूमधाम से आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई। पूजा समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान द्वारा विधायक अंबा प्रसाद को जय श्री राम का पट्टा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यज्ञ एवं पूजा पाठ से क्षेत्र में सुख शांति एवं सौहार्द की भावना उत्पन्न होती है और शंख की आवाज जहां तक जाती है वहां तक का वातावरण शुद्ध हो जाता है, इसलिए हम सभी को हमेशा पूजा पाठ पर ध्यान देना चाहिए। कलश यात्रा में शामिल कलश यात्रियों एवं श्रद्धालु भक्तों के लिए शरबत एवं चने की व्यवस्था की गई थी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, बड़कागांव कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी गण, जनप्रतिनिधि तथा सिकरी के सैकड़ों ग्रामीण महिला व पुरुष एवं नवयुवकों ने कलशयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024



# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों से जुड़े विषय पर पत्रकारों को मिली जानकारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गढ़वा

**वेबकैम के माध्यम से हर गतिविधि पर 24 घंटे पैनी नजर रखी जा रही है**



समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारी के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 16 मार्च 2024 को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता के पश्चात गढ़वा जिले में अब तक किए गए करवाई एवं 13 पलामू लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए निर्धारित संपूर्ण निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ साझा की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 13 पलामू लोकसभा क्षेत्र में 4th फेज में चुनाव होना है, जिसके लिए 18 अप्रैल 2024 को अधिसूचना की तिथि है, 25 अप्रैल 2024 नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि है, 26 अप्रैल 2024 को नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि है, 29 अप्रैल 2024 को अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि है, 13 मई 2024 को मतदान की तिथि है एवं 4 जून 2024 को मतगणना की तिथि है। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है। सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बताया गया। गढ़वा जिले में मतदाताओं कि संख्या 1041022 है, वहीं प्रथम बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं की संख्या 30142 है। जिसमें 80 गढ़वा में 14790 एवं 81 भवनाथपुर में 15352 है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा महिला मतदान केंद्र, PWD मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कंपोजिट कंट्रोल रूम के बारे में उन्होंने बताया कि यह 24/7 कार्यरत है। भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया जा रहा है। एमसीसी के शतप्रतिशत अनुपालन हेतु वर्तमान में 8 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 8 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो भिविंग टीम के माध्यम से असामाजिक तत्वों, अवैध शराब समेत अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के निमित्त कार्मिक कोषांग, गढ़वा के द्वारा रिजर्व सहित कुल 1148 पीठासीन पदाधिकारी तथा 1148 P1, P2 & P3 को नियुक्त कर उनका ऑनलाईन डेटाबेस तैयार करते हुए उन्हें नियुक्ति पत्र हस्तगत करा दिया गया है। उक्त सभी नियुक्त मतदान कर्मियों एवं सेक्टर ऑफिसर्स का प्रशिक्षण कोषांग, गढ़वा में उपलब्ध कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिनांक 27.03.2024 से 02.04.2024 तक पूर्ण करा लिया गया है तथा द्वितीय चरण के प्रशिक्षण प्रारंभ होने की संभावित तिथि 03.05.2024 है। स्वीप कार्यक्रम के तहत् स्वीप कोषांग, गढ़वा द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सतत् रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले में अवस्थित महाविद्यालयों एवं अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में कुल 12 ELC Young Voter के माध्यम से तथा कार्यालयों, बैंकों आदि में कुल 48 VAF (Voter Awareness Forum) का गठन कर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्वीप के तहत् मतदाता जागरूकता-सह-नैतिक मतदान संबंधी अभियान प्रखण्ड / पंचायत / ग्राम स्तर पर चलाया जा रहा है। जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग में लाए जाने वाले वाहनों का आकलन वाहन कोषांग, गढ़वा के द्वारा कर लिया गया है, जिसके तहत् जिले में कुल 535 छोटे-बड़े वाहनों की आवश्यकता है, जिसके विरूद्ध गढ़वा जिले में 426 वाहन उपलब्ध हैं और शेष 109 छोटे-बडे वाहनों की कमी है। वाहन कोषांग, गढ़वा के द्वारा उक्त वाहनों की उपलब्धता से संबंधित विभिन्न अग्रेतर कार्रवाई और प्रयास किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि अबकी बार 80 पार के नारे के तहत जिले में 80% से अधिक मतदान सुनिश्चित करना हमारा प्रयास है, उन्होंने मीडिया के माध्यम से आमजनों से अपील किया कि 13 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे के बीच मतदान के दिन लोग अपने घरों से बाहर निकल कर, मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन की जाने वाली व्यवस्थाओं, ए एम एफ सुविधाओं एवं वालंटियर की प्रतिनियुक्ति को लेकर भी उपायुक्त ने जानकारी दिया, उन्होंने बताया कि एनएसएस और एनसीसी समेत अन्य के तहत वालंटियर के रूप में मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर इनकी प्रतिनियुक्ति की जाएगी जो 85 प्लस के वृद्धि मतदाताओं, दिव्यांग मतदाताओं समेत अन्य को मतदान केंद्रों पर मतदान दिलाने हेतु सहयोग करेंगे। ऐसे मतदाताओं के लिए वाहन, व्हील चेयर की व्यवस्था को लेकर भी उपायुक्त द्वारा जानकारी दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि 16 मार्च को आदर्श अंचार सहिता लागू होने के पश्चात विभिन्न चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान अब तक लगभग 11 लाख रुपये से अधिक के कैश जप्त किए गए है। 1627 लीटर देशी शराब, 35.5 लीटर विदेशी शराब एवं 140 लीटर बियर जप्त किया गया है। 7675 लीटर देशी शराब बनाने की सामग्री जप्त की गई है। 13 अवैध हथियार एवं 49 गोली जप्त किए गए है, 73 की गिरफ्तारी हुए, एंडब्लूएस के तहत 250 एवं सीसीए के तहत 8 लोगों पर कार्रवाई की गई है। एमसीसी के तहत अब तक 3 मामले दर्ज हुए है। आर्म्स एक्ट के तहत 703 लाइसेंस आर्म्स जमा कराने थे, जिनमें अब कुल 71 आर्म्स जमा करना शेष है, इनमें 21 आर्म्स धारी जो वर्तमान में अन्य जिलो में पदस्थापित है उन्हें संबंधित जिला में आर्म्स जमा करने हेतु संबंधित जिला के जिला अधिकारी को पत्राचार किया गया है। वहीं 50 आर्म्स धारियों का लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा की गई है। पांच इंटर स्टेट चेक पोस्ट सक्रिय है, जिनमें दो यूपी बॉर्डर, दो छत्तीसगढ़ बॉर्डर एवं 1 बिहार बॉर्डर पर चेक नाका लगाया गया है। सभी चेक नको पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल तैनात है, सक्रियता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है। वेबकैम के माध्यम से भी जिला में रहकर हर गतिविधि पर 24/7 पैनी नजर रखी जा रही है। 24 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं 18 थानों के माध्यम से भी रेंडम स्थान पर चेक पोस्ट लगाकर रोजाना चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। सीआरपीएफ एवं जैप टीम के माध्यम से जिले में भयमुक्त महौल में मतदान सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने अपील किया कि मतदाता भयमुक्त महौल में नैतिक मतदान करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में निर्वाचन से जुड़े कई अन्य विषयों पर भी जानकारी साझा की गई एवं मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पुछे गए सवालों के उत्तर दिए गए। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपरोक्त के अतिरिक्त उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जिला योजना-सह-जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ब्यूरो चीफ एवं प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी : बाबूलाल मरांडी

**लोहरदगा।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि जो व्यक्ति जेल में है, बेल में है वे मोदी के संकल्प को पूरा करने से रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतेगी। बाबूलाल मरांडी रविवार को ललित नारायण स्टेडियम में लोहरदगा विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सभी एक सौ चालीस करोड़ लोगों की चिंता करते हैं। लेकिन कुछ लोग केवल अपनी चिंता करते हैं। मोदी इलाज की व्यवस्था की पांच लाख तक पूरा इलाज करा सकते हैं। मोदी गरीबों की राशन,जल,शौचालय, घर, सहित कई अन्य व्यवस्थाओं को बहाल किया, जो व्यक्ति देश की तरक्की और विकास का बात करत हों। उसका एक ही लक्ष्य हमारे देश का आर्थिक रूप से सशक्त किया जाना लक्ष्य और 11वें स्थान अब तीसरे स्थान पर आर्थिक रूप से हमारा देश मजबूत होगा। हमारा देश विज्ञान, मोबाइल,स्वास्थ्य सुरक्षा यंत्र सहित अनेक क्षेत्रों में केवल आयात करते थे। लेकिन आज हम निर्यात कर रहे हैं क्योंकि आज अपने लोगों पर भरोसा है उसे अवसर दिया कोरोना काल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। हमारा देश एक नहीं दो दो वैक्सीन बनाया, चंद्रयान का सफल लैंडिंग हुए जहां विकसित देश भी नहीं पहुंच पाए। यह मोदी के सबका साथ,सबका विकास ,सबका विश्वास और प्रयास मूल मंत्र का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के लोग झारखंड की बात करते हैं पर उन्हें झारखंड बेचने के जुर्म में सजा भी मिली। कांग्रेस ने सत्तर वर्ष तक राज किया परंतु गांव के लोग को झांकते भी नहीं थे। बिजली केवल शहरों के लिए केवल सिमित कर दिया। लोग लालटेन ,ढिबरी के उपयोग करते थे पर मोदी के राज्य में ढिबरी गायब अब हर घर बिजली हैं।मोबाइल, एसी फ्रीज कूलर सभी उपभोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश का कोई ऐसा मुख्यमंत्री जो अपने नाम से खदान लिया, परिवार के नाम उद्योग के लिए जमीन लिया। परीक्षा पूरी हो नहीं रही। पेपर लिक हो रहा। इकनॉलेजमेंट नहीं रहे ताकि सच्चाई पता लग जाएगी। विपक्ष भाजपा को इसाई मुसलमान को विरोधी बताते हैं परंतु उन्हें यह नहीं पता मोदी और भाजपा सबके विकास के लिए योजना बनाती है। लाभ भी मिल रहा है। आज नार्थ ईस्ट में अल्पसंख्यक भाई बहनों की संख्या है। वहां भाजपा की सरकार है। लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि समीर उरांव हमारे छोटे भाई हैं, जिस प्रकार से हमें आपलोगों ने तीन तीन बार आशीर्वाद दिया है और मोदी के हाथ को मजबूत किया। उसी प्रकार से इसबार भी दोगुनी ऊर्जा के साथ सगठन को मजबूत करते हुए एक बड़ी अंतर से विजय दिलाएंगे, जिसमें हमारे लक्ष्य पूरे होंगे। हमारा लक्ष्य मोदी के विकास से कार्यों को दोगुनी गति से आगे बढ़ाने की होनी चाहिए। लोहरदगा प्रत्याशी समीर उराव ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो गरीब लोगों की समस्याओं कोसुनती है और सुनकर उनका समाधान निकालने का काम भी करती है। उसकी पीड़ा को समझी है। नरेंद्र मोदीजी की ही सरकार है, जिन्होंने गरीब को कोरोना में बचाया , वैक्सीन दी, अनाज दिया ताकि भूखे न मरे और अनाज देकर मजबूत करने का काम किसी ने किया है तो नरेंद्र मोदी की सरकार ने किया है। ये लोकतंत्र का महापर्व है, इसमें हमें पुनः मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**गुमला।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रविवार को सिसई के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 20 एवं 21, राजकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई चेगरी स्थित मतदान केंद्र संख्या 22 एवं 23, बिशुनपुर के सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 एवं बिशुनपुर के राजकीय मध्य विद्यालय कटिया स्थित मतदान केंद्र संख्या 108 का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के समय काफी गर्मी रहने वाली है। इसे देखते हुए मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पेयजल, शौचालय, रनिंग वाटर, बिजली, शेड जैसी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। साथ ही सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ एवं दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए वॉलंटियर नियुक्त किये गए हैं। उन्होंने कहा कि नैतिक मतदान को बढ़ावा देने के लिए बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप भी बनाया गया है। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिसई के राजकीयकृत मध्य विद्यालय लावागंई, चेगरी स्थित मतदान केंद्र के बूथ लेवल अवेयरनेस ग्रुप से जुड़ी सुनीता देवी से भी मिले। वे जानना चाहते थे कि क्या सुनीता लोगों को नैतिक मतदान के विषय में क्या जानकारी दे रहीं हैं। सामुदायिक भवन बोरांग स्थित मतदान केंद्र संख्या 109 के निरीक्षण के दौरान बोरांग ग्राम प्रधान दिलेशर उरांव ने बताया कि पहले यहां के लोग बानालात स्थित मतदान केंद्र जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करते थे जिस वजह से बूढ़े-बुजुर्ग लोग अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित रह जाते थे। इस बार अपने गांव में मतदान केंद्र बन जाने से हम सब अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर पाएंगे। मतदान केंद्र 108 के निरीक्षण के दौरान 87 वर्षीय दिव्यांग भूखली देवी की जानकारी प्राप्त हुई जिनके मतदान हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने होम वोटिंग कराने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के समय के बारे में मतदान केंद्र संख्या 22 की बीएलओ ओकिला देवी से पूछा। उन्होंने बताया कि इस बार सुबह सात बजे से शाम के 5 बजे तक मतदान रहेगा। पहले तीन बजे ही खत्म हो जाता था। हमलोग पांच बजे तक इस बार मतदान करवाएंगे और जो 5 बजे तक लाइन में खड़े हो जाएंगे उनका भी हमें मतदान कराना है। इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्रों की मतदाता सूची से क्रमवार मतदाताओं के विषय में बीएलओ से जानकारी मांगी। सभी बीएलओ ने आपने क्षेत्र के मतदाताओं की समुचित जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दी।

### चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा का ग्रामीणों ने किया भारी विरोध

**सरायकेला।** पश्चिमी सिंहभूम संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा को रविवार को ग्रामीणों का भारी विरोध झेलना पड़ा। नौबत हाथापाई की आन पड़ी। सूचना मिलते ही प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। रविवार को गम्हरिया मंडल के मोहनपुर क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा का दौरा प्रस्तावित था। तय समय के अनुसार गीता कोड़ा भाजपाइयों के साथ मोहनपुर पहुंची। हालांकि इससे पूर्व उन्होंने मंडल के अन्य गांव का दौरा किया और अपने लिए मतदान करने की अपील की। जैसे ही भाजपाइयों का काफिला मोहनपुर पहुंचा कि ग्रामीण उग्र हो उठे और गीता कोड़ा का रास्ता रोक दिया। इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हरवे हथियारों से लैस थे और लगातार गीता कोड़ा के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। इसमें ग्रामीण बुजुर्ग, युवा- महिला पुरुष सभी शामिल थे। सभी भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए। सूचना मिलते ही गम्हरिया थानेदार बीडीओ सीओ सहित तमाम प्रशासनिक पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और किसी तरह समझा बुझाकर ग्रामीणों के चंगुल से उन्हें मुक्त कराया। ग्रामीणों का कहना है कि बगैर ग्राम सभा से परमिशन लिए चुनाव प्रचार में भाजपाई कैसे पहुंच गए यह उनकी परंपरा के खिलाफ है। उल्लेखनीय है कि गीता कोड़ा इससे पहले कांग्रेस में थी। भाजपा में जाते ही आदिवासी बहुल गांव में उनका विरोध शुरू हो गया है।

### विकास के नाम पर भाजपा ने लोगों को सिर्फ ठगा : कालीचरण मुंडा

**खूंटी।** खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने रविवार को खूंटी विधानसभा क्षेत्र के कर्रा प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया। कालीचरण मुंडा ने कर्रा प्रखंड के लोधमा, सावड़ा ,घुनसुली, कुदलुम, कुलहुटू आदि गांवों में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और महागठबंधन के पक्ष में वोट करने की अपील की। मुंडा ने सावड़ा ग्राम के ग्रामीणों के साथ डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र में विकास का पहिया थम गया है। क्षेत्र में विकास के नाम पर भाजपा ने सिर्फ ठगा है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अग्निवीर योजना सरकार की विफलता है। उन्होंने भाजपा सांसद का पांच साल के कार्यकाल निराशाजनक बताया और कहा कि अब जनता को समझ जाना चाहिए कि कौन व्यक्ति उनके साथ हर कदम पर खड़ा है।

# इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा की विस्तारित बैठक संपन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा की विस्तारित बैठक मेदिनीनगर स्थित राजमहल मैरिज हॉल में हुई। बैठक की अध्यक्षता राजद प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने मंच का संचालन किया जबकि राजद पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने किया । मौके पर गौतम सागर राणा पलामू लोकसभा चुनाव प्रभारी सहित संजय कुमार सिंह यादव राजद प्रदेश अध्यक्ष सीपीआईएमएल के प्रतिनिधि रामराज पासवान धीरेंद्र कुमार सिंह अधिवक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज सिंह गढ़वा जिला अध्यक्ष ममता भुईयां इंडिया गठबंधन पलामू लोकसभा कैलाश यादव मीडिया प्रभारी राजद झारखंड रामदेव प्रसाद यादव प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ झारखंड विश्वनाथ राम प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम प्रदेश महासचिव राजेश रोशन प्रदेश महासचिव रंजन कुमार सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष युवा रजत झारखंड एस एम शाहनवाज प्रदेश महासचिव ईश्वरी महतो केदार यादव जिला अध्यक्ष युवा राजद पलामू सैयद समी अहमद रामनाथ चंद्रवंशी अरुण कुमार चंद्रवंशी विजय राम पूर्व प्रत्याशी छतरपुर विधानसभा फैजल हक राशिद प्रदेश महासचिव कैलाश यादव प्रदेश महासचिव, जियाउद्दीन अंसारी भास्कर शर्मा उपस्थित थे। बैठक का प्रारंभ बाबा तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंचाएंगे, सविधान बचाओ नारे के साथ हुई। बैठक में प्रखंड जिला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं ने अपने-अपने विचार रखें । सीपीआईएमएल के प्रतिनिधि रामराज पासवान ने ममता भुईयां को विजय दिलाने का संकल्प लिया। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार ममता भुईयां ने गठबंधन के सहयोगी घटक दलों के उपस्थित जनों से चुनाव में विजय दिलाने हेतु अपील की। बैठक में सर्व समिति से निम्नलिखित फैसले लिए गए जिनमें 21 अप्रैल को रांची स्थित तारा मैदान में इंडिया गठबंधन द्वारा आहूत रैली भाग लेने का निर्णय किया गया, 24 अप्रैल को इंडिया गठबंधन उम्मीदवार ममता भुईयां द्वारा नामांकन दाखिल किया जाएगा। रामदेव प्रसाद यादव वरिष्ठ अधिवक्ता की अध्यक्षता में पर्चा एवं ड्राफ्ट निर्माण समिति का गठन किया गया ।। राजद झारखंड के वरिष्ठ नेता रामनाथ चंद्रवंशी को इंडिया गठबंधन पलामू का समन्वयक मनोनीत किया गया। श्याम दास सिंह यादव को बूथ निर्माण निगरानी समिति पलामू एवं राजद गढ़वा जिला के वरिष्ठतम नेता जमरूद्दीन अंसारी को संयोजक मनोनीत किया गया। परवेज शाहिद वरिष्ठ अधिवक्ता गढ़वा जिला को इंडिया गठबंधन गढ़वा जिला का समन्वयक मनोनीत किया।

# ईसाई से वापस सरना धर्म में लौटे आदिवासी परिवार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। दुमका



दिसोममांझी थान में साप्ताहिक पूजा का आयोजन रविवार को किया गया। इसके बाद मूल धर्म से भटके हुए लोगों को पुनः पूराने धर्म में परिवर्तित किया गया। चार साल पूर्व सोपान टुडू जो वर्द्धमान जिला के जमोडिया थाना अंतर्गत माधोपुर गांव के स्थानीय निवासी है। वह अपने परिवार के साथ अपने मूल धर्म सरना धर्म को छोड़कर प्रलोभन में ईसाई धर्म में धर्मांतरण हो गये थे। लेकिन जब वे अपने मूल धर्म, संस्कृति, परंपरा के बारे में जानने और समझने लगे तो उन्हें लगा कि अपने रास्ता से भटक कर अपना अस्तित्व खो दिए है। इसीलिए सपरिवार ईसाई धर्म छोड़कर पुनः अपने मूल सरना धर्म में वापस लौटे। दिसोम नायकी बाबा सीताराम सोरेन ने विधि-विधान व मंत्रोच्चारण करा स्नान कराने के बाद जाहेर थान और मांझी थान में विधि-विधान के साथ मूल धर्म में वापस कराया। मौके पर मुख्य सलाहकार चुंडा सोरेन सिपाही, सुरेशचंद्र सोरेन, बिनीलाल टुडू, ठेकलाल मरांडी, प्रेम हांसदा, कमिश्नर मुर्मू, सुनील टुडू, ईमेल मरांडी, रविन्द्र सोरेन, मोहन टुडू, पिंकी किस्कू, सीमा सोरेन, अंजनी बेसरा, मुनी सोरेन, सोना मरांडी, मनोदी सोरेन आदि मौजूद थे।

# अस्ताचलगामी सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

लोक आस्था का चार दिवसीय चैती महापर्व छठ का रविवार को तीसरा दिन है। चैती माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को पहला अर्घ्य दिया गया। व्रतियों ने अस्ताचलगामी सूर्य को विभिन्न नदी, तालाब और अन्य जलश्रोतों पर अर्घ्य दिया। संध्या अर्घ्य के बाद सोमवार को उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जायेगा। इस दिन सूर्योदय 05 बजकर 28 मिनट पर होगा। इसके बाद व्रतियों के पारण के साथ चार दिवसीय महापर्व छठ का समापन होगा। अस्ताचलगामी यानी डूबते सूर्य की उपासना केवल छठ पूजा में ही होती है। ऐसा माना जाता है कि इस समय सूर्य अपनी दूसरी पत्नी प्रत्यूषा के साथ रहते हैं। इसीलिए प्रत्यूषा को अर्घ्य दिया जाता है। शाम के समय सूर्य की आराधना से जीवन में संपन्नता आती है। अस्त होते सूर्य को अर्घ्य देने से हर तरह की परेशानी दूर होती है।

# हमें बाबा साहब का सदैव स्मरण करना चाहिएः विष्णु दयाल राम

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने समरसता दिवस के रूप मे मनाया। मेदिनीनगर के अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयन्ती को समरसता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर पार्टी ने विभिन्न बूथ स्तर पर कार्यक्रम किए। मेदिनीनगर के वार्ड 24 स्थित अम्बेडकर पार्क पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर डॉ.भीमराव कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि बाबा साहब न केवल हमारे देश में, बल्कि पूरे विश्व प्रसिद्ध हैं। उनके किए गए कार्यों की समूचे संसार में प्रशंसा होती है। केंद्र सरकार ने अंतोदय के माध्यम से उस वर्ग को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसकी लड़ाई बाबा साहब लड़ते थे। डॉ अंबेडकर ने न सिर्फ दलितों के लिए संघर्ष किया, बल्कि संपूर्ण समाज को संविधान के माध्यम से बराबर का अधिकार दिया। उनकी बदौलत ही हमारा संविधान विश्व में सर्वश्रेष्ठ है। हमें बाबा साहब का सदैव स्मरण करना चाहिए। भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि श्रद्धेय डा.भीमराव अंबेडकर ने समाज के वंचित वर्ग को शिक्षित व सशक्त करने का काम किया और हमें न्याय व समता पर आधारित एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया, जिसने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडे, अविनाश वर्मा, विभाकार नारायण पांडे, उदय शुक्ला, प्रफुल्ल सिंह ,दुर्गा जौहरी, ज्योति पांडे, जितेंद्र तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, सोमेश सिंह, रीना किशोर, छोटू सिन्हा, अनिल सोनी, कुमार गौरव, प्रदीप पासवान, अनिमेष सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निर्देश के आलोक में मेदिनीनगर के एमकेडीएवी एवं गिरिवर+2 उच्च विद्यालय में मतदानकर्मियों का द्वितीय चरण के दूसरे दिन का चुनाव प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया।एक सौ मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण के पहले दो दिनों में डीएवी में 4228 पीठासीन पदाधिकारी एवं गिरिवर स्कूल में 2200 द्वितीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।डीएवी में प्रशिक्षण का अनुसमर्थन जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी व अमरेन्द्र पाठक तथा गिरिवर स्कूल में रामानुज प्रसाद व अशोक सिंह तथा प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम ने किया।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर अमरेन्द्र नारायण, कमलेश दूबे,आलोक तिवारी,देवेन्द्र मिंज, दिलीप कुमार पाठक, श्यामलाल उरांव, मनोज कुमार द्विवेदी,नसीम अहमद, विनोद दीक्षित, सुमंत तिवारी, संजय सिंह, सतीश सिन्हा, नीरज पाण्डेय, नन्दकिशोर कुमार,अर्पण गुप्ता, मृत्युंजय कुमार व सरोज कुमार आजाद सहित एक सौ प्रशिक्षकों के द्वारा मतदानकर्मियों को उनके कार्य-दायित्व व ईवीएम संचालन के साथ मतदान प्रक्रिया की सांगोपांग जानकारी दी गयी। इस मौके पर सदर एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, डीएसई रणधीर कुजूर सदर सीओ अमरदीप सिंह मेलहोत्रा व परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र राम के द्वारा अनुश्रवण किया गया।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म की घटना का झालसा कार्यपालक अध्यक्ष ने लिया संज्ञान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची



जतरा मेला देखने गयी एक नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना का झारखंड हाई कोर्ट सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने संज्ञान लिया है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आदेश दिया कि तत्काल दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिवार की सहायता करें। इस आदेश के आलोक में न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची दिवाकर पांडे ने पीड़िता को हर संभव मदद पहुंचाने का निर्देश दिया है। डालसा सचिव राकेश रंजन ने एक टीम गठित की और खुद भी टीम के साथ बजरा स्थित पीड़िता के घर पहुंचे। वहां उसकी मां से मिलकर विधिक सहायता के बारे में बताया और हरसंभव मदद की बात कही। साथ ही मुआवजा की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। वहां से निकलकर टीम सीधे रातु थाना पहुंची और डीएसपी से मिलकर केस से संबंधित जानकारी जल्द कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा। फिर सिरमटोली स्थित प्रेमाश्रय पहुंचकर पीड़िता का हाल जाना। टीम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राकेश रंजन, पी.एल.वी. पुष्पलता देवी और संगीता देवी थी।

पीड़िता से मिलने के बाद डालसा सचिव ने झारखंड पीड़ित मुआवजा अधिनियम के मुआवजा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही पीड़िता के सपोर्ट के लिए पी.एल.वी. संगीता देवी को रखा है, जो कोर्ट की प्रक्रिया में उसकी सहायता करेंगी। प्रो बोनो अधिवक्ता के रूप में ममता श्रीवास्तव को रखा गया है, जो कोर्ट में सहायता करेंगी। डालसा की ओर से पीड़िता को चिकित्सीय सुविधा भी दी जाएगी।

# भाजपा का घोषणा पत्र बनाम संकल्प पत्र

भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इसे संकल्प पत्र का नाम दिया गया है। इस घोषणा पत्र में तीसरी बार सत्ता में वापसी होने पर भारत में न्याय संहिता लागू की जाएगी। वन नेशन और वन इलेक्शन पर काम किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र के बारे में अपने संकल्पों को दोहराया। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किसानों,युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए घोषणा पत्र में जो कहा है, उसके बारे में विस्तार से समझाया। मछुआरों के लिए बीमा की सुविधा, आदिवासियों के लिए मोटे अनाज को सुपरफुड के तौर पर दुनिया भर में पहचान बनाने, उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न बनाने, एसटी-एससी वर्ग के लिए विशेष कार्यक्रम, एकलव्य स्कूल खोलने, रामायण उत्सव मनाने,अयोध्या का विकास और भ्रष्टाचार खत्म करने जैसे कई संकल्पों की घोषणा की। ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट को समाप्त करने और 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का बिना किसी भेदभाव के इलाज करने के संकल्प को दोहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार गरीब, गांव और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए विशेष कार्यक्रम चलाएगी।भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में जिन विषयों को संकल्प रूप में दर्शाया गया है। वह कब और किस रूप में पूरे होंगे। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। 2024 में 2047 का खाका जरूर खींचा गया है। 2014 से भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है।

## साहित्य/लोक साहित्य



### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता



राधा कहती हैं कि हे सखी नन्द के लाला रास्ते में हमें छेड़ता है, पनिघट पर जल भरने कैसे चलूँ वहाँ तो नन्द के लाला होगा। कंकड़ मार कर मेरी गागर फोड़ देता है, मेरी बाँह मरोर देता है, चुनरी खींचता है, मेरा रूप निहारता है, मुझे नजर मारता है। हे सखी मेरी जवानी तो जंजाल हो गई है पर हे सखी दिल की सच्ची बात बता रही हूँ यह नन्दलाल मुझे बहुत अच्छा लगता है। इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचना :-------

डगर में छेड़त हैं नन्दलाल।
कैसे चलूँ सखी पनियाँ भरन को,
पनिघट पै नन्दलाल ।
डगर में छेड़त हैं.......
कंकड़ि मारि गगरिया फोरत,
बाट छेंकत नन्दलाल।
डगर में छेड़त हैं.......
बैयाँ मरोरि चुनर मोरि खींचत,
बड़ी नटखट नन्दलाल।
डगर में छेड़त हैं.......
निरखत रूप नजर मोहे मारत,
यौवन भए जंजाल।
डगर में छेड़त हैं.......
साँचे कहूँ सखी दिल की बतिया,
भावत हैं नन्दलाल।
डगर में छेड़त हैं.......

# देश के संपूर्ण विकास के लिए गौमांस खिलाने की नफरती मानसिकता से निजात मिले

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

गुजरात के वडोदरा से सामने आई खबर समोसे में बीफ (गाय का मांस) भरकर बेचा जा रहा था से लेकर देश के अलग-अलग राज्यों से गैर मुसलमानों को गौमांस खिलाने की कई घटनाएं पिछले दिनों घटती हुई पाई गई हैं किसी को भ्रम में रखकर और सही जानकारी न देते हुए धोखे से गाय का मांस खिलाया जाना निश्चित ही क्रूरता के अंतर्गत आएगा।प्रति वर्ष इस प्रकार की अनेकों घटनाएं आपको होती दिखती हैं। इन सभी घटनाओं में जो समानता है वह है इस्लाम को माननेवाले लोग ही इस प्रकार के कृत्य को करते हुए पाए जाते हैं, जबकि वह यह अच्छे से जानते हैं कि गाय को मां के रूप में हिन्दुओं समेत अन्य गैर मुस्लिम पंथों में मान्यता है। हिन्दुओं के धर्म ग्रंथों में अनेक उदाहरण हैं जो यह कहते हैं कि गाय का रक्षण हर हाल में होना चाहिए – यः पौरुषेयेण करविषा समङ्कते यो अश्वेयेन पशुयातुधानः। यो अघ्न्याया भरति कषीरमग्ने तेषांशीर्षाणि हरसापि वर्श्च॥- (ऋग वेद, मंडल 10, सूक्त 87, ऋचा 16) इसका अर्थ हुआ कि जो मनुष्य नर, अश्व अथवा किसी अन्य पशु का मांस सेवन कर उसको अपने शरीर का भाग बनाता है, गौ की हत्या कर अन्य जनों को दूध आदि से वंचित रखता है, हे अग्निस्वरूप राजा, अगर वह दुष्ट व्यक्ति किसी और प्रकार से न सुने तो आप उसका मस्तिष्क शरीर से विदारित करने के लिए संकोच मत कीजिए। देखा जाए तो हिन्दू धर्म में अश्व, नर, गाय, श्वान, सर्प, सुअर, शेर, गज और पवित्र पक्षी (हंसादि) का मांस खाना वर्जित किया गया है। हालांकि कुछ संहिताओं में जैसा कि सुश्रुत संहिता में मिलता है, आयुर्वेदज्ञ सुश्रुत कहते हैं कि बहुत आवश्यक होने पर ही रोगोपचार में शरीर की पुष्टि हेतु कभी-कभी मांसाहार करना जरूरी होता है। सुश्रुत संहिता कहती है कि मांस, लहसुन और प्याज औषधीय है। औषधि किसी बीमारी के इलाज के लिए होती है आपके जिव्हा के स्वाद के लिए या इसका नियमित सेवन करने के लिए नहीं होती है। अर्थात, यदि मांस भक्षण भी करना पड़े तो वह जीभ के स्वाद के लिए नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए है, वह भी जब आयुर्वेदाचार्य, चिकित्सक बताएं तभी किया जाए, अन्यथा नहीं। उपनिषदों में बताया गया है कि जैसा अन्न होगा, वैसा ही मन बनता है – अन्नमयं ही सोम्य मनः। (छान्दोग्योपनिषद, 6। 5। 4) अर्थात् अन्न का असर मन पर पड़ता है। अन्न के सूक्ष्म सारभाग से मन (अन्तःकरण) बनता है। दूसरे नम्बर के भाग से वीर्य, तीसरे नम्बर के भाग से रक्त आदि और चौथे नम्बर के स्थूल भाग से मल बनता है, जोकि बाहर निकल जाता है। अतः मनको शुद्ध बनाने के लिये भोजन शुद्ध, पवित्र होना चाहिये। भोजन की शुद्धि से मन (अन्तःकरण) की शुद्धि होती है- आहार शुद्धौ सत्त्व शुद्धिः (छान्दोग्योपनिषद 2। 26। 2)। जहाँ भोजन करते हैं, वहाँ का स्थान, वायुमण्डल, दृश्य तथा जिस पर बैठकर भोजन करते हैं, वह आसन भी शुद्ध, पवित्र होना चाहिये। कारण कि भोजन करते समय प्राण जब अन्न ग्रहण करते हैं, तब वे शरीर के सभी रोमकूपों से आसपास के परमाणुओं को भी खींचते, ग्रहण करते हैं। अतः वहाँ का स्थान, वायुमण्डल आदि जैसे होंगे, प्राण वैसे ही परमाणु खींचेंगे और उन्हीं के अनुसार मन बनेगा। इसके साथ ही हिन्दू धर्म में श्रीमद्भगवत् गीता अन्न को तीन श्रेणियों में विभाजित करते हुए उसके सेवन के बारे में ज्ञान देती है। "आहारस्त्वपि सर्वस्य त्रिविधो भवति प्रिय''(17/7)। यह तीन श्रेणियां हैं, सत्व, रज और तम। गीता के अनुसार अन्न से ही मन और विचार बनते हैं। जो मनुष्य सात्विक भोजन ग्रहण करता है उसकी सोच भी सात्विक होगी। अतः सात्विकता के लिए सात्विक भोजन, राजसिकता के लिए राजसिक भोजन और तामसी कार्यों के लिए तामसी भोजन होता है। गीता कहती है कि यदि कोई सात्विक व्यक्ति तामसी भोजन करने लगेगा तो उसके विचार और कर्म भी तामसी हो जाएंगे।श्रीमद्भगवद्गीता में योगिराज श्रीकृष्ण स्पष्ट करते हैं कि आहार शुद्ध होने पर ही अंतःकरण शुद्ध होता है और शुद्ध अंतःकरण में ही ईश्वर में स्मृति सुदृढ़ होती है तथा स्मृति सुदृढ़ होने से हृदय की अविद्या जनित गांठे खुल जाती हैं। स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए संतुलित आहार की आवश्यकता को भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन के माध्यम से सारगर्भित रूप व्याख्यायित करते हैं। भगवद्गीता के छठे अध्याय के 17 वें श्लोक में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं- ''युक्ताहारविहारस्य युक्ताचेष्टस्य कर्मसु। युक्तस्वप्नावबोधस्य योगो भवति दुःखहा।'' अर्थात जिसका आहार और विहार संतुलित हो , जिसका आचरण अच्छा हो, जिसका शयन, जागरण व ध्यान नियम नियमित हो, उसके जीवन के सभी दुःख स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं। वस्तुतः ये है हिन्दुओं का आहार के प्रति उनका विश्वास, जिसका कि अधिकांश हिन्दू सदियों से परंपरागत रूप से पालन करते आ रहे हैं और दूसरी तरफ इस्लाम को माननेवाले वे कई लोग हैं जोकि अपनी नफरत को साकार रूप देने के लिए हिन्दू समेत गैर मुसलमानों के साथ वह व्यवहार कर रहे हैं, जोकि क्रूरता की श्रेणी मे आता है। क्योंकि ये मुसलमान उन तमाम हिन्दुओं एवं अन्य को वह सब धोखे से खिला रहे हैं, जिसे भौज्य पदार्थ के रूप में खाना भी वह पाप (अनुचित) समझते और मानते हैं । इस संदर्भ में एक निर्णय वर्ष 2021 में इलाहाबाद हाईकोर्ट का आया था, इसके बारे में भी आज विचार करना जरूरी है। न्यायालय ने वैदिक, पौराणिक, सांस्कृतिक महत्व और सामाजिक उपयोगिता को देखते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। कोर्ट ने अपने दिए इस निर्णय में कहा, 'भारत में गाय को माता मानते हैं। यह हिंदुओं की आस्था का विषय है। आस्था पर चोट करने से देश कमजोर होता है। जीभ के स्वाद के लिए जीवन छीनने का अधिकार नहीं है। गौ मांस खाना किसी का मौलिक अधिकार नहीं है।' न्यायालय ने यहां तक कहा, 'बूढ़ी बीमार गाय भी कृषि के लिए उपयोगी है, इसकी हत्या की इजाजत देना ठीक नहीं। गाय भारतीय कृषि की रीढ़ है। पूरे विश्व में भारत ही एक मात्र ऐसा देश है, जहां सभी संप्रदायों के लोग रहते हैं, सबकी पूजा पद्धति भले ही अलग हो, लेकिन सोच सभी की एक है। सब एक दूसरे के धर्म का आदर करते हैं। कोर्ट ने कहा गाय को मारने वाले को छोड़ा तो वह फिर अपराध करेगा।' यहां जावेद की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने बताया भी कि भारत के 29 में से 24 राज्यों में गोवध प्रतिबंधित है। एक गाय जीवन काल में 410 से 440 लोगों का भोजन जुटाती है और गोमांस से केवल 80 लोगों का पेट भरता है। गोवध को रोकने के लिए इतिहास में किए गए प्रयासों के बारे में बताते हुए कोर्ट ने कहा कि महाराजा रणजीत सिंह ने गो हत्या पर मृत्यु दण्ड देने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं इतिहास में कई मुस्लिम और हिंदू राजाओं ने गोवध पर रोक लगाई थी। गाय का मल-मूत्र असाध्य रोगों में लाभकारी है। गाय की चर्बी को लेकर मंगल पाण्डेय ने क्रांति की। संविधान में भी गो संरक्षण पर बल दिया गया है। इसके साथ ही न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने गाय की विशेषताओं को लेकर बहुत कुछ यहां बताया था। वस्तुतः यहां विषय भावनाओं के सम्मान एवं श्रद्धा का है। जब मुसलमानों को पता है कि हिन्दू एवं कई गैर मुसलमान गौ मांस भक्षण को निषेध मानते हैं तब फिर क्यों उनकी आस्था को बार-बार चोट पहुंचाने का प्रयास किन्हीं भी इस्लामवादियों के द्वारा किया जा रहा है । सोचनेवाली बात यह है कि इस नकारात्मक सोच के जरिए वे क्या पा जाएंगे। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर एक भारतीय से यह अपील कर रहे हैं कि सभी मिलकर एक साथ 140 करोड़ भारतीय भारत के संपूर्ण विकास के लिए कार्य करें। निश्चित ही कहना होगा कि इस तरह की आपसी विद्वेष की भावना रखते हुए भारत को विश्व की सर्वशक्ति बनाया जाना संभव नहीं। जब उसके अपने ही नागरिक एक-दूसरे से इस तरह की नफरत रखकर आपसी व्यवहार कर रहे हैं? काश, यदि इस प्रकार की नफरत भरी सोच रखनेवाले भारत के जितने भी लोग हैं, वे अपनी इस नकारात्मक सोच को समाप्त कर दें तो कितना अच्छा हो! यदि ऐसा हो जाए तो भारत को विश्व शक्ति बनने में बहुत वक्त नहीं लगनेवाला । इसलिए कहना यही होगा कि नफरत कहीं भी किसी भी रूप में हो, हर भारतीय परस्पर उसे त्यागे। जब हम कहते हैं कि ''मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना' तो हम इस कहे को हकीकत में अपने आचरण में उतारें, तभी भारत में वास्तविक शांति की स्थापना होगी और यही शांति संपूर्ण भारत को नफरती मानसिकता से निजात दिलाने और विकास में सर्वश्रेष्ठ बनाने का कारण बनेगी।

# देश क्या चाहे ?

**गिरीश्वर मिश्र**



अंग्रेज़ी उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहाँ की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएँ भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था । स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है।इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी । इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है । इस दृष्टि से लोक सभा का ताज़ा चुनाव एक ख़ास अवसर है। चुनाव के लिए प्रचार का काम ज़ोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए क़िस्म-क़िस्म की तरकीबें आज़माई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके । जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में ज़मीनी स्तर पर प्रचार करने की क़वायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया ख़ास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंतःकरण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबाँट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियाँ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालाँकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और ग़लतियों की फ़ेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और ग़ैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे- डिजीटलीकरण, संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। 'मोदी की गारंटी' असरदार हो रही है। सामाजिक और राजनीतिक समीकरण साधने की उनकी कोशिश भी रंग ला रही है। अब सभी दलों ने प्रत्याशियों के चयन के साथ टिकटों का एलान कर अपनी रीति नीति को ज़ाहिर किया है । पार्टी हाई कमान राज-काज में भागीदारी के लिए योग्यता या अनुभव की जगह अपने विश्वासपात्रों को तलाश रहा है जो "लायल" बना रहे। जनता को अपने विश्वास में लेने के लिए "न्याय" और " गारंटी" पर खूब ज़ोर दिया जा रहा है । युवा, स्त्री, मज़दूर, किसान, गरीब आदि के लिए ख़ैरात बाँटने की घोषणा की भरमार हो रही है। वादों के ज़रिए जन-कल्याण का नुस्ख़ा पेश करते हुए बहुत से प्रस्ताव आ रहे हैं । इनमें आरक्षण की सीमा बढ़ाने, नौकरी के अवसर देने, क़र्ज़ देने और माफ़ करने, विभिन्न वर्गों के लिए अनुग्रह राशि देने और जातिगत जनगणना करा कर सबको संतुष्ट करने की कोशिश जारी है। परिवार-प्रथम की युक्ति संकुचित और विकलांग राजनीतिक सोच को ही बता रही है। जातिवाद और तुष्टीकरण की खुली नीति से उसे पुष्ट भी किया जा रहा है । भ्रष्टाचार में संलिप्तता के मामले अनेक नेताओं के गले की फाँस हो रहे हैं। दलों की साख घट रही है। आइ एन डी आई ए जैसा मोर्चा संकल्पहीन नाटक हो रहा है। भारत के सबसे पुराने दल कांग्रेस अस्तित्व के लिए बुरी तरह संघर्षरत है। उसके लिए गहरे आत्म-मंथन की ज़रूरत है।

आज जाति, क्षेत्र और धर्म जैसे समाज-विभाजक आधारों का आसरा लेकर प्रलोभनों की झड़ी लग रही है। सुरा, सुविधा, बाहु बल और धन-बल से वोट की सौदेबाज़ी खुल कर सामने आ रही है । नेतागण अक़्सर सत्ता सँभालने और उसका सुख भोगने में लग जाते हैं । आम जन और उनके नेताओं के बीच दूरी बढ़ती जा रही है । महँगाई, बेरोज़गारी और सरकारी काम-काज की धीमी गति, क़ानूनी उलझनों और उबाने वाली नौकरशाही पूरी व्यवस्था को प्रश्नांकित करती दिखती है। आम जन उद्धार पाने के लिए बेचैन है । नारे और वायदों से उकता चुकी जनता को ज़मीनी हक़ीक़त में बदलाव की आगामी चुनाव की कसौटी रहेगी। जनता के जन-घोषणा पत्र में किसी एक ख़ास की संतुष्टि नहीं बल्कि सबका कल्याण ही सबसे पहले है। शिक्षा, स्वास्थ्य, क़ानून की संस्थाओं और उनकी कार्यविधि का पुनर्जीवन, भ्रष्टाचार से मुक्ति, और सदाचार का पोषण हुए बिना आत्मनिर्भर भारत का निर्माण सम्भव नहीं है। वंचितों की मौलिक सामर्थ्य को बढ़ाना न कि उनको परोपजीवी बनाए रखना, पारदर्शिता के साथ सुशासन की व्यवस्था ले आना , लचर और हास्यास्पद रूप से तकनीकी होती जा रही न्याय-प्रणाली को सुधारना अहं है। इसी तरह शिक्षा का महत्व समझ कर उसकी गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाना अपरिहार्य होगा । तभी युवा भारत को सार्थक जीवन का अवसर मिल सकेगा। फ़ौरी प्रलोभन दे कर वोट बटोरने की क़ुप्रथा से कुछ न होगा। भारत एक ऐसे सशक्त भारत का स्वप्न देख रहा है जिसमें ऐसी पारदर्शी व्यवस्था हो जो लोक-कल्याण से प्रतिबद्ध हो और सबकी सहभागिता हो।




**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-6-8

**वृष :** व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-4-5-6

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-5

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़नेके अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

**कन्या :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है। शुभांक-5-6-9

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-5-7-8

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-4-6-7

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। शुभांक-3-5-7

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

# भूतो न भविष्यति, जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

**राकेश अचल**

भारत की सियासत में अनेक नेता अजेय माने जाते है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ऐसे ही नेताओं में से एक थे ,लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटल जी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था । माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में माधवराव सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए गवालियर सीट सेअटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ ग्वालेऔर सीट से मैदान में खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था। मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी। माधवराव सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। अटल बिहारी वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूगा।अटल जी ने ये प्रस्ताव भावुकता में किया था ,उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसलना आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था। भाजपा 1984 के लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश में थी। जिसके लिए पहले कोटा और बाद में ग्वालियर सीट पर विचार किया गया,अंत में ग्वालियर सीट से उनका नाम फाइनल किया था क्योंकि ये सीट राजमाता के प्रभाव वाली सीट थी। मजे की बात ये है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्वालियर से चुनाव लड़ने से पहले माधवराव सिंधिया से पूछा था कि आप ग्वालियर से तो चुनाव नहीं लड़ेंगे ? दोनों के रिश्ते बहुत मधुर थे। माधवराव सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे तो गुना से चुनाव लड़ते हैं। ग्वालियर से क्यों लड़ेंगे ?। लेकिन ऐन मौके पर जब राजीव गांधी ने माधवराव सिंधिया की सीट बदल दी तो खुद माधवराव सिंधिया अवाक रह गए। 1984 -85 में अटल बिहारी वाजपेयी वैसे तो माधवराव सिंधिया की उम्मीदवारी सामने आते ही आधा चुनाव हार गए थे ,लेकिन उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। पांव में तकलीफ के बाद भी वे प्लास्टर बांधकर चुनाव प्रचार करते rh। भाजपा के कुछ स्थानीय कार्यकर्ताओं ने अटल जी कि ऊँट पल पर हुई सभा में बम रखे होने की अफवाह उड़ाई और एक नारियल छिपकर रख दिया लेकिन हवा को नहीं बदलना था ,सो नहीं बदली। अटल जी मन मारकर गलीई-गली चुनाव प्रचार करते रह। खुद राजमाता ने सार्वजनिक रूप से अटल जी का प्रचार किया लेकिन उनका दिल आपने बेटे की जीत के लिए धड़क रहा थ। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी राजमाता के मन की बात सुनी और अटल जी का साथ छोड़ दिया। अटल जी को चुनाव है=रना था सो चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों की अंतिम घोषणा से पहले ही अटल जी ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में एक खीज भरी मुस्कराहट बिखेरते हुए कहा कि - ग्वालियर से चुनाव लड़कर मैंने मां -बेटे की लड़ाई को महल तक सीमित रहने दिया। उसे सड़क पर नहीं आने दिया। मुझे अच्छी तरह से याद है कि अटल जी ने कहा था कि- अगर मैं इस सीट से चुनाव नहीं लड़ता तो माधवराव सिंधिया के खिलाफ राजमाता चुनाव लड़ जाती और मैं यही नहीं चाहता था।



'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह** – बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में 24 घंटे के अंदर 57 अपराधी गिरफ्तार, नियमों की अवहेलना पर 62 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई

**पटना।** पटना पुलिस का शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में पिछले 24 घंटे के अंदर हत्या, लूट समेत कई मामलों में फरार चल रहे 57 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। साथ ही लोकसभा चुनाव को लेकर गाड़ियों की चेकिंग भी की जा रही है। ये कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के आदेश पर की गी है। अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ 3 बाइक, 130 लीटर विदेशी शराब, 709 लीटर देशी शराब और 6 मोबाइल भी बरामद किया गया है। वहीं, ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अवहेलना पर 62 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। 1.10 लाख रुपए का चालान काटा गया है। 6 गाड़ियों को जब्त किया गया है।




### छत्तीसगढ़ पुलिस ठग को रिमांड पर लेकर पहुंची पटना, अलग-अलग जगहों पर चल रही है छापेमारी

**पटना।** छतीसगढ़ पुलिस एक ठग को रिमांड पर लेकर पटना पहुंची है। अलग-अलग जगहों पर कोतवाली पुलिस के सहयोग से छापेमारी की जा रही है। आरोप है कि ठग देश भर में घूम-घूमकर इलेक्ट्रॉनिक गैजट्स, घड़ी, कैमरा, मोबाइल समेत अन्य सामानों की चोरी करता था। गुवाहाटी से उसकी गिरफ्तारी हुई थी। सामना भी बरामद हुआ था। अन्य सामानों की रिकवरी के लिए पुलिस पटना पहुंची है। ठगी का सामान कहां-कहां रखा गया है या बेचा गया है। इसकी तलाश की जा रही है। ठग बिहार का रहने वाला है। नाम और पता फिलहाल गोपनीय रखा गया है। ठग पर छतीसगढ़ के कई थानों में भी मामला दर्ज है। छापेमारी टीम में सरगुजा जिला अंतर्गत कोतवाली थाने के इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। इसकी पुष्टि पटना कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है।



### 19 अप्रैल तक 40 डिग्री से नीचे रहेगा पारा, मई के पहले हफ्ते से सताएगी लू

**पटना।** पटना समेत पूरे बिहार में अगले दो दिन तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। पटना समेत बिहार के दक्षिणी भाग में 14 से 19 अप्रैल तक दोपहर या उसके बाद बादल छाएंगे। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी युक्त हवा आ रही है। दक्षिण बिहार का औसत अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री के बीच, जबकि उत्तर बिहार का 34 से 36 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रहा। 19 अप्रैल तक दक्षिण बिहार के अधिकतर जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे रहने की संभावना है। शनिवार को सबसे गर्म जिला शेखपुरा और औरंगाबाद रहा। यहां का अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गया 38.2 डिग्री, जमुई 38 डिग्री, पटना 37.5 डिग्री, बेगूसराय 37.6 डिग्री। इसके अलावा अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे रहा। अप्रैल के अंतिम या मई के पहले सप्ताह में लू चलेगी। हर साल अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद हीटवेव यानी लू चलने लगती थी। इस साल देरी की वजह बार-बार पश्चिमी विक्षोभ का आना है। अबतक चार बार 3, 5, 10 और 12 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे चुका है। अभी एक बार और आने की संभावना है। बार-बार पश्चिमी विक्षोभ के आने से अधिकतम तापमान भी नहीं बढ़ रहा है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी आती रहती है। इससे बादल बनते हैं। जब पश्चिमी विक्षोभ आता है तब आकाश बादलों से छा जाता है। कहीं-कहीं बारिश होने लगती है। यही सिस्टम इस साल हो रहा है।



### चार गोली मारकर 15 लाख कैश और बाइक लूटी, मुजफ्फरपुर में कलेक्शन का पैसा लेकर जा रहा था

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक सेल्समैन को चार गोलियां मारकर लूटपाट की गई है। पीड़ित से 15 लाख कैश और बाइक की लूट हुई है। दो बाइक से आए चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सेल्स मैन कलेक्शन कर पूसा लौट रहे थे। अपराधी उनका पीछा कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पीछे से धक्का मार दिया। जैसे ही वो गिरे उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। फिर चार गोलियां मार कर बाइक और कलेक्शन के 15 लाख रुपए लूट लिए। घटना सकरा थाना क्षेत्र के मुरौल अस्पताल रोड की है। घायल को SKMCH में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। सकरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कलेक्शन एजेंट समस्तीपुर जिले के चकमेशी थाना क्षेत्र गिराई गांव के नागेंद्र ठाकुर के बेटे राजेश ठाकुर (33) हैं। राजेश ठाकुर मुजफ्फरपुर जिले में खाद से जुड़ा काम करते हैं। राजेश ठाकुर ने बताया कि सकरा थाना क्षेत्र में मार्केट से कलेक्शन का पैसा लेकर बाइक से पूसा जा रहे थे। इसी दौरान दो बाइक सवार चार बदमाशों ने ओवरटेक किया। उसके बाद धक्का मार कर गिरा दिया। गाड़ी की डिक्की में पैसे थे। विरोधी करने पर गोली चला दी। गाड़ी और रुपए लेकर चले गए। SKMCH ओपी प्रभारी ललन पासवान ने बताया की लूट के दौरान गोली मारी गई। इलाज SKMCH चल रहा है। मार्केट से पैसा लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान दो बाइक पर चार बदमाशों ने गोली मारकर पैसा और बाइक लूट लिया।



### पटना-सहरसा से नई दिल्ली के लिए वन-वे ट्रेन चलेगी, मानसी-खगड़िया-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर भी जाएगी

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर पटना और सहरसा से नई दिल्ली के लिए एक वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही। इसकी जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जन संपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने दी है। यह स्पेशल ट्रेन सहरसा से खुलकर मानसी, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर रूकते हुए अगले दिन सात बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04035 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित वन-वे स्पेशल 14 अप्रैल को 21.30 बजे पटना जं. से खुलकर 21.50 बजे दानापुर, 22.25 बजे आरा, 23.25 बजे बक्सर एवं अगले दिन 02.10 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन रुकते हुए 15.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 कोच लगेंगे । गाड़ी संख्या 04039 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित वन-वे स्पेशल 04039 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल दिनांक 15 अप्रैल को सहरसा से नई दिल्ली के लिए चलाई जाएगी। यह स्पेशल ट्रेन सहरसा से 07.00 बजे खुलकर मानसी, खगड़िया, बेगुसराय, बरौनी, दलसिंहसराय, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सोनपुर रूकते हुए अगले दिन 07.00 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी । इस स्पेशल ट्रेन में साधारण श्रेणी के 20 कोच लगेंगे।



# पटना में दुकान में लगी आग, पास के स्कूल का कांच टूटा

## लोग बोले-संडे नहीं होता तो बड़ा हादसा हो जाता

### आसपास के इलाके को कराया गया खाली

**एजेंसी, पटना।**

पटना के फुलवारी शरीफ स्थित बिस्कुट फैक्ट्री के नजदीक एक कबाड़ दुकान में आग लग गई है। फायर ब्रिगेड की लगभग एक दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने के कारण पटना-खगौल मुख्य मार्ग पूरी तरह से जाम हो गया। कबाड़ी दुकान के ठीक बगल में दिल्ली रिपब्लिक स्कूल है। आग की तपिश इतनी थी कि स्कूल की कई कमरे में लगे के शीशे टूट गए। इसके अलावा वहां मौजूद आस-पास के मकान को भी नुकसान होने की खबर है। घटना के समय एहतियात के तौर पर आसपास के कई घरों को खाली कराया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि संडे रहने के कारण आज स्कूल बंद था। अगर स्कूल खुला रहता तो इससे काफी बड़ा नुकसान हो सकता था। फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए पटना के एम्स, सचिवालय, दानापुर, लोदीपुर सहित कई अग्नि स्टेशन से 14 गाड़ियों को लगाया गया था।



**देखते-देखते आग ने विकराल रूप लिया:** स्थानीय लोगों ने बताया कि रविवार की दोपहर कबाड़ दुकान के एक कोने से अचानक तेजी से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी जबरदस्त है कि दूर से ही धुएं का गुबार दिखाई दे रहा है। आग लगने की सूचना आसपास के लोगों ने फुलवारी शरीफ थाने को दी। फुलवारी शरीफ थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पटना के एम्स, सचिवालय, दानापुर सहित कई अग्नि दस्ते के कार्यालय में फोन करके मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया।

**अधिकारी बोले- बड़ा हादसा होने से बचा:** फायर ब्रिगेड की गाड़ी काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। आग से नुकसान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि कबाड़ के मालिक की ओर से लिखित आवेदन के बाद ही इसके नुकसान का आंकड़ा सामने आएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जान का नुकसान नहीं हुई है। कबाड़ी दुकान में जो भी एक दो लोग थे। आग लगने की सूचना के बाद वह बाहर निकल आए। जिससे कोई भी बड़ा हादसा होने से फिलहाल बच गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आसपास के घर के लोगों को सतर्क कर दिया गया था। लोग अपने-अपने घरों के सिलेंडर को सुरक्षित जगह हटाने में सफल हो गए।

# 70 हजार नहीं देने पर दलित महिला से मारपीट

**एजेंसी, हाजीपुर।**

वैशाली के महनार थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुदेवपुर चंदेल गांव में बदमाशों ने दलित महिला और उसके परिजनों को बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना रविवार की है। जब पीड़िता अपने घर पर चैत छठ महापर्व को लेकर प्रसाद बना रही थी, तभी गांव के ही कुछ बदमाश महिला के घर पर पहुंचे और 70 हज़ार रुपए की रंगदारी मांग करने लगा। जब रूपया देने से इंकार किया तो बदमाश गाली-गलौज करने लगे। जब महिला ने विरोध की तो उसके पुत्र पर बदमाश चाकू से हमला करने का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है की महिला और उसके पति घर में बन्द कर दी।




### पीड़िता बोली- 10 हजार रुपए लिया था कर्ज, लौटाने के बाद भी मांग रहा था पैसे

**पैसे नहीं देने पर किया हमला:** घायल महिला की पहचान महनार थाना क्षेत्र स्थित बासुदेवपुर चंदेल पंचायत वार्ड संख्या 04 निवासी जगदेव दास की पत्नि रंजू देवी और उसके पुत्र बधू मधु दास है। आरोपी उसी गांव निवासी प्रफुल्ल कुमार सिंह के पूत्र जयशंकर कुमार सिंह है। जिससे रंजू देवी ने 10 हजार रुपए कर्ज पर ली थी। जिसके बदले महिला से आरोपी ने सुध ब्याज समेत 90 हज़ार रुपए ले लिया था। लेकिन और 70 हज़ार रुपए की मांग कर रहा था। मारपीट का विडियो भी सामने आया है। जिसमें चाकू लेकर बदमाश महिला और उसके परिजनों को गाली गलौज कर धमकाता हुआ दिख रहा है।मारपीट में घायल हुए दोनों सास पुतोह को जंदाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी संबंधित थाने की पुलिस अधिकारी को दी गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, गाड़ी में बैठे 3 लड़के भाग निकले

**एजेंसी, पटना।**

पटना में तेज रफ्तार कार का कहर दिखा। यह घटना आज सुबह में सचिवालय थाना क्षेत्र के हार्डिंग रोड पूल के नीचे हुई। हज भवन की तरफ से आ रही तेज रफ्तार होंडा सियाज कार ने रोड क्रॉस कर रही स्विफ्ट कार और बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्विफ्ट कार और बाइक छतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने कार ड्राइवर को पकड़ लिया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने के बाद कार ड्राइवर को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर सचिवालय और यातायात थाना की पुलिस पहुंची और छतिग्रस्त कार और बाइक को किया जब्त कर कार ड्राइवर को हिरासत में लिया। साथ ही घायल बाइक सवार को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।



### ड्राइवर को लोगों ने पकड़ा, एक घायल

**चालक को लोगों ने पकड़ा:** घायल बाइक सवार नीतीश कुमार झा ने बताया कि वो अपने एक दोस्त के साथ बाइक से दानापुर से पोस्टल पार्क जा रहे थे। जैसे ही हम हज भवन के पास ओवर फ्लाई के नीचे पहुंचे। तभी होंडा सियाज कार तेज रफ्तार में आई और रोड क्रॉस कर रहे स्विफ्ट कार में टक्कर मार दी। कार में ड्राइवर के साथ 3 तीन लोग और थे। घटना के बाद तीनों लड़के कार से उतर कर फरार हो गए। लेकिन चालक पकड़ा गया। कार की रफ्तार काफी तेज थी। कार में धक्का मार कर, सियाज कार ने मेरी बाइक में टक्कर मार दी। मेरा मेरे दोस्त विवेक को काफी चोट आई है। जिसे पुलिस इलाज के लिए अस्पताल ले गई है।

# राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

## ड्यूटी के दौरान जान की बाजी लगाने वाले अग्निशामकों को दी गई श्रद्धांजलि

**एजेंसी, पटना।**

अग्निशमन विभाग में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जान की बाजी लगाने वाले बहादुर अग्निशामको की याद में पटना में राष्ट्रीय अग्नि सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले इस कार्यक्रम के प्रथम दिन 14 अप्रैल 1944 को मुंबई पोर्ट में आग में अपनी जान गवाने वाले बहादुर अग्निशामकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि इसका उद्देश्य जनता के बीच अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि लोगों को आग से बचाव, आपातकालीन तैयारी, अग्निशमन तकनीकी के बारे में लोगों को शिक्षित करने के लिए देशभर के विभिन्न गतिविधियां आयोजित किया जाना है। अग्नि अभ्यास, प्रशिक्षण सत्र, जागरूकता अभियान और अग्नि सुरक्षा से संबंधित विषयों पर प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।



उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अग्नि शमन सेवा सप्ताह 2024 का मुख्य विषय अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें"इस थीम का उद्देश्य अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, कार्यस्थलों में आग की रोकथाम को बढ़ावा देना, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की कार्यक्षमता सुनिश्चित करना, व्यक्तियों को प्रभावी ढंग से आग का प्रबंधन करने के लिए सशक्त बनाना और आग की रोकथाम, नियंत्रण, बचाव और पुनर्वास के लिए रणनीतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिसे आग के जोखिम से देश की संपत्ति को बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि जब भी कहीं अग्निकांड घटित होती है (वो आग छोटी हो या बड़ी) तो हमारे देश के इकनॉमी एवं ग्रोथ पर बहुत ज्यादा प्रभाव डालती है। कर्मियों को संबोधित करते हुए सब ऑफिसर अग्निशमन के विजय कुमार ने कहा कि जब भी कही आग लगती है तब आग बुझाने में खर्च, चिकित्सा खर्च, उत्पादकता का नुकसान, पर्यावरणीय नुकसान आदि अन्य प्रकार के नुकसान होती ही है। जो हमारे देश पर सीधा प्रभाव डालती है। एक अनुमान के अनुसार एक अग्नि दुर्घटना में डेढ़ से दो लाख का आर्थिक नुकसान होती है, तो पूरे देश मे अगर एक दिन में 50 दुर्घटना हो तो कितना नुकसान है।

# सहनी बोले-75 की उम्र में मोदी को पीएम बनना है

## जब उन्हें हरे रामा, हरे कृष्णा करना चाहिए, तब उन्हें देश चलाना है

**एजेंसी, पटना।**

विकासशील इंसान पार्टी (VIP) के प्रमुख मुकेश सहनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि 75 साल की उम्र में मोदी जी को हरे रामा, हरे कृष्णा करना चाहिए, लेकिन वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का मौका मांग रहे हैं। मुकेश सहनी ये बातें शनिवार को जमुई में अर्चना रविदास के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी अग्नि वीर योजना लेकर आए। जिसमें हमारे युवा भाई की बहाली होगी। बॉर्डर पर जाकर सीने में गोली खाएंगे। अग्निवीर योजना में है कि 18 साल की उम्र में अप्लाई कीजिए और बाद 22 की उम्र में रिटायर हो जाइए। सिर्फ 4 साल में आपका रिटायरमेंट हो जाएगा। रिटायरमेंट के बाद न ही पेंशन मिलेगा और अगर सेना में रहते शहीद हो गए तो न ही शाहिद का दर्जा मिलेगा, लेकिन 75 साल की उम्र में मोदी जी कह रहे हैं कि उन्हें एक बार फिर से मौका मिलना चाहिए। हमे फिर से प्रधानमंत्री बनाओ। 75 साल की उम्र में जिन्हें हरे रामा..हरे कृष्णा करना चाहिए, लेकिन उन्हें देश चलाना है। इसलिए हमें अभी सरकार बदलने की जरूरत है। बीजेपी के प्रवक्ता अरविंद सिंह ने सहनी पर पलटवार करते हुए कहा कि खंजर खाने के बाद पैरोल पर जिनको नौकरी मिलती है, वह इसी तरीके के भाषा का प्रयोग करते हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन जो लोग इधर से उधर भटकते रहते हैं, वे जाति और धार्मिक अनुवाद फैलाने वाले के शरण में जाकर बैठ जाते हैं। वह प्रधानमंत्री पर कटाक्ष करते हैं। दुर्भाग्य है इनका कि वे अभी भी नहीं सुधर रहे हैं।



**5 लाख से अधिक लोगों को दी नौकरी:** सहनी ने शनिवार को जमुई, गया और मुंगेर के अलग-अलग क्षेत्रों में जनसभा की। इस दौरान उन्होंने आरजडी प्रत्याशी के लिए वोट देने की अपील की। सहनी ने कहा कि बिहार में 17 महीने महागठबंधन की सरकार रही 5 लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी गई। यह सिर्फ लालू प्रसाद की विचारधारा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम हारने वाले नहीं संघर्ष करने वाले हैं। उन्होंने वीआईपी के कार्यकर्ताओं को गांव और टोलों तक जाकर आरजेडी के प्रत्याशियों के लिए वोट दिलाने की अपील की। बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की आज रविवार को भी गया में दो जनसभा, नवादा, जमुई और बांका में एक-एक जनसभा में भाग लेंगे।

# पटना में ऑटो लिफ्टर गैंग ने उड़ाए 50 हजार

**एजेंसी, पटना।**

पटना में ऑटो लिफ्टर गैंग ने एक युवक को शिकार बनाया है। नालंदा के इस्लामपुर के रहने वाले वीरेंद्र केवट ने बताया कि 50 हजार रुपए लेकर अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। जंक्शन गोलंबर के पास एक लड़के ने पूछा कि कहां जाना है। उसे मना करके वो आगे बढ़ गए। दूसरे ऑटो में जाकर बैठ गए। कुछ दूरी जाने के बाद जिस लड़के ने पूछा था कि कहां जाना है, वो भी उसी ऑटो में आकर आगे की सीट पर बैठ गया। बीच रास्ते में चालक ने आगे के पहिया में हवा कम होने की बात कहकर उस शख्स को पीछे की सीट पर भेज दिया। चितकोहरा पुल से लगभग 100-200 मीटर पहले ही चालक कहने लगा कि गैस लिक कर गया। आग लग जाएगी। इतना कहते ही सब लोग जल्दी-जल्दी गाड़ी से उतरने लगे। इस बीच मेरा जेब कट गया था, जिसमें 50 हजार रुपए था। मैं चिल्लाने लगा तब तक ऑटो लेकर सभी फरार हो गए।

### गाड़ी में आग लगने की बात कहकर उतारा

**सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस:** पीड़ित कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल पर वीरेंद्र केवट को लेकर पहुंची। सीसीटीवी फुटेज के जरिए ऑटो चालक की पहचान की जा रही है। वीरेंद्र केवट पटना में ही रहकर फुटपाथ पर घड़ी बेचते हैं।

# मैथिली ठाकुर ने की आम जनता से मतदान करने की अपील

## बोलीं- खादी पहनकर मनाएं लोकतंत्र का त्योहार

**एजेंसी, पटना।**

बिहार खादी और हैंडीक्राफ्ट की ब्रांड एंबेसडर मैथिली ठाकुर शनिवार देर शाम पटना स्थित खादी मॉल पहुंची। निर्वाचन आयोग ने उन्हें बिहार में वोटरों को जागरूक करने का दायित्व सौंपा है। प्रथम चरण में जिन चार लोकसभा क्षेत्रों में वोटिंग होनी है, वहां आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेने के बाद खादी मॉल पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने पूरे मॉल का भ्रमण किया। साथ ही नए-नए परिधान और अन्य वस्तुओं को बारीकी से देखा। मैथिली ठाकुर ने लोगों से मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की और कहा जो भी वोट देने योग्य हैं उसको अपने भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए। साथ ही दूसरों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। वोट से ही हम अपना आने वाला कल सुधार सकते हैं। मैथिली ठाकुर ने आगे कहा कि हर त्येहार पर अपना पहनावा होता है। लोकतंत्र के महा त्योहार का पहनावा खादी ही हो सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने आजादी के दौरान चरखा को हथियार बनाया था। लोकतंत्र में हर मतदाता महत्वपूर्ण होता है। हर वोट अनमोल है, इसलिए वोट देने जरूर जाएं। खादी पहनकर वोट करें तो सोने पर सुहागा जैसा होगा। वहीं, बिहार राज्य खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी दिलीप कुमार ने कहा कि देश के नागरिक जितने ज्यादा जागरूक होंगे, देश उतना मजबूत होगा।

### नाला निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

# निजी जमीन पर नाले का पानी गिराने से लोग परेशान, कहा- फसलें बर्बाद हो रही

**एजेंसी, मुजफ्फरपुर।**

मुजफ्फरपुर शहर को जलजमाव से बचाने के लिए बुडको नाला निर्माण कर रहा है। जिसका रोहुआ पंचायत के ग्रामीणों ने रविवार को विरोध किया। निजी जमीन में नाले का गंदा पानी गिरने और खुले नाला का विरोध ग्रामीण काफी दिनों से कर रहे हैं पर बुडको संज्ञान नहीं ले रहा। ग्रामीण अब नाला निर्माण का विरोध कर रहे है। विरोध-प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने अपनी आपत्ति जताते हुए इस योजना का विरोध किया है। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने रविवार को पंचायत के मुखिया अभय कुमार के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं का भी विरोध किया।



**प्रधानमंत्री, डीएम और SDM को पूर्व में आवेदन दिया:** ग्रामीणों का कहना है कि बुडको हमलोगों को बार-बार प्रताड़ित कर रहा है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री, डीएम और SDM को पूर्व में आवेदन दिए थे। हमलोग ने सारे कागजात अधिकारी को उपलब्ध भी कराए, लेकिन इस बात की मंजूरी को उन्होंने लिखित रूप से देने से इनकार कर दिया। हमलोगों की मांग है कि गहरा नाला होने के कारण उसे ढका जाए। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। नाला निर्माण के साथ ही राहुआ पंचायत के कुछ निजी जमीन में पानी बहाया जा रहा है, जिससे फसल भी बर्बाद हो रही है। उसे रोका जाए। जिसको लेकर हम लोग विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आरबीएस मेट्रो स्टेशन पर मिला पहला ब्रेकथ्रू

**आगरा , एजेंसी।** आगरा मेट्रो ट्रेन के पहले कॉरिडोर की आरबीएस कॉलेज भूमिगत स्टेशन के लिए एक ओर की सुरंग की खुदाई पूरी हो गई है। दूसरी ओर की सुरंग की खुदाई चल रही है। आगरा कॉलेज से मनःकामेश्वर मंदिर स्टेशन तक की सुरंग के लिए एक टीबीएम लॉन्च कर दी है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन के उप महाप्रबंधक पंचानन मिश्रा ने बताया कि आरबीएस मेट्रो स्टेशन के लिए पहला ब्रेकथ्रू मिला है। अभी तीन टीबीएम से सुरंग की खुदाई चल रही है। पहली दो टीबीएम आरबीएस रैंप एरिया में स्थित लांचिंग शॉफ्ट से अप एंड डाउन लाइन में लॉन्च की है। दोनों टीबीएम आरबीएस रैंप एरिया से आगरा कॉलेज मेट्रो स्टेशन तक निर्माण करेंगी। दरअसल, पहला कॉरिडोर ताज पूर्वी से सिकंदरा तक है। इसमें ताज पूर्वी से मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन चल रही है। एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा कॉलेज, राजा की मंडी और आरबीएस भूमिगत हैं और बाकी के आईएसबीटी, गुरु का ताल और सिकंदरा एलिवेटेड स्टेशन हैं।

### मुंबई से हीरे लेकर फरार आरोपी सात साल बाद गोरखपुर से पकड़ा गया

**गोरखपुर, एजेंसी।** मुंबई से हीरे लेकर फरार वांछित आरोपी सात साल बाद राजघाट थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। राजघाट पुलिस, साइबर थाना और सर्विलांस टीम की मदद से मुंबई की क्राइम ब्रांच पुलिस ने गीता प्रेस स्थित एक दुकान से आरोपी भोला प्रसाद (60) को गिरफ्तार किया और विमान से शुक्रवार को मुंबई लेकर चली गई। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2017 में हीरा व्यापारी को धोखा देने के आरोप में मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स थाने में भोला प्रसाद पर धोखाड़ी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। भोला प्रसाद ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स क्षेत्र के ही एक हीरा व्यापारी से 26.91 लाख रुपये के हीरे लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी भोला प्रसाद वर्ष 2003 से ही मुंबई में रह रहा है। यहां पर वह एक किराये की दुकान लेकर उसमें हीरे का ही छोटा मोटा व्यापार करता था। इसलिए हीरा व्यापारियों को उसपर विश्वास था और उसे 26.91 लाख के हीरे उधार में मिल गए। जिसके बाद भोला प्रसाद की नियत खराब हुई और वह फरार होकर गोरखपुर बस गया। पुलिस ने बताया कि मुंबई से भागने के बाद भोला प्रसाद राजघाट के घंटाघर इलाके में किराये के घर में रह रहा था। यहां उसके साथ पत्नी और एक बेटा मनीष रहता है। कोरोना काल में इसके एक बेटे की मौत हो गई थी। रेतीचौक पर स्थित महालक्ष्मी टेक्सटाइल्स ट्रेडर्स दुकान पर वह गोरखपुर आने के बाद से ही काम कर रहा था। जबकिउसका बेटा मनीष भी एक दुकान पर हेल्पर का काम करता है। पुलिस ने भोला प्रसाद को शुक्रवार को दुकान से ही गिरफ्तार किया है। बीकेसी पुलिस ने इस केस में कई साल पहले ही फाइनल रिपोर्ट (एफआर) लगा दिया था। वादी द्वारा कोर्ट से दोबारा जांच का आदेश कराया गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की तो भोला प्रसाद की लोकेशन गोरखपुर मिली। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गोरखपुर पुलिस से मदद मांगी।

### 15 मुकदमों का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में दर्ज 15 मुकदमों का आरोपी राजेंद्र नगर करन गेट के पास मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार रात शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने बदमाश फैसल उर्फ मेंटल के पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार किया है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी शालीमार गार्डन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस टीम राजेंद्र नगर सेक्टर 3 में चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक पर आ रहे 2 संदिग्धों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिसकर्मियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग कर दी। पुलिस की गोली बाइक सवार फैसल उर्फ मेंटल निवासी शहीद नगर के पैर में लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दिल्ली से चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद किया। एसीपी ने बताया कि फैसल पर दिल्ली और गाजियाबाद के अलग-अलग थानों में लूट समेत अन्य धारा में करीब 15 मुकदमे दर्ज हैं।

# अखिलेश के खिलाफ खुलकर उतरे स्वामी प्रसाद

## कुशीनगर में खुद ताल ठोंकी, नगीना में आजाद के साथ



**लखनऊ , एजेंसी।** पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के खिलाफ खुलकर उतर गए हैं। नगीना में उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बजाय आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चंद्रशेखर को जिताने की अपील की है। जबकि, कुशीनगर से खुद पहले ही ताल ठोंक चुके हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य के नजदीकी सूत्र बताते हैं कि सीटों पर बात न बनने पर यह स्थिति पैदा हुई है।

फरवरी में राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन में पीडीए की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने बगावती तेवर अपना लिए। उन्होंने सपा और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। अपनी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी भी बना ली। साथ ही इंडिया गठबंधन को मजबूत करने का एलान भी किया।

इसके बाद कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने स्वामी प्रसाद से लखनऊ में उनके घर जाकर मुलाकात की तो स्वामी प्रसाद के इंडिया गठबंधन में आने की चर्चाएं तेज हो गईं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, इसी बीच स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव से संपर्क करके कुशीनगर समेत तीन सीटें मांगी। अखिलेश के भी तेवर नरम हुए और उन्होंने मीडिया से बातचीत में यहां तक कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य सपा छोड़कर कब गए। उनका इस्तीफा कभी उनके सामने नहीं आया। हो सकता है कि सपा की कोई कमेटी उस मामले को देख रही है।

बताते हैं कि बातचीत का यह सिलसिला शुरू होने में कांग्रेस नेताओं की अहम भूमिका रही। उन्होंने सपा नेतृत्व को समझाने का प्रयास किया कि स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर में मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, एक प्रस्ताव यह भी आया कि एक अन्य सीट के स्थान पर कुशीनगर सीट इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को दे दी जाए। कांग्रेस स्वामी प्रसाद मौर्य को अपने चुनाव चिह्न पर लड़ाने पर सहमत भी हो गई थी। लेकिन, सपा नेतृत्व इनमें से किसी भी प्रस्ताव पर तैयार नहीं हुआ।

सपा ने शुक्रवार को कुशीनगर में अपना प्रत्याशी भी उतार दिया। इस पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने जहां खुद कुशीनगर से चुनाव लड़ने का अपना फैसला बरकरार रखा है, वहीं नगीना सीट पर भी सपा प्रत्याशी के बजाय चंद्रशेखर को समर्थन देकर अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं।

### तीन सीटों की सूची दी, एक भी नहीं छोड़ी -स्वामी प्रसाद मौर्य

मैंने सपा अध्यक्ष से बात करके दो-तीन सीटें मांगी थीं, लेकिन इन्हीं में से एक कुशीनगर सीट भी मेरे लिए नहीं दी गई। सही बात तो यह है कि कुशीनगर में सपा के फैसले से भाजपा को वॉकओवर मिल गया है। मैं इंडिया गठबंधन के खिलाफ अभी भी नहीं हूं, जहां गैर भाजपा के दूसरे प्रत्याशी मजबूत हैं, वहां उन्हें समर्थन दे रहा हूं। अगर बसपा का प्रत्याशी मजबूत है, तो उसे भी समर्थन दिया जाएगा।

## किशनपुर-बराल में हाईवे पर घायल पड़ा मिला तेंदुआ, रेस्क्यू करने में जुटी वन विभाग की टीम

**बागपत , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बड़ौत में किशनपुर बराल गांव में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एक तेंदुआ घायल हालत में पड़ा मिला। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। उधर घायल तेंदुए को देखने के लिए काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जिन्हें हटाने के लिए रमाला पुलिस को मौके पर बुलाया गया। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुएं को पकड़ने में जुटी है। बताया जा रहा है कि किशनपुर बिराल गांव में रविवार की तड़के एक तेंदुआ हाईवे को पार कर रहा था। इसी दौरान एक कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे तेंदुआ घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद कार चालक से भाग निकला। इस दौरान खेत में जा रहे किसानों को हाईवे पर तेंदुआ पड़ा मिला तो क्षेत्र में दहशत फैल गई। इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई।

सूचना पर वन क्षेत्र अधिकारी सुनेद्र सिंह, वनरक्षक संजय कुमार, वन रक्षक मोहित, वन कर्मियों में विकास व मनोज सहित अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए को रेस्क्यू करने में जुट गए, लेकिन सूचना मिलने पर काफी संख्या में ग्रामीण वहां पर तेंदुए को देखने पहुंच गए। बार-बार समझाने के बाद भी जब ग्रामीण नहीं माने तो, इसकी सूचना का रमाला पुलिस को दी गई। इसके बाद रमाला पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को वहां से हटवाया। फिलहाल वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में जुटी हुई है।

## योगी ने अर्पित की पुष्पांजलि, बोले- लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए समर्पित रहा आंबेडकर का पूरा जीवन



**लखनऊ , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंबेडकर जयंती के अवसर पर लखनऊ के हजरतगंज स्थित संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सर्वसमावेशी भारत की श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उत्कृष्ट लोकतांत्रिक मूल्यों से दीप्त व अंत्योदय को समर्पित रहा उनका पूरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मेयर सुषमा खर्कवाल और यूपी सरकार के मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे।

### सपा नेता ने दौड़ाई कार, चार लोगों को मारी टक्कर

**आगरा , एजेंसी ।** आगरा के वजीरपुरा रोड पर शनिवार की दोपहर एक सपा नेता की कार बेकाबू हो गई । कार ने चार लोगों को घायल कर दिया । लोगों ने कार चालक को घेर लिया । पुलिस उसे बचाकर थाने ले गई। थाने में सपा नेता ने सभी का इलाज करने का वादा कर समझौता कर लिया। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश स्तरीय नेता शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे अपनी कार से पालीवाल पार्क से वजीरपुरा रोड की ओर जा रहे थे । लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई । पहले छोटेलाल नामक राहगीर को चपेट में लिया । वह कई मीटर तक घिसट गया । इसके बाद आइसक्रीम की ठेल वाले को टक्कर मारती हुई, जीवनी मंडी के पीयूष अग्रवाल व उनकी बच्ची को टक्कर मारती हुई आगे निकल गई । इसके बाद सोनिया की स्कूटी में भी टक्कर मार दी । इससे सड़क पर भगदड़ मच गई । लोगों ने कार वाले घेर लिया । हादसे में पीयूष, उनकी बेटी समेत तीन लोगों को चोटें आईं । सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक सपा नेता को हिरासत में ले लिया । प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि हादसे के मामले में समझौता हो गया । कार चालक ने पुलिस को बताया कि कार चलाते वक्त रक्तचाप बढ़ने से तबीयत बिगड़ गई थी ।

# रायबरेली लोकसभाः प्रत्याशी तय नहीं लेकिन जीत का खाका बुनने की तैयारियां शुरू



**रायबरेली, एजेंसी।** राजनीति के गढ़ रायबरेली में कुछ तो बदल रहा है। मौन कांग्रेस के बोल फूट रहे हैं। शांत कार्यकर्ता भी सक्रिय हैं। भुएमऊ गेस्ट हाउस की भी रंगाई हो रही है। मतलब...साफ है। गांधी परिवार से ही कोई आने वाला है।

रणनीतिकारों के मुताबिक लोकसभा चुनाव का वार रूम भुएमऊ गेस्ट हाउस ही होगा। यहीं से रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज की चुनावी गतिविधियां संचालित होंगी। मुख्य आईटी सेल भी मोर्चा संभालेगा। एक तरह से भुएमऊ गेस्ट हाउस प्रदेश में कांग्रेस का चुनावी हेडक्वार्टर बनने के लिए तैयार हो रहा है।


रायबरेली लोकसभा सीट से अभी कांग्रेस ने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, लेकिन प्रियंका गांधी के मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यही कारण है कि इन दिनों गांधी परिवार के भुएमऊ गेस्ट हाउस में हलचल बढ़ गई है। वहां सफाई हो रही है। आसपास के मार्गों को भी सही कराया जा रहा है। यह गेस्ट हाउस न केवल गांधी परिवार का रायबरेली में घर है, बल्कि रणनीति का केंद्र भी है। सोनिया गांधी लोकसभा चुनाव मैदान में जब भी उतरीं तो भुएमऊ गेस्ट हाउस को चकाचक किया गया। अब फिर से वहां रंगत दिख रही है।

**सोशल मीडिया एक्सपर्ट का लिया जाएगा साथः** भुएमऊ गेस्ट हाउस को कांग्रेस के रणनीतिकार मीडिया वॉर रूम बनाने की तैयारी में हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों पर भी नजर रहेगी।

कांग्रेस की नीतियों का समर्थन करने और कांग्रेस के लिए पोस्ट अपलोड करने वालों को भी जोड़ा जाएगा। दिल्ली, राजस्थान व गुजरात के आईटी एक्सपर्ट भी जल्द ही रायबरेली में कांग्रेस के वॉर रूम में होंगे।

**तेलंगाना सोशल मीडिया मॉडल पर होगा कामः** कांग्रेस ने अभी हाल ही में तेलंगाना में सरकार बनाकर सभी को चौंका दिया। इसमें कांग्रेस का आईटी और मीडिया प्रबंधन अहम रहा है। तेलंगाना में युवा मतदाताओं पर फोकस किया गया था। प्रियंका गांधी ही स्टार प्रचारक रही थीं। ऐसे में जब रायबरेली में प्रियंका का नाम चल रहा है तो मीडिया सेल और आईटी वार रूम में तेलंगाना का सोशल मीडिया मॉडल भी नजर आएगा।

## अयोध्याः यात्री ना मिलने से रामनगरी से चार शहरों की उड़ानें हुई ठप, जयपुर, पटना सहित बड़े शहर शामिल




**अयोध्या , एजेंसी।** महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से बीते एक माह में चार शहरों की सीधी विमान सेवाएं ठप हो गई हैं। इनमें कुछ ऐसी भी फ्लाइट हैं, जो शुरू होने के बाद एक सप्ताह भी सही से नहीं चलीं।

ऐसे में अब कनेक्टिंग फ्लाइट के सहारे यात्रियों को हवाई सफर करना पड़ रहा है। इसके चलते किराये पर भी असर देखने को मिल रहा है। इन विमान सेवाओं के ठप होने की वजह यात्रियों की कमी बताई जा रही है।

नौ फरवरी को रामनगरी से स्पाइसजेट ने जयपुर, दरभंगा और पटना समेत छह शहरों की सीधी विमान सेवाएं शुरू की थीं। 30 दिसंबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद एक ही माह में एक साथ कई शहरों की फ्लाइट शुरू होने से रामनगरी की एयर कनेक्टिविटी खासा बेहतर हो गई थी। धीरे-धीरे यात्रियों की कमी ने एयरलाइन कंपनी को विमान सेवाएं ठप करने पर मजबूर कर दिया।

यही हाल देहरादून की फ्लाइट का भी हुआ। छह मार्च को देहरादून एयरपोर्ट से सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए एलायंस एयर का विमान रवाना किया था। ये फ्लाइट सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को अयोध्या आनी थी, लेकिन शुरुआती एक सप्ताह के बाद ये विमान सेवा ठप हो गई।

## क्षय रोग अस्पताल में टीबी की दवा खत्म, सात हजार मरीजों पर संकट, बाहर से लिखी जा रहीं महंगी दवाएं

**प्रयागराज, एजेंसी।** क्षय रोगियों की जान कई दिनों से मुश्किल में है। वजह है जिले के अस्पतालों में टीबी की दवाओं का खत्म हो जाना। खरीद न हो पाने से पिछले 12 दिन से टीबी की दवा मरीजों को नहीं मिल पा रही है। अस्पतालों में बाहर से लिखी जाने वाली दवाएं क्षय रोगियों की जेब पर भारी पड़ रही है। मोहम्मदपुर सराय अली मऊआइमा की प्रीति मौर्या पिछले तीन दिन से दवा के लिए क्षय रोग अस्पताल का चक्कर काट रही हैं। शुक्रवार को उन्होंने अस्पताल के एसआईसी डॉ.शैलेश द्विवेदी को दिखाया था।

एक्सरे, ब्लड और बलगम की जांच लिखी गई। प्रीति बताती हैं कि तब चिकित्सक ने उनको 21 सौ रुपये की दवा बाहर से खरीदकर लाने के लिए पर्ची बना दी। प्रीति के साथ आए उसके भाई पीयूष मौर्या ने बताया कि बाहर मेडिकल स्टोर पर पर्चा लेकर वह पहुंचा तो दवा की कीमत चुकाने भर के पैसे उसके पास नहीं थे। स्टोर संचालक से यूपीआई के जरिये रकम मंगाने का आग्रह किया, लेकिन उसने बार कोड देने से इन्कार कर दिया। शनिवार को भी दोनों भाई-बहन जांच और दवा के लिए अस्पताल परिसर में भटकते रहे। इसी तरह चकिया के सुनील की टीबी की दवा मोती लाल नेहरू मंडलीय अस्पताल (कॉल्विन) में चल रही थी। हालत बिगड़ने पर उसकी बहन रोमा, पत्नी सोना उसे लेकर शनिवार को क्षय रोग अस्पताल पहुंचीं। वहां दवा के लिए उससे छह सौ रुपये लिए गए।

रोमा ने बताया कि कॉल्विन में हमेशा उसे मुफ्त में ही दवा मिलती रही है, लेकिन यहां बाहर से खरीदनी पड़ी। इसी तरह रानीमंडी के हनी सिंह को खून की उल्टी हो रही है। हनी की मां शीला के मुताबिक उसे दो दिन की ही दवा पैसे से मिली है। एक्सरे भी बाहर से ही कराना पड़ा। हनी, प्रीति और सुनील की तरह इन दिनों सैकड़ों मरीज दवा के लिए भटक रहे हैं। उधर, टीबी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ.शैलेश द्विवेदी का कहना है कि मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जा रहा है। ऐसी शिकायत मिलेगी तो जांच कराई जाएगी।

उन्होंने खुद पर बाहर से दवा लिखने के लग रहे आरोपों को गलत बताया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.एके तिवारी के मुताबिक दिल्ली से दवा नहीं आ रही है। लखनऊ केंद्र को टीबी की दवा खरीदने के लिए कहा गया था, लेकिन फिर कहा गया कि जिले से ही दवा की खरीद करा ली जाए। ऐसे में दवा खरीदी ही नहीं जा सकी और किल्लत पैदा हो गई। इस कमी को दूर करने की दिशा में पहल शुरू कर दी गई है।

जल्द स्थिति सामान्य हो जाएगी। आंकड़ों के मुताबिक जिले में मौजूदा समय सात हजार टीबी मरीज पंजीकृत हैं। इन मरीजों को मुफ्त दवा दिए जाने की व्यवस्था है, ज्यादातर मरीजों को दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है। सरकारी केंद्रों पर टीबी की दवा न मिलने से मरीजों की जान संकट में पड़ गई है।

# भाजपा नेता सुनील बंसल ने बताए जीत के पांच मंत्र, कहा- फर्स्ट टाइम वोटर पर करें फोकस




**वाराणसी , एजेंसी।** रोहनिया स्थित भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर शनिवार को वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के विस्तारकों की कार्यशाला हुई। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने जीत के पांच मंत्र बताए। कहा कि बस इन्हीं पर अमल कर लें। युवाओं से कहा कि आधे दिन खुद के लिए और आधे दिन संगठन के लिए काम करें। सुनील बंसल ने कहा कि मतदान में सिर्फ 50 दिन ही बचे हैं। फर्स्ट टाइम वोटर पर फोकस करें। पहला काम करें कि फर्स्ट टाइम वोटर के लिए अगले 10 दिनों के अंदर वाराणसी लोकसभा क्षेत्र की सभी 340 शक्ति केंद्रों पर नमो युवा चौपाल का आयोजन करें। प्रत्येक नमो युवा चौपाल में 100 से अधिक संख्या होनी चाहिए। दूसरा, वाराणसी लोकसभा क्षेत्र में 1909 बूथ है। प्रत्येक बूथ पर 10 युवाओं की सूची बनानी है। इस सूची में शामिल सभी दस सदस्य फर्स्ट टाइम वोटर होने चाहिए।

कहा कि सूची में नाम के साथ साथ मोबाइल नंबर भी होना चाहिए। इनके साथ 21 मंडलों में मंडल के अनुसार नव मतदाता सम्मेलन करें। तीसरा, वाराणसी लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं में युवाओं के पांच बड़े कार्यक्रम कराने है जिसमें पदयात्रा, बाइक रैली, सम्मेलन, सेमिनार, सभा आदि प्रमुख हैं। यह सभी युवा प्रधानमंत्री की नामांकन रैली में प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। चौथा, इन युवाओं की सौ टीमें बनाकर जनसंपर्क शुरू कर दें। पांचवा, प्रतिभावान युवाओं से विशेष संपर्क कर उन्हें संगठन से जोड़ना है। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल, क्षेत्रीय महामंत्री आशुतोष पाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा शैलेंद्र मौर्या, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी समेत अन्य मौजूद रहे।

**20 अप्रैल तक हर हाल में मतदान पर्ची का वितरणः** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक की और कहा कि 20 अप्रैल तक मतदान पर्ची का वितरण कर दें। राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि आपस में समन्वय स्थापित कर काम करें। हर विधानसभा स्तर पर प्रबंध समिति की हर तीन दिन में बैठकें होनी हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला, युवा, पिछड़ा सम्मेलन समेत सभी अभियानों का अच्छे ढंग से योजना बनाकर आगे बढ़ाएं। हर बूथ पर मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़े इसकी योजना बनाकर कार्य करें। हर बूथ से ऐसे पांच कार्यकर्ताओं के नाम तैयार करें जो सोशल मीडिया सबसे अधिक सक्रिय हैं।

### 30 फीसदी आबादी को नहीं मिल रहा साफ पानी

**साहिबाबाद , एजेंसी।** गर्मी बढ़ने के साथ पीने से लेकर रोजमर्रा काम के लिए पानी की मांग बढ़ गई है। जनपद की करीब 30 फीसदी आबादी को साफ और पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। कहीं गंदे पानी तो कहीं कम समय के लिए पानी की आपूर्ति होने से लोगों की समस्या बढ़ती जा रही है। लोग बाजार से बोतलबंद पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। शहर के ऐसे कई वार्ड हैं, जहां जरूरत से कम और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। इसकी बड़ी वजह जर्जर व पुरानी पाइपलाइन है। पुरानी पाइपलाइन होने की वजह से जगह-जगह से रिसाव हो रहा है, जिससे लोगों को घरों में गंदा पानी पहुंच रहा है। टीएचए की 30 से अधिक छोटी-बड़ी कॉलोनियों में रहने वाली लाखों की आबादी को दोनों समय पानी नहीं मिल रहा है। मोहननगर जोन की छह लाख की आबादी को 75 एमएलडी पानी की जरूरत है जबकि नगर निगम केवल 35-40 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। खोड़ा के लोग कई साल से गंगाजल की मांग कर रहे हैं। सात लाख की आबादी को केवल पांच एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। जीडीए के तुलसी निकेतन कॉलोनी और इंद्रप्रस्थ योजना में आए दिन नलकूप और पाइपलाइन में रिसाव की समस्या बनी रहती है। एक बार नलकूप फूंक जाने पर स्थानीय निवासियों को तीन से चार दिन का इंतजार करना पड़ता है। शहर के 1000 से अधिक घरों में रोजाना गंदा पानी पहुंच रहा है। बुधवार को शालीमार गार्डन मेन में गंदे पानी की आपूर्ति हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### सलमान खान के घर के बाहर 4 राउंड फायरिंग, हमले के वक्त घर पर थे एक्टर, लॉरेंस गैंग के हमले का दावा

**मुंबई।** सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। दो बाइक से आए हमलावरों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे। घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर को सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है। एक्टर के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।



**7.8 बोर की बंदूक से फायरिंग हुई:** मुंबई पुलिस के सूत्रों ने बताया कि फायरिंग जिस बंदूक से की गई थी, वो 7.6 बोर की बंदूक थी। फोरेंसिक एक्सपर्ट को मौके से एक लाइव बुलेट मिली है। पुलिस ने आरोपियों की एक बाइक को भी जब्त कर लिया है। फोरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी राज्य के बाहर के हो सकते हैं और इनकी लंबाई 5 फीट 8 इंच हो सकती है। सलमान के घर के बाहर जितने भी CCTV कैमरे लगे थे, उनके DVR को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

**घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली:** इस घटना की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप ने ली है। ग्रुप के मेंबर अनमोल बिश्नोई ने एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें लिखा है कि आने वाले समय में भी सलमान पर हमला हो सकता है। हालांकि पुलिस की तरफ से इस पोस्ट की पुष्टि नहीं की गई है।

### अमरीका के मोस्ट वांटेड भारतीय शख्स पर FBI ने रखा 2.1 करोड़ रुपए का इनाम

**नई दिल्ली।** अमरीका (USA) की जांच एजेंसी FBI ने आरोपी भारतीय शख्स भद्रेशकुमार चेतनभाई पर 2.1 रुपए का इनाम रखा है। भद्रेशकुमार पर आरोप है कि उन्होंने अमरीका में अपनी पत्नी की हत्या की है। खास बात है कि भद्रेश अमरीका के 10 मोस्ट वांडेट भगोड़ो में से एक हैं। अमरीका (USA) की संघीय जांच ब्यूरो FBI ने भारतीय शख्स भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल को पकड़ने के लिए एक नई तरकीब चली है। FBI ने भद्रेश पर 2.1 करोड़ रुपए का भारी-भरकम इनाम रख दिया है। भद्रेश की गिरफ्तारी में मदद करने वाली किसी भी जानकारी के लिए FBI 2.1 करोड़ रुपए तक का इनाम देगी। बता दें कि भद्रेश पर अमरीका में अपनी पत्नी की हत्या (Indian man kill wife in US) करने का आरोप है और वो अमरीका के 10 मोस्ट वांटेड भगोड़ो में से एक है। FBI ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट X ( पहले ट्विटर) पर लिखा है कि "#FBI दस सबसे वांछित भगोड़े भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल की गिरफ्तारी के लिए जानकारी देने के लिए $250,000 तक का इनाम प्रदान करती है, जो 12 अप्रैल, 2015 को हनोवर, मैरीलैंड में एक डोनट की दुकान पर काम करते समय अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने के लिए वांछित था।" बता दें कि भद्रेश ने साल 2015 में अपनी पत्नी पलक की हत्या (Indian man kill wife in USA) की थी। रिपोर्ट के मुताबिक भद्रेश की पत्नी पलक 2015 में हनोवर, मैरीलैंड में डंकिन डोनट्स में काम करती थीं। आरोप है कि भद्रेश ने वहीं पर आकर स्टोर के पीछे के कमरे में रसोई के चाकू से पलक पर कई बार हमला किया। जिससे पलक की मौत हो गई। ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जो पुलिस के लिए एक घटना का अहम सबूत बनी।



**कई गंभीर धाराओं में आरोप:** पुलिस ने भद्रेश पर फर्स्ट-डिग्री हत्या, सेकेंड-डिग्री हत्या, फर्स्ट-डिग्री हमला, सेकेंड-डिग्री हमला और घायल करने के इरादे से खतरनाक हथियार रखने और इस्तेमाल करने समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भद्रेश की गिरफ्तारी के लिए अप्रैल 2015 में वारंट जारी किया गया था लेकिन इसके बाद वो फरार हो गया और अब तक नहीं मिला।

**इसलिए मोस्ट वांटेड भगोड़े की लिस्ट में:** भद्रेश को मोस्ट वांडेट भगोड़ों की लिस्ट में शामिल करने को लेकर FBI के बाल्टीमोर फील्ड कार्यालय के प्रभारी विशेष एजेंट गॉर्डन बी जॉनसन ने कहा था कि भद्रेशकुमार पटेल ने कथित तौर पर ये विभत्स अपराध किया है। इस अपराध की बेहद हिंसक प्रकृति के चलते भद्रेश को मोस्ट वांडेट भगोड़े की लिस्ट में शामिल किया है।

### थाईलैंड में मनाया गया सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल

**थाईलैंड।** थाईलैंड में सोंगक्रन वॉटर फेस्टिवल मनाया गया। इसे न्यू ईयर की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। यह फेस्टिवल 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा जिसमें की 13 अप्रैल को नेशनल हॉलिडे था। सोंगक्रन फेस्टिवल 150 साल से मनाया जा रहा है और थाई संस्कृति में पानी से लड़ाई का खास महत्व है। मान्यता है की सोंगक्रन के दौरान पानी डालना शुभ होता है इसलिए लोग एक-दूसरे से पानी से लड़ाई करते हैं। लड़ाई में प्लास्टिक की बंदूकों का इस्तेमाल होता है। यह फेस्टिवल सफाई, श्रद्धा और सौभाग्य का प्रतीक है। इसमें बुद्ध की मूर्तियों पर साफ-सुगंधित पानी छिड़कते हैं।



# शिकागो में गोलीबारी, 8 लोगों को लगी गोली

**एजेंसी, वाशिंगटन।**

अमेरिका के शिकागो में शनिवार देर रात सामूहिक गोलीबारी की घटना सामने आई है। मामला यार्ड इलाके का है,जहां एक पारिवारिक समारोह गोलीबारी के बाद मातम में बदल गया। गोलीबारी में 8 लोगों को गोली लगी है, जिसमें तीन बच्चे हैं। गोली लगने से एक 7 साल की बच्ची की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक लड़की को सिर में गोली मारी गई थी। शिकागो पुलिस को शक है कि शहर के दक्षिणी हिस्से में हुई गोलीबारी घटना गैंगवार से जुड़ी हो सकती है।




शिकागो पुलिस ने बताया कि घायलों में एक 1 साल का नवजात और एक 7 साल का लड़का भी है, जिन्हें कई गोलियां लगी हैं और गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। गोलीबारी में घायल अन्य लोगों की उम्र 19 से 40 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार, सभी पीड़ित हिस्पैनिक मूल के हैं। अमेरिका में रहने वाले दक्षिण अमेरिकी मूल के लोगों को हिस्पैनिक कहा जाता है।

**पारिवारिक कार्यक्रम पर हुआ हमला:** गोलीबारी की घटना शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे की है। शिकागो पुलिस के उप प्रमुख डॉन जेरोम के अनुसार, डेमन एवेन्यू के पास 52वीं स्ट्रीट पर एक पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान दो हमलावर घर के बाहर पहुंचे और वहां खड़े लोगों के ऊपर गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस दौरान एक बच्ची को सिर में गोली लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और उन्हें अस्पताल भेजा गया। पुलिस को मौके से गोलियों के 18 राउंड बरामद हुए हैं। पुलिस अधिकारी जेरोम ने कहा, "यह कोई अचानक हुई हिंसा नहीं थी। ये शायद गैंग से जुड़े लोगों का काम है। ये चाहे जिस वजह से हुआ हो, आज रात तीन मासूम बच्चों पर हमला हुआ और एक ने दुखद रूप से दम तोड़ दिया। अपराधियों की ये करतूत हमारे शहर में भयानक और अस्वीकार्य हैं।"

## कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**एजेंसी, वैनकूवर।**

कनाडा के वैनकूवर में 24 साल के भारतीय छात्र चिराग अंतिल की मौत हो गई। वैनकूवर पुलिस ने बताया कि चिराग के पड़ोसियों ने गोलियां चलने की आवाज सुनी थी। इसके बाद पुलिस को उसकी कार से शव बरामद हुआ। फिलहाल इस मामले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। चिराग का परिवार हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है। उसके परिजन उसके शव को भारत ले जाने के लिए क्लाउड फंडिंग के जरिए पैसे जुटा रहे हैं। उन्होंने कनाडा की सरकार से चिराग के शव को भारत भेजने के लिए मदद की अपील की है।



**परिवार ने कनाडाई सरकार से शव को भारत भेजने में मदद मांगी**

**2022 में कनाडा गया था चिराग:** चिराग 2 साल पहले सितंबर 2022 में पढ़ाई के लिए कनाडा गया था। उसने हाल ही में कनाडा की एक यूनिवर्सिटी से MBA पूरा किया था। इसके बाद उसे वर्क परमिट मिला था। चिराग के रूममेट ने उसके परिजनों को बेटे की मौत की जानकारी दी। रूममेट ने बताया, "चिराग अपनी 14 घंटे की शिफ्ट पूरी करने के बाद ऑफिस से घर पहुंचा था। इसके बाद उसने खाना खाया और घूमने के लिए बाहर निकला। वो जैसे ही अपनी कार में बैठा, किसी ने उसे गोली मार दी। हमें नहीं पता कि यह किसने और क्यों किया।"

**NSUI बोली- विदेश मंत्रालय मामले की जांच पर नजर रखे:** कांग्रेस के छात्र विंग NSUI के चीफ वरुण चौधरी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके विदेश मंत्रालय से चिराग के परिवार के लिए मदद की अपील की है। वरुण ने लिखा- हम विदेश मंत्रालय से जांच पर नजर रखने और चिराग के परिजनों की मदद की अपील करते हैं। भारतीय छात्र चिराग को न्याय जरूर मिलना चाहिए। चिराग के भाई रोमित ने कनाडा की सिटी न्यूज को बताया कि चिराग बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति था। उसके सबसे अच्छे संबंध थे। घटना से कुछ समय पहले ही उसकी परिजनों से बात हुई थी। वह बेहद शांत था और किसी से झगड़ा नहीं करता था।

## छत्तीसगढ़ में शाह बोले- 3 साल में खत्म कर देंगे नक्सलवाद

**एजेंसी, राजनांदगांव।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ झूठ का व्यापार करती है। उन्होंने पूर्व CM और राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर भी निशाना साधा। शाह ने कहा कि, भूपेश कका इतना सारा भ्रष्टाचार करके पेट नहीं भरा है अभी भी यहां से सांसद बनना चाहते हैं। शाह ने कहा कि, मैं आज राजनांदगांव की जनता को कहने आया हूं कि आप लोगों ने भूपेश बघेल को विधानसभा में हराया है, इससे भी बड़े मार्जिन के साथ इनको फिर से घर पर भेजने का काम करिए। केंद्रीय गृहमंत्री रविवार को खैरागढ़ में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। भाजपा प्रत्याशी और सांसद संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार करते करने पहुंचे अमित शाह ने कहा कि, आप तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाइए, छत्तीसगढ़ में 3 साल में नक्सलवाद खत्म कर देंगे। लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव छत्तीसगढ़ की हाई प्रोफाइल सीट मानी जा रही है। यहां दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। खैरागढ़ की जनता इस बार बीजेपी को जिताने के लिए कमल के निशान पर ऐसा बटन दबाएं कि करंट इटली तक जाए। संतोष पांडे को जिताएंगे फिर से एक बार मोदी सरकार बनाएंगे। सोनिया मनमोहन की सरकार में पाकिस्तान से आकर आलिया, जमालिया यहां बम धमाके करते थे। मोदीजी ने देश को आतंकवाद से बचाने का काम किया।



## 2 बच्चों समेत 7 लोग जिंदा जले, चलते ट्रक में पीछे से कार घुसी, दोनों में आग लगी

**एजेंसी, फतेहपुर।**

चूरू-सालासर हाईवे पर तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। आग से कार सवार दो बच्चों समेत 7 लोग जिंदा जल गए। हादसा सीकर के फतेहपुर में रविवार दोपहर 2:30 बजे हुआ। कार में गैस किट लगा हुआ था और ट्रक में मेडिकल कॉटन(रूई) भरी हुई थी। मरने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में दो बच्चे, तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर चढ़ते ही 200 मीटर पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकराई। कार यूपी नंबर की बताई जा रही है। फतेहपुर कोतवाली SHO सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। वहीं ट्रक में लगी आग पर शाम 4 बजे के करीब काबू पाया गया। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, DSP रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर SHO मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।



**प्रत्यक्षदर्शी बोला- कार सवार मदद को चिल्ला रहे थे:** प्रत्यक्षदर्शी रामनिवास सैनी ने बताया- दोपहर करीब 2:30 बजे की बात है। मैं अपनी पिकअप गाड़ी की सर्विस करवाने के लिए पुलिया के पास सर्विस सेंटर पर जा रहा था। पुलिया के ऊपर से गुजर रहा था। तब मेरे पास से निकल रहे ट्रक को पीछे से आई कार ने ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान कार ट्रक से जा टकराई। मैंने अपनी गाड़ी साइड में खड़ी की। तुरंत कार की ओर दौड़ा पीछे बैठे दो लोग मदद की गुहार भी लगा रहे थे। गाड़ी के पीछे लगी गैस किट की टंकी के आग तेज हो गई। इसके बाद मैंने सूचना पुलिस को दी।

## राहुल बोले- भाजपा के मैनिफेस्टो से महंगाई-बेरोजगारी गायब

**खड़गे ने कहा- मोदी ने 10 साल में कोई काम नहीं किया**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भाजपा का मैनिफेस्टो जारी होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि इनके संकल्प पत्र में दो शब्द गायब हैं - महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाले हैं। वे कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएंगे। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- अपने कार्यकाल में PM मोदी ने कोई काम नहीं किया। युवा नौकरी के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं, महंगाई के कारण खाने-पीने के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 साल में सिर्फ बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाई है। भाजपा के मैनिफेस्टो को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने माफीनामा बताया है। उन्होंने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- यमराज ने एक मशीन बनाई थी, जिसमें झूठ बोलने पर घंटी बजने लगती थी। आज सुबह से वह घंटी लगातार बज रही है। हैरानी में यमराज ने चित्रगुप्त से पूछा- ये घंटी क्यों बज रही है? चित्रगुप्त ने कहा- महाराज, आज मोदी जी का संकल्प पत्र जारी हुआ है। उन्होंने कहा- भाजपा ने 2014 में वादा किया था कि ये लोग काला धन वापस लाएंगे, लेकिन ये लोग इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम ले आए, जिसमें भ्रष्टाचार हुआ। भाजपा ने कहा था कि नार्थ ईस्ट में कानून व्यवस्था मजबूत करेंगे, लेकिन आज मणिपुर में हिंसा जारी है। इस पर PM मोदी चुप्पी साधे हुए हैं।



**राजस्थान में प्रियंका गांधी बोलीं**

## बहकी-बहकी बातें करते हैं पीएम मोदी, देश की जनता से कट चुके

**एजेंसी, जालोर।**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है, जो सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है, उस पर कोई बात नहीं करता।

**हिसाब लेने का समय होता है चुनाव: प्रियंका:-** उन्होंने कहा कि चुनाव का समय हिसाब लेने का होता है। राजस्थान में हो सकता है आपको गहलोत सरकार से थोड़ा गिला शिकवा हो, इसलिए आपने सरकार बदल दी। हालांकि इसके बाद क्या हुआ, आपने देखा जो स्कीमें कांग्रेस सरकार ने शुरू की थीं, उसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। कांग्रेस सरकार के समय जनता को 25 लाख की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं थीं, जिसे भाजपा सरकार ने आते ही बंद कर दिया। आज राजस्थान की भाजपा सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है। अब देश का चुनाव है, इसलिए आपको सोच समझ कर वोट करना होगा। आज चुनाव के वक्त देश में अजीब माहौल बन गया है, जनता के ध्यान के भटकाने वाली बातें हो रही हैं।

**'बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या':** प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को कुछ हो गया है, वो समझ नहीं पा रहे हैं। इनके अधिकारी पीएम को सच्चाई बताने से डर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी देश की जनता से कट चुके हैं। आज पिछले 45 सालों में महंगाई दर सबसे ज्यादा है और ये मोदी सरकार की देन है। मोदी सरकार को हमेशा ही चुनावों के वक्त सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतें याद आती हैं। आज ऐसे हालात हो चुके हैं कि बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए जमीन बेचनी पड़ रही है। खेती में इस्तेमाल होने वाले सामान महंगे हो चुके हैं। किसान आंदोलन पर प्रियंका गांधी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में किसान सड़कों पर बैठ रहे, लेकिन पीएम मोदी ने सुनवाई नहीं की। हालांकि जैसे ही यूपी के चुनाव नजदीक आए, सरकार ने काले कानूनों को वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। इनकी नीतियां बड़े-बड़े अरबपतियों के लिए है। कुछ दिन पहले देश में एक अरबपति के यहां शादी हुई, लेकिन आपने कभी सोचा है कि इतना पैसा कहां से आ रहा है। पीएम मोदी ने 16 हजार करोड़ के इनके कर्ज माफ किए हैं, वहीं जो किसान कर्ज में डूब रहा है, उसके बारे में बात तक नहीं होती। आपको सिर्फ ये दिखाया जाता है कि देश आगे बढ़ रहा है, तरक्की हो रही है, सभी बहुत खुशहाल हैं, लेकिन ये सच्चाई नहीं है। जी20 जैसे कार्यक्रमों से हमें भी गर्व होता है, लेकिन इस देश की एक और सच्चाई यह है कि इस देश का गरीब रोज सुबह-शाम संघर्ष कर रहा है। देश की जनता की कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। चुनावी भाषण में प्रियंका गांधी ने पेपरलीक और अग्निवीर योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद अग्निवीर योजना को रद्द किया जाएगा, ताकि नौजवान सम्मान के साथ नौकरी कर सके। पेपरलीक को रोकने के लिए कानून लाया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि परिवार की सबसे बड़ी महिला को हमारी सरकार बनने के बाद एक लाख रुपए सालाना दिए जाएंगे।



### गहलोत ने भी साधा निशाना

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि ये हमारी स्कीम्स बंद कर रहे हैं, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। राजस्थान की भाजपा सरकार कोई काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार को 3650 दिन दे दिए, लेकिन एक भी काम इन्होंने ढंग से नहीं किए हैं। आपको बता दें कि जालोर-सिरोही से कांग्रेस ने अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वहीं भाजपा ने लुंबाराम चौधरी को चुनावी मैदान में उतारा है।

## अमर्त्य सेन बोले- विपक्ष में बिखराव, इसलिए ताकत गंवाई

**सरकार को अमीरों का ध्यान, निरक्षरता, खराब स्वास्थ्य, लैंगिक असमानता से विकास धीमा**

**एजेंसी, कोलकाता।**



नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने कहा है कि देश के विपक्ष एकता नहीं है। इसके कारण अपनी अधिकतर ताकत खो चुका है। कांग्रेस के संगठन में कई सारी समस्याएं हैं, जिसे सुधारने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना पर विचार किया जा सकता है, लेकिन भारत को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और लैंगिक समानता के जरिए वंचितों के अधिक सशक्तिकरण की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने पर बहुत गर्व है, लेकिन देश के डेमोक्रेटिक नेचर को बढ़ाने के लिए और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। सेन ने कहा कि I.N.D.I गठबंधन लोकप्रियता हासिल करने में विफल रहा। क्योंकि विपक्षी गुट में शामिल JDU और RLD जैसे उसके महत्वपूर्ण सहयोगी ने साथ छोड़ दिया। भारत का शासक वर्ग अमीरों के हितों का ख्याल रखता है। देश में निरक्षरता, खराब स्वास्थ्य व्यवस्था और असाधारण लैंगिक असमानता के कारण गरीबों का प्रगति करना मुश्किल हो गया है। विपक्ष दावा करता है कि बीजेपी सत्ता में वापसी करती है तो संविधान को बदल सकती है। इस पर सेन ने कहा कि संविधान को बदलना सरकार का विशेष धर्म पर अधिक फोकस से जोड़ा जा सकता है, लेकिन इसका भारत के आम लोगों को कोई फायदा नहीं होगा। बीजेपी के अयोध्या राम मंदिर, CAA के जरिए चुनाव में ज्यादा सीट हासिल करने के सवाल पर सेन ने कहा कि ऐसा विचार करना विश्वासघात है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष संविधान वाला एक धर्मनिरपेक्ष देश है, लेकिन केवल हिंदू पर फोकस करना बहुसंख्यक हिंदुओं के लिए आसान हो सकता है, लेकिन यह भारत की धर्मनिरपेक्ष जड़ों और बहु सांस्कृतिक प्रकृति को धोखा देता है। लोकसभा चुनावों पर सेन ने कहा कि उन्हें भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का नागरिक होने पर बहुत गर्व है।

## राजस्थान समेत 17 राज्यों में आज बारिश की संभावना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

देश में पिछले हफ्ते से शुरू हुआ बारिश और आंधी-तूफान का दौर आज भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत 17 राज्यों में बारिश का अनुमान लगाया है। यहां शनिवार (14 अप्रैल) को भी बरसात देखने को मिली थी। MP में ओले भी गिरे थे। मौसम विभाग के मुताबिक, MP-राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, अंडमान एंड निकोबार में आज बारिश होगी। इससे इन राज्यों में हीटवेव और तेज गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में आज ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। उधर, दिल्ली में शनिवार शाम को धूलभरी आंधी चली। खराब मौसम के चलते यहां पहुंचने वाली 22 फ्लाइट्स को डाइवर्ट किया गया। दिल्ली में आज भी 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। वहीं, शाम होते-होते तेज बारिश भी हो सकती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में जहां बारिश के मौसम से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, कुछ इलाके ऐसे भी है जहां, तेज गर्मी का दौर लगातार जारी है। रविवार को महाराष्ट्र के मालेगांव 41 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। हरियाणा के नूंह में टेम्प्रेचर 38.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।



# क्या शिवम दुबे को मिलना चाहिए टी20 वर्ल्ड कप टीम में मौका?





## सीएसके कोच फ्लेमिंग के बयान ने बढ़ाया भारतीय चयनकर्ताओं का सिरदर्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफेन फ्लेमिंग का कहना है कि टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने से पहले भारतीय टीम मैनेजमेंट को खेलने की सही शैली की पहचान करनी होगी. चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में ऑलराउंडर शिवम दुबे को मौका मिलना चाहिए. दुबे पिछले दो आईपीएल सीज़न में एक शानदार हिटर के रूप में उभरे हैं. फ्लेमिंग ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मेरे लिए बात यह है कि वे (भारत) विश्व कप के दौरान किस प्रकार का गेम प्लान खेलना चाहते हैं?

उन्होंने विदेशी परिस्थितियों में भारत के लिए खेलने की सही शैली की पहचान की है. सीएसके कोच ने कहा, फिर केवल खिलाड़ियों को चुनने और गेम प्लान खोजने की कोशिश करने के बजाय खिलाड़ियों को इसमें शामिल करें. मैं खेल की वह शैली देखूंगा जो मैं चाहता हूं, और फिर उन खिलाड़ियों को चुनूंगा जो फॉर्म में हैं और वह भूमिका निभा सकते हैं जो उस डिज़ाइन को सर्वश्रेष्ठ रूप से जीत सके.

कीवी दिग्गज ने कहा, भारतीय चयनकर्ता होना शायद विश्व क्रिकेट में सबसे मुश्किल कामों में से एक है, है न? एक तरफ, एक कीवी के रूप में मैं शो में मौजूद प्रतिभाओं की मात्रा और हर खेल में सामने आने वाले नए खिलाड़ियों को देखकर बहुत ईर्ष्यालु हूं. इसके बाद फ्लेमिंग ने दुबे को विश्व कप स्क्वाड में मौका देने के बारे में कहा, मुझे उसकी शक्ति पसंद है. मैं पक्षपाती हूं, है ना? लेकिन मुझे लगता है कि जब आपके पास उस तरह की थोड़ी अलग शक्ति होती है; मैं उसे टीम में रखूंगा.

2018 में अपने टी20 डेब्यू के बाद टीम से बाहर हो गए दुबे को सीएसके के साथ अपनी हालिया हरकतों के कारण राष्ट्रीय टीम में वापसी का रास्ता मिल गया है. 2022 में फ्रैंचाइज़ी में शामिल होने के बाद से, दुबे ने 32 पारियों में 883 रन बनाए हैं

### एशियन चैंपियनशीप :

# भारतीय महिला पहलवानों का जलवा, राधिका को मिला रजत, शिवानी को कांस्य पदक



**बिश्केक, एजेंसी।** पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने जलवा बिखेरा। राधिका ने 68 किग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि शिवानी पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। एशियाई चैंपियनशिप में राधिका का यह दूसरा पदक है।

राधिका ने 2022 में भी जीता था रजत

पिछले साल अंडर-23 एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली राधिका 2022 सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने कजाखस्तान की अलबीना के को पहले मुकाबले में तकनीकी श्रेष्ठता से हराया। इसके बाद किर्गिस्तान की गुलनूरा ताशतांबेकोवा को मात दी। हालांकि, उन्हें स्वर्ण पदक के मुकाबले में जापान की नोनोका ओजाकी से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

### क्वार्टर फाइनल में मिली हार के बाद शिवानी ने की वापसी

भारत की एक अन्य पहलवान शिवानी पवार को 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में जिकि फेंग से हार गईं थी, लेकिन चीन की इस पहलवान के फाइनल में पहुंचने के बाद उन्होंने रेपचेज के जरिये कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बना ली। उन्होंने मंगोलिया की ओट्गोनजार्गल डोल्गोज्राव को 9-7 से हराकर कांस्य पदक जीता।

वहीं, 55 किग्रा वर्ग में तमन्ना को क्वलीफिकेशन दौर में जापान की मोए कियूका ने 9-0 से हराया, लेकिन कियूका के फाइनल में पहुंचने से तमन्ना भी पदक की दौड़ में शामिल हो गईं। वह हालांकि मौके का फायदा नहीं उठा सकीं और रेपचेज राउंड में उन्हें चीन की मिन यांग से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा।

### अन्य भारतीय पहलवानों को मिली हार

भारत के पास रेपचेज के जरिये अन्य वर्गों में पदक हासिल करने का मौका था, लेकिन अन्य पहलवान इस मौके का फायदा नहीं उठा सके। पुष्पा यादव (59 किग्रा) और प्रिया (76 किग्रा) भी उन्हें हराने वाली पहलवानों के फाइनल में पहुंचने से पदक की दौड़ में शामिल हो गई थीं, लेकिन इन दोनों भारतीय पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा और वे पदक जीतने में नाकाम रहीं। कांस्य पदक के प्लेऑफ में पुष्पा को कजाखस्तान की डायना कयूमोवा ने 11-8 से हराया, जबकि प्रिया को भी कजाखस्तान की एल्मिरा सिज्डीकोवा ने मात दी।

### हर कोई पृथ्वी शॉ के प्रदर्शन में निरंतरता देखना चाहता है : माइकल क्लार्क

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतर होने की जरूरत है क्योंकि हर कोई चाहता है कि वह शीर्ष क्रम पर टीम के लिए स्थिर रहें. आईपीएल 2024 की अपनी चार पारियों में, शॉ ने 157.29 की स्ट्राइक-रेट से 151 रन बनाए हैं, जिसमें विशाखापत्तनम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 66 रन का उच्चतम स्कोर है. शुक्रवार शाम को लखनऊ में, शॉ ने 22 गेंदों में 32 रनों की तेज़ पारी खेली, जिससे डीसी को आईपीएल 2024 सीज़न की दूसरी जीत हासिल करने के लिए 168 रनों का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद मिली।

## आईपीएल-2024: आशुतोष शर्मा के नाम जुड़ा खास रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन में पंजाब किंग्स के लिए अब तक कुछ भी सही नहीं रहा है, जिसमें टीम को 6 में से 4 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में भी पंजाब किंग्स को 3 विकेट से करीबी हार मिली।

इस मैच में पंजाब की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 147 रन बनाए थे, वहीं राजस्थान ने टारगेट का पीछा 19.5 ओवरों में कर लिया। पंजाब किंग्स टीम के बल्लेबाजों की तरफ से इस मैच में काफी खराब प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें उन्होंने 70 के स्कोर तक अपनी आधी टीम को गंवा दिया। निचलेक्रम पर बल्लेबाजी करने उतरे आशुतोष शर्मा ने 16 गेंदों में 31 रनों की पारी खेलकर टीम को इस मैच में लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचाया। वहीं आशुतोष ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल इतिहास में एक ऐसे रिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया जो अब तक कोई भी खिलाड़ी करने में कामयाब नहीं हो सका है।

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2024 के लिए मध्य प्रदेश के 25 साल के खिलाड़ी आशुतोष शर्मा को अपनी टीम का हिस्सा बनाया था। अब तक उन्हें इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर टीम ने इस्तेमाल किया है, जिसमें तीन मैचों में आशुतोष ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर सभी को काफी प्रभावित किया है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल में डेब्यू करते हुए आशुतोष ने सिर्फ 17 गेंदों में 31 रनों की पारी खेली थी, वहीं इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आशुतोष के बल्ले से 15 गेंदों में नाबाद 33 रनों की पारी देखने को मिली, जबकि राजस्थान के खिलाफ मैच में भी वह 31 रन बनाने में कामयाब रहे।

इसी के साथ आशुतोष आईपीएल इतिहास में पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने लगातार तीन मैचों में नंबर 8 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए 30 प्लस रनों की पारी खेली है।

# व्यापार

## म्यांमार से दालों का आयात करने के लिए भुगतान तंत्र को सरल बनाया गया : सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने शनिवार को कहा कि म्यांमा से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को आसान और सरल बनाया गया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आयातकों को पंजाब नेशनल बैंक के जरिए विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) के जरिए रुपया/क्यात प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली का उपयोग करने को कहा गया है। भारत घरेलू कमी को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश म्यांमा से तुअर और उड़द दाल का आयात करता है। बयान के मुताबिक उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने म्यांमा से दालों का आयात करने के संबंध में यंगून स्थित भारतीय दूतावास के साथ चर्चा की। इस दौरान संशोधित विनिमय दरों और म्यांमार में आयातकों के स्टॉक जैसे मुद्दों पर बातचीत हुई। मंत्रालय ने कहा कि भारतीय दूतावास ने सचिव को बताया कि व्यापार लेनदेन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी से रुपया/क्यात निपटान तंत्र चालू कर दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमा ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

## गोल्डमैन सॉक्स का चौंकाने वाला खुलासा: दुनिया पर राज करेंगे भारत, चीन व पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते कुछ महीने से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल 2047 तक भारत के विकसित होने की बात कर रहे हैं। इस टारगैट पर देश 2047 तक पहुंच भी जाएगा। इस बात में कोई शक भी नहीं है। अगले दो साल में देश की इकोनॉमी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इस अचीवमैंट को भी भारत आसानी से हासिल कर लेगा लेकिन क्या कभी पाकिस्तान दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हो सकेगा क्या चीन कभी दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी बन पाएगा क्या एशिया के ये तीनों देश दुनिया की इकोनॉमी पर राज कर सकेंगे ये तीनों ही सवाल काफी बड़े हैं। ऐसा नहीं है कि ये संभव नहीं हो सकेगा। दुनिया की बड़ी इंवैस्टमैंट फर्म गोल्डमैन सॉक्स का अनुमान है कि चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा और दूसरे नंबर पर भारत का नाम होगा। साथ ही पाकिस्तान टॉप 10 इकोनॉमी में दिखाई देगा। दूसरी ओर कभी आधी से ज्यादा दुनिया पर राज करने वाला यू.के. और एशिया की दूसरी सबसे बड़ी महाशक्ति जापान का नाम टॉप 10 से बाहर होता दिखाई देगा। वहीं यूरोप का बस एक ही देश जर्मनी टॉप 10 की लिस्ट में दिखाई देगा। गोल्डमैन सॉक्स ने जो अनुमान लगाया है, वह अगले 50 साल बाद यानी साल 2075 का लगाया है। उस समय दुनिया की इकोनॉमी का सीन पूरी तरह से बदला हुआ दिखाई देगा। अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमिक ताकत नहीं रहेगा। दूसरी ओर यूरोप का दबदबा दुनिया की इकोनॉमिक कंडीशन से पूरी तरह से खत्म हो चुका होगा। यू.के. और जापान जैसे देश टॉप 10 इकोनॉमी लिस्ट से बाहर हो चुके होंगे। सबसे खास बात तो यह है कि टॉप की 10 लिस्ट में एशिया का दबदबा होगा, जिसमें चीन के साथ भारत, पाकिस्तान और इंडोनेशिया होगा। मौजूदा दौर में यू.के., फ्रांस, जर्मनी और रूस जैसे देश दुनिया की टॉप 10 इकोनॉमी में शामिल हैं लेकिन ये तमाम देश जिस मंदी के संकट से गुजर रहे हैं। यह किसी से छिपा नहीं है। जर्मनी में तो घोषित मंदी का ऐलान हुआ है। दूसरी ओर जापान ने सालों के बाद देश की इकोनॉमी को उठाने के लिए पॉलिसी रेट में इजाफा किया है। ऐसे अगले 25 और 50 सालों में इन देशों की इकोनॉमी में इजाफा तो होगा लेकिन ग्रोथ इतनी ज्यादा नहीं होगी, जो अपनी मौजूदा पॉजिशन को होल्ड करके रख सके।

### चीन और भारत का होगा दबदबा

गोल्डमैन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की इकोनॉमी अगले साल में काफी तेजी से बढ़ने वाली है। उसकी पोजिशन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगी। इसका मतलब यह नहीं है कि वह चीन को पछाड़ने वाला है। भारत साल 2075 में अमरीका को पीछे छोड़कर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। साल 2050 तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी इकोनॉमी होगा। भले ही मौजूदा दौर में उसकी ग्रोथ भले ही 5 फीसदी से नीचे ही क्यों न हो। उसके अगले 25 साल तक भारत और चीन दोनों ही ग्रोथ और जी.डी.पी. के मामले में दुनिया के तमाम देशों को पीछे छोड़ते हुए दिखाई देंगे।

## भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा! एलन मस्क के मेगाप्लान को खिसियाए चीन की बद्दुआ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क की भारत में इलेक्ट्रिक कार फैक्ट्री खोलने की योजना चीन को बिल्कुल पसंद नहीं आई है। इसके शुभारंभ से पहले ही उसने बद्दुआएं देनी शुरू कर दी हैं। टेस्ला का भारत की ओर झुकाव बढ़ने से चीन बुरी तरह खिसिया गया है। उसने कहा है भारत में टेस्ला का कारोबार तबाह हो जाएगा। मस्क इस महीने के अंत में भारत की यात्रा करने वाले हैं। इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात होनी है। उनसे मिलने के बाद टेस्ला अपने कारखाने की योजना के बारे में कोई बड़ा ऐलान कर सकती है।

दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लंबे समय से सरकार से बातचीत कर रहे हैं। वह भारत में कम ड्यूटी पर कारों का आयात करना चाहते थे। इसके उलट सरकार चाहती थी कि वह स्थानीय स्तर पर कारों की मैन्यूफैक्चरिंग करें। सरकार ने पिछले महीने अपनी नई ईवी पॉलिसी की घोषणा की है। इसके बाद टेस्ला के भारत में एंट्री की बातें चलने लगी हैं। माना जा रहा है मस्क इसके बारे में भारत आने पर घोषणा कर सकते हैं। भारत की नई ईवी पॉलिसी टेस्ला के अनुकूल होने की संभावना है। यह और बात है कि चीन को टेस्ला की भारत में एंट्री की योजना कतई रास नहीं आई है। ग्लोबल टाइम्स को चीनी सरकार का मुखपत्र माना जाता है। उसने टेस्ला को आमंत्रित करने के भारत के महत्वाकांक्षी कदम पर भविष्यवाणी कर दी है। इस चीनी माउथपीस ने कहा है कि टेस्ला का यह प्लान काम नहीं करेगा। कारण है कि भारतीय बाजार परिपक्व नहीं है। वह इसके लिए बेहद कम तैयार है। भारतीय बाजार के लिए यह बहुत जल्दी है। चीन सरकार के मुखपत्र में कहा गया कि ईवी को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए भारत के सामने एक बड़ी बाधा पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुपस्थिति है।

## रियल एस्टेट में विदेशी निवेश में भारी गिरावट, जनवरी-मार्च में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर आए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा टेलीसर्विसेज विदेशी निवेशक इस साल रियल एस्टेट से सतर्क रहे और उन्होंने इस क्षेत्र में 2024 की पहली तिमाही में सिर्फ 1.1 करोड़ डॉलर का निवेश किया। वैश्विक संपत्ति सलाहकार फर्म वेस्टियन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में जनवरी-मार्च में संस्थागत निवेश सालाना 55 प्रतिशत घटकर 55.2 करोड़ डॉलर रह गया। रिपोर्ट के अनुसार, रियल एस्टेट क्षेत्र में पिछले साल की समान अवधि में 123.83 करोड़ डॉलर (1.23 अरब डॉलर) निवेश आया था। वेस्टियन के आंकड़ों के अनुसार, देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी कोषों का संस्थागत प्रवाह 2024 की पहली तिमाही में 99 प्रतिशत गिरकर केवल 1.1 करोड़ डॉलर रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 79.14 करोड़ डॉलर था। घरेलू निवेशकों ने जनवरी-मार्च 2024 में भारतीय रियल एस्टेट में 54.11 करोड़ डॉलर का निवेश किया।



## मूल्य वृद्धि ने आभूषणों की मांग कम की है: सेनको गोल्ड

**कोलकाता एजेंसी।** प्रमुख खुदरा आभूषण विक्रेता कंपनी सेनको गोल्ड लि. ने शुक्रवार को कहा कि भू-राजनीतिक कारणों से सोने की कीमतों में हालिया तेज उछाल ने इसकी मांग को कम कर दिया है। वहीं उद्योग का पहली तिमाही का प्रदर्शन, उत्सव और नए साल के मौके पर जारी खरीदारी के रुख पर निर्भर करता है। कोलकाता की कंपनी ने कहा कि उसने हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और उपभोक्ता-केंद्रित योजनाओं के जरिये मांग की स्थिति से निपटने के लिए कई उपाय किए हैं। हालांकि, कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि ये उपाए मार्च और अप्रैल में बिक्री की मात्रा के मामले में देखी गई 15-20 प्रतिशत की गिरावट की भरपाई नहीं कर सकते हैं।



# गर्मी में लड़कियों के लिए खास टिप्स

गर्मी ने आते ही सबके हाल बेहाल करना शुरू कर दिया है। इसका असर बच्चों व बूढ़ों पर पड़ा है, तो महिलाएं भी इससे अछूती नहीं रही हैं।

कामकाजी महिलाओं और लड़कियों को गर्मी के मौसम में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां हम महिलाओं को गर्मी से बचने के कुछ उपाय बता रहे हैं।

1. धूप में बाहर जाने से 20 मिनट पहले सनस्क्रीन लगाएं। यह आपको सनबर्न, स्कीन टैन आदि से बचाएगा। आपका सनस्क्रीन SPF15 या उससे ज्यादा का होना चाहिए।
2. इसके साथ जब भी बाहर जाएं तो गॉगल, हैंड ग्लव्स और स्कॉर्फ भी पहनें।
3. हीट एग्जॉस्ट से बचने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें।
4. जूस, लस्सी, शिकंजी, नींबू-पानी भी पीते रहें।
5. अगर जरूरी न हो तो सुबह 11 से 3 के बीच बाहर न निकलें। यह दिन का सबसे गर्म समय होता है।
6. गहरे रंग के कपड़े बिलकुल न पहनें। ये गर्मी को आमंत्रित करते हैं, जबकि सफेद रंग के कपड़े पहनने से गर्मी में राहत मिलती है।
7. हल्के रंग के कपड़ों का चयन करें।
8. अपने सिर को हमेशा ढंककर रखें।
9. हर 1 घंटे में पानी पीने का नियम बना लें। ऐसा करने से आपके शरीर में हाइड्रेशन लेवल बना रहेगा।
10. रसीले फलों का सेवन करें, जैसे अंगूर, तरबूज, आम, ककड़ी ये आपके शरीर को पोषण देने के साथ-साथ तरोताजा भी रखेंगे।
11. अपने चेहरे पर हफ्ते में एक बार हर्बल मॉइस्चराइजर लगाएं जिसमें चंदन, हल्दी, ब्राह्मी, आमला और एलोवीरा हो।
12. साथ ही 1 महीने में 2 बार फ्रुट मॉस्क भी लगाएं।
13. गर्मी के मौसम में बाहर रोड पर लगे नलों में से पानी पीना अवॉइड करें। अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें।
14. गर्मी के मौसम में 2 बार स्नान करें।
15. जरूरत से ज्यादा भी काम न करें। जितनी क्षमता हो, उतना ही काम करें।
16. चाय और कॉफी का ज्यादा सेवन न करें तथा इन्हें खाली पेट तो बिलकुल न लें। खाली पेट लेने से पेट की बीमारियां होने की आशंका होती है।

**अब लड़के अपने स्कीन टोन के साथ टोनर, मॉइश्चराइजर, नरीशिंग क्रीम, सनस्क्रीन, ऑफ्टर शेव क्रीम और लोशन, हेयर क्रीम व हेयर जैल की भी जानकारी रखते हैं। कुछ टिप्स को आजमा कर ब्वॉयज और भी आकर्षक दिख सकते हैं।**

# जी हां!

## पुरुषों के लिए समर ब्यूटी टिप्स





जमाना बीता और बदल गए पुरुषों के लिए सुंदरता के माने। जॉन अब्राहम, रितिक रोशन और सलमान खान की तर्ज पर आज के युवा भी अपने शरीर की देखभाल करने में लगे हुए हैं। अब लड़के अपने स्कीन टोन के साथ टोनर, मॉइश्चराइजर, नरीशिंग क्रीम, सनस्क्रीन, ऑफ्टर शेव क्रीम और लोशन, हेयर क्रीम व हेयर जैल की भी जानकारी रखते हैं। कुछ टिप्स को आजमा कर ब्वॉयज और भी आकर्षक दिख सकते हैं।

### लड़के करा रहे हैं चेस्ट वैक्सिंग

गले और छाती पर तेल धूप के निशानों को कम करने लिए फोटो फेशियल किया जाता है। चेहरे पर चमक के लिए माइक्रोडर्माब्रेजन का उपयोग किया जाता है। हालांकि यह अभी चलन में कम है।

### टिप्स फॉर मैन स्किन

जो लोग धूप में ज्यादा रहते हैं, उनको 15 दिन में एक बार मेन्स पार्लर जा कर डेड स्किन रिमूवर क्रीम का यूज करना चाहिए। जिन लोगों की त्वचा धूप में रहने के कारण ज्यादा खराब होती है उनको ऑक्सी ब्लीच एवं फेशियल कराना चाहिए। विशेष रूप से अगर आप डेट प्लान कर रहे हैं तो ऑक्सी ब्लीच अवश्य आजमाएं। यह आपके चेहरे की रौनक बढ़ा सकता है। ट्वेंटी फाइव प्लस दो माह में एक बार फेशियल करवाएं जबकि थर्टी प्लस माह में एक बार ही करवाएं। इससे स्कीन मुलायम रहेगी।

### चेहरा प्रॉपर क्लीन करें।

आइल फ्री सन प्रोटेक्शन क्रीम का इस्तेमाल करें।

देखा गया है कि लड़कों की स्कीन आइली होती है, इसलिए झेपिट लोशन लगाएं। इससे ऑइल कंट्रोल होगा और पिंपल्स से भी छुटकारा मिलेगा।

जो फील्ड में जाते हों वे एसपीएफ थर्टी और जो ज्यादा धूप में रहते हों वे एसपीएफ फोर्टी फाइफ सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें।

चेहरा बार-बार धोएं। खूब पानी पिएं।

नरीशिंग, व्हाइटनिंग और टाइनिंग फेस स्क्रब का इस्तेमाल वन्स ए वीक करें। इससे त्वचा साफ और स्वस्थ रहेगी।

हेड मसाज लें। इससे बालों की पॉलिशिंग होगी।

केला प्राकृतिक क्लींजर है।

# अपने बच्चे को सिखाएं मनी मैनेज करना

**अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी।**

बच्चे जब बड़े होने लगते हैं तो उन्हें वित्तीय शिक्षा देना आवश्यक हो जाता है। वे आपका अनुकरण करके भी सीख जाएंगे, पर समय-समय पर उन्हें छोटी-छोटी बातें बताकर आप उन्हें अपने जिम्मेदार बनाने में मदद कर सकते हैं। अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी।

बच्चे जितनी जल्दी पैसों का प्रबंधन सीख जाएं, उतना अच्छा है। इस तरह वे जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक सीखेंगे। जब वे वयस्क हो जाएंगे तो अपने आप स्मार्ट वित्तीय विकल्प (smart financial choices) बनाने लग जाएंगे।



### बचत, खर्च और दान करने की कला।

सहेजना/ बचत करना = इस तरीके को आसानी से समझाने के लिए आप अपने बच्चे को गुल्लक लाकर दीजिए। जब भी बच्चे को उपहार के रूप में पैसे मिलें तो उसे वे गुल्लक में डालने के लिए कहें, फिर उसे पैसे गिनने के लिए कहें और ये समझाएं कि पैसे जमा हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। ऐसा करने के लिए अपने बच्चे को प्रोत्साहित करें।

**खर्च करना** = अपने बच्चे को बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाएं। जब वे एक नए ष्ह्ड्ड4श्ठ बॉक्स या एक पेंसिल बॉक्स पर खर्च करना चाहें तो उनसे पूछें कि क्या वे वास्तव में इसे खरीदना चाहते हैं?

उनके लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके लिए क्या जरूरी है और क्या नहीं। इससे बच्चा अपनी असली जरूरतों को समझेगा और फिजूलखर्ची नहीं करेगा।

**दान** = उन्हें साझा करना सिखाएं। उसे सिखाएं कि उदारता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है।

इसी के साथ उन्हें पैसे की कद्र करना सिखाएं, पैसे की बचत करना सिखाएं, फिजूलखर्ची होने पर उन्हें चेताएं और सबसे जरूरी यह है कि आप खुद उनके लिए एक आदर्श उदाहरण बनें। बच्चे आपका अनुकरण अवश्य करेंगे।

## गर्मी के लिए बेहतरीन ब्यूटी टिप्स



पम्मी चावला इंदौर की जानी-मानी ब्यूटिशियन (मेकअप और हेयर स्टाइलिस्ट) हैं। आइए उनसे लेते हैं गर्मी के लिए कुछ ब्यूटी टिप्स।

आप हमारे रीडर्स को गर्मी के लिए क्या स्किन केअर टिप्स देना चाहेंगी?

पम्मी – गर्मियों में पानी की कमी की वजह से हुमारे शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है इसीलिए हमारी स्किन भी ड्राय हो जाती है और इस कमी के लिए ईश्वर ने सारी प्राकृतिक व्यवस्था कर रखी है। जो भी सब्जियां और फल गर्मी में उगते हैं हमें उनका सेवन करना चहिए और ये सब हमारी स्किन को हाइड्रेट करने के लिए काफी हैं।

सर्दियों में हम प्रोटीन डाइट ज्यादा मात्रा में लेते हैं, जैसे पनीर, मूंगफली लेकिन गर्मियों में हमें मूंगफली, पनीर, बादाम वगैरह अच्छी नहीं लगती हैं और फिर हमें प्रोटीन डेफीशियंसी हो जाती है इसीलिए प्रोटीन की कमी को पूरा करने के लिए हमें दही, छाछ, मूंग की दाल आदि का सेवन करना चाहिए। इसी के साथ मिनरल्स की कमी को पूरा करने के लिए नारियल पानी पीना चाहिए। इसके अलावा सिर्फ गेहूं की रोटी न खाकर 5 अन्न को मिलाकर बनी हुई रोटी खाने की सलाह भी दी।

अक्सर लोग टेनिंग के डर से घर से बाहर निकले में हिचकिचाते हैं, इसके लिए आप क्या सलाह देंगी?

पम्मी – धूप से हमारी स्किन पर कुछ बुरा असर नहीं होता है। इससे तो हमारा शरीर और मजबूत होता है। ट्रैफिक पुलिस जवान, जो इतनी धूल, मिट्टी और धूप में घंटों खड़े रहकर अपना काम करते हैं, वे लोग तो कोई सनस्क्रीन नहीं लगाते हैं फिर भी उनकी स्किन उतनी ही अच्छी होती है जितनी कि हम सबकी। वे लोग हमें जले हुए नजर नहीं आते हैं। ये सारी ईश्वर की व्यवस्थाएं हैं। हमारे लिए हमारे शरीर को सनस्क्रीन या अन्य कॉस्मेटिक चीजों की जरूरत नहीं होती है।

नेचुरल फेस पैक – दूध पावडर, बैकिंग पावडर, नमक, हनी को मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और रोजाना स्किन नेचुरली क्लीन करें।



## फैशन टिप्स

### ऐसे साफ करें अपने सनग्लास

धूप का चश्मा खरिद तो लिया, लेकिन अब उन्हें ठीक तरह से साफ करने का तरीका पता नहीं है? परेशान ना हो इन आसान चरणों का पालन करें।

धूप का चश्मा और उनके लैंस, आपकी त्वचा के तेल, पसीने और आपकी उंगलियों से गंदे हो जाते हैं। और अगर इसे ठीक तरह से साफ नहीं किया गया तो लैंस में स्क्रैच आ सकता है। यहां धूप के चश्मे की सफाई के कुछ तरीके दिए गए हैं, अवश्य अपनाएं..

बहते पानी में चश्मे को धोना, साफ करने का सबसे अच्छा तरीका है।

लैंस पर सामान्य धोने के जेल या क्रीम की एक बूंद डाल दें और अच्छी तरह से लगाने के बाद बहते पानी में ही इसे धो दें। लैंस पर अपने हाथों का उपयोग ना करें।

अब इसे साफ कपड़े से पौंछ लें। सभी ऑप्टिकल दुकानों पर यह विशेष कपड़े के टुकड़े उपलब्ध रहते है।

धूप के चश्मे की सफाई के लिए प्रचलित तरीकों से बचा जाना चाहिए। लैंस की सफाई के लिए अपनी सांस का उपयोग करना सही नहीं है। यह केवल लैंस पर से धूल साफ करता है। आपकी शर्ट लैंस पर उपयोग करने के लिए सही नहीं है, बल्कि उससे आपके चश्मे पर स्क्रेच आने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024





## मिस्टर एंड मिसेज माही से पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं राजकुमार राव और जान्हवी कपूर



साल 2018 में धड़क फिल्म से डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अब तक कुल 7 फिल्मों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवा चुकी हैं। अब वो फिर से करण जौहर के साथ नई फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की रिलीज के लिए तैयार हैं, जिसकी रिलीज डेट शनिवार को अनाउंस कर दी गई है। इसकी रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है। करण जौहर ने नई रिलीज डेट का ऐलान करते हुए कैप्शन में लिखा, कुछ फिल्में सिर्फ कहानियों से कहीं ज्यादा हैं... वे दर्शकों से सपनों के बारे में बात करती हैं और कितनी बार हमारे सबसे करीबी लोग हमारे सपनों के रास्ते में आ सकते हैं... मिस्टर और मिसेज माही हमारे दिलों के करीब है...। करण ने आगे लिखा, और हम सोमवार को आपके साथ अपने कैंपेन डिजाइन शेयर करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते... लेकिन अभी हमारे पास रिलीज डेट है!! 31 मई 2024!! आपने नजदीकी सिनेमाघरों में। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राजकुमार राव लीड रोल में हैं। दोनों रूही के बाद इस क्रिकेट ड्रामा मूवी में साथ नजर आएंगे। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस में बनी इस फिल्म को शरण शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जिन्होंने गुंजन सक्सेना- द कारगिल गर्ल के साथ निर्देशन में कदम रखा। इस फिल्म में भी जान्हवी लीड रोल में थीं।

### साउथ में कदम रखने जा रही हैं जान्हवी

जान्हवी की अपकमिंग मूवीज की बात करें तो बॉलीवुड के अलावा अब वो साउथ में भी अपना जलवा बिखेरने जा रही हैं। वो देवरा- पार्ट वन में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली हैं। ये उनकी पहली तेलुगू मूवी है। इसके अलावा उनकी उलझ भी रिलीज के लिए तैयार है। राम चरण के साथ भी उन्होंने एक फिल्म साइन की है।






## बांद्रा में सी फेसिंग अपने नए घर में शिफ्ट हो रही हैं पूजा हेगड़े

मुंबई। अभिनेत्री पूजा हेगड़े जल्द ही अपने नए घर में शिफ्ट होने जा रही हैं। पूजा हेगड़े ने 45 करोड़ में 4,000 वर्ग फुट की एक प्रॉपर्टी खरीदी है जो सी फेसिंग है। पैन-इंडिया स्टार की नई प्रॉपर्टी मुंबई के बांद्रा इलाके में है। इसके साथ ही अभिनेत्री के जीवन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आने वाला है, जो मुंबई में ही पहले कहीं और रहती थी। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने साझा किया- पूजा हेगड़े शानदार हवेली में शिफ्ट हो रही हैं, जिसमें रहने के लिए 4,000 वर्ग फुट की जगह है। एक प्रमुख स्थान पर स्थित, यह भव्य निवास न केवल समुद्र के मनोरम दृश्य पेश करता है, बल्कि मुंबई के केंद्र में आराम और सुंदरता के अभयारण्य के रूप में कार्य करता है। इससे पहले पूजा गोवा में छुट्टियां मनाने गई थीं। दिवा ने बिना मेकअप लुक के साथ गोवा की धूप से अपनी तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री ने गोवा के कुछ पाक व्यंजनों की झलक और पूल के किनारे आराम करते हुए अपनी एक तस्वीर भी साझा की थी। उनके वर्क फ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री के पास पाइपलाइन में कई बहुप्रतीक्षित फिल्में हैं। देवा के अलावा, उनकी प्लेट में सनकी और तीन प्रमुख दक्षिण भारतीय प्रोजेक्ट हैं।

## सलमान खान के साथ डेब्यू से पहले मेरे पास पांच फिल्मों के ऑफर थे

एक्ट्रेस रवीना टंडन ने खुलासा किया है कि उन्होंने 1991 में सलमान खान के साथ पत्थर के फूल में पदार्पण करने से पहले पांच फिल्मों का ऑफर ठुकराया था। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उन्हें पत्थर के फूल से पहले कई फिल्मों के ऑफर आए थे। किसका ब्रांड बजेगा पर बोलते हुए अभिनेत्री कहा कि मैंने इससे पहले ही पांच फिल्मों को ना बोल दिया था। उन्होंने कहा, मैं कॉलेज कैंटीन में थी, और मैंने अंदर आकर कहा, अंदाज़ा लगाओ कि मुझे किसके साथ फिल्म का ऑफर मिला है, और उन्होंने कहा, कौन? और मैंने कहा, सलमान खान, और मेरे सभी दोस्त बोले, याय्य! इसके बाद अभिनेत्री ने खुलासा किया कि फिल्म स्वीकार करने से लेकर उस पर काम शुरू करने तक की प्रक्रिया बहुत तेज थी। रवीना ने कहा, तो मैंने हां कह दी, अगले दिन मैंने सलमान के साथ फोटोशूट किया और तीसरे दिन मैं फिल्म कर रही थी। अनंत बलानी द्वारा निर्देशित और सलीम खान द्वारा लिखित, पत्थर के फूल एक युवा पुलिस अधिकारी और एक गैंगस्टर की बेटी के इर्द-गिर्द घूमती है। पत्थर के फूल के बाद रवीना और सलमान ने कई फिल्मों में साथ काम किया है, जिनमें अंदाज अपना-अपना, कहीं प्यार ना हो जाए आदि शामिल हैं।


## सलमान संग अपने रिश्ते पर बोले अरबाज



बॉलीवुड के भाईजान यानी कि सलमान खान का अपने भाइयों के साथ मजबूत रिश्ता है। हाल ही में, अपने बेटे अरहान खान के साथ बातचीत में अरबाज ने अपने अटूट बंधन के बारे में बात की और बताया कि कैसे वे हर सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। सोहेल ने भी बातचीत के दौरान सलमान के प्रति अपनी प्रशंसा और सम्मान भी व्यक्त की। आइए जानते हैं कि अभिनेता ने क्या कहा है। अरबाज ने अपने मजबूत संबंध के बारे में बताते हुए खुलासा किया कि भले ही वे रोजाना बात नहीं करते हो लेकिन वे एक अनकहा बंधन साझा करते हैं और मुसीबत के समय में हमेशा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अभिनेता ने कहा, हम एक-दूसरे के बहुत करीब हैं। जब हम छोटे थे। हम बेशक एक साथ रहते थे और फिर हमने काम करना शुरू कर दिया और अपने घरों से बाहर चले गए... एक ने अभी तक शादी नहीं की है, लेकिन हमने शादी कर ली और अलग भी हो गए और फिर मैंने दोबारा शादी कर ली, लेकिन हम भाईयों के बीच कुछ भी नहीं बदला।

अरबाज ने आगे कहा, बात यह है कि हम जब हम अपने व्यक्तिगत काम कर रहे होते हैं तो हो सकता है कि हम वहां मौजूद न हो, लेकिन जब कोई मुसीबत आती है तो हम साथ होते हैं। तभी लोग एक-दूसरे से दूर नहीं भागते हैं। सलमान और मैं शायद इतनी बार न मिले या इतनी बार बातचीत न करें, लेकिन अगर उन्हें एहसास होता है कि मैं किसी तरह के झगड़े में हूं तो वह आदमी संकोच नहीं करेगा। अरबाज खान ने रिश्तों में एक-दूसरे के साथ खड़े होने के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा, यह पैसों की मदद के बारे में नहीं है। मैं सलमान की आर्थिक मदद नहीं कर सकता क्योंकि उनके पास काफी कुछ है लेकिन ऐसा हमेशा नहीं होता है। आपको भावनात्मक सपोर्ट की जरूरत होती है। आपको सुनने वाला बनकर वहां रहना होगा। कभी कभी बस मौजूद होना भी काफ़ी होता है।

## राम चरण को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि



साउथ के फेमस एक्टर राम चरण इस समय चर्चा में हैं। उन्हें चेन्नई की वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। 13 अप्रैल को एक्टर ने सोशल मीडिया पर मानद उपाधि पाते हुए एक फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की है। वो इस ग्रेजुएशन सेरेमनी में चीफ गेस्ट भी थे। इस खास मौके पर उनकी वाइफ उपासना कामिनेनी भी मौजूद रहीं और अपने पति को डॉक्टर कहकर संबोधित किया। वेल्स यूनिवर्सिटी के इंस्टाग्राम पेज पर भी ग्रुप फोटो शेयर की गई है और कैप्शन में लिखा है, थिरु! राम चरण। इंडियन एक्टर, फिल्ममेकर और बिजनेसमैन। अपने 14वें एनुअल कॉन्वोकेशन (दीक्षांत समारोह) में वेल्स यूनिवर्सिटी से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि प्राप्त कर रहे हैं। मालम हो कि वेल्स यूनिवर्सिटी अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों को पहचाने जाने के लिए दिया जाता है। राम को ये सम्मान, फिल्म इंडस्ट्री में उनके योगदान के कारण उन्हें मिला है। राम ने साल 2007 में चिरुथा मूवी से डेब्यू किया था। तब से उन्होंने अपने करियर में शानदार फिल्में दी हैं।




## विजय देवरकोंडा की अगली फिल्म के लिए मराठी अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे से चल रही है बातचीत

फिल्म 'डियर कॉमरेड' के बाद से एक हिट की तलाश में भटक रहे अभिनेता विजय देवरकोंडा की बीते हफ्ते रिलीज फिल्म 'द फैमिली स्टार' फ्लॉप होने के बाद वह एक नए संकट में हैं। गौतम तिन्नौरी के निर्देशन में बनने वाली उनकी अगली फिल्म के लिए अब हीरोइन ही नहीं मिल रही है। इस फिल्म में पहली अभिनेत्री श्रीलीला काम करने वाली थीं, लेकिन उनके फिल्म से अलग हो जाने के बाद से अब तक फिल्म के दूसरी हीरोइन नहीं मिली है।

साउथ सिनेमा के अभिनेता विजय देवरकोंडा का पहले पहल नाम हिंदी भाषी क्षेत्रों में तब चर्चा में आया जब निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा ने अपनी तेलुगु फिल्म 'अर्जुन रेड्डी' का रीमेक हिंदी में 'कबीर सिंह' के नाम से बनाने का एलान किया। रीमेक की रिलीज से पहले मूल फिल्म को दर्शकों ने खूब देखा और ये इस फिल्म की लोकप्रियता का ही नतीजा रहा कि निर्माता करण जौहर ने उन्हें फिल्म 'लाइगर' के लिए साइन कर लिया। फिल्म के लिए विजय ने पूरा उत्तरी और पश्चिमी भारत मथ डाला लेकिन फिल्म फ्लॉप रही। फिल्म 'लाइगर' के बाद रिलीज उनकी पिछले साल रिलीज फिल्म 'खुशी' और अब 'द फैमिली स्टार' भी फ्लॉप हो चुकी है। विजय की अगली फिल्म निर्देशक गौतम तिन्नौरी के साथ बन रही है। इस फिल्म की हीरोइन श्रीलीला ने अब इस फिल्म में काम करने से मना कर दिया है और साउथ की कोई बड़ी अभिनेत्री इस फिल्म में काम करने को तैयार नहीं है। हिंदी सिनेमा से किसी बड़ी हीरोइन 'इम्पोर्ट' करने की कोशिशें भी सिरे नहीं चढ़ रही हैं।

अब सुनने में आया है कि फिल्म 'यारियां 2' के एक छोटे से रोल में दिखीं मराठी अभिनेत्री भाग्यश्री बोरसे से इस फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। भाग्यश्री इन दिनों अभिनेता रवि तेजा के साथ एक फिल्म 'मिस्टर बच्चन' कर रही हैं। भाग्यश्री बोरसे ने फिल्म 'यारियां 2' में अपने काम से दर्शकों का खासा प्रभावित किया था। फिल्म में चूंकि उनका रोल काफी छोटा था और फिल्म बनाने वालों ने उन्हें इसके पूरे प्रचार में शामिल भी नहीं किया, जिसके चलते अधिकतर दर्शकों को उनका नाम तक पता नहीं चल पाया।



## बिग बॉस का कई बार मिला ऑफर, मगर एक जगह बंधकर 24 घंटे रहना पसंद नहीं

**वजह तुम हो, 1920, इंस्पेक्टर अविनाश जैसी फिल्मों और वेब सीरीज से रजनीश दुग्गल ने खुद को साबित किया है। आगे भी वह बड़े बैनर की फिल्में करना चाहते हैं लेकिन उनका सारा ध्यान कहानियों के चुनाव पर होगा। एक्टर कहते हैं कि मैं अपनी ऑडियंस को धोखा नहीं देना चाहता। 17-18 साल की उम्र से इंडस्ट्री में काम करने वाले अभिनेता नए कलाकारों के लिए कुछ करना चाहते हैं, ताकि वो भी अपने सपने को पूरा कर सकें। रजनीश कहते हैं कि हम खुद ही हिट एंड ट्रायल पर सीखते हैं। अगर समय पर सही सीख मिल जाती तो गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है।**

### नए कलाकारों के लिए कुछ करना चाहता हूं

एक्टर शाहिद कपूर ने अभी हाल ही में कहा था कि मैं कुछ ऐसा करना चाहता हूं, जिससे नए कलाकारों को मौके मिलें। यह बहुत अच्छी बात है। मैं भविष्य में ऐसा ही कुछ करना चाहता हूं, जिससे नए टैलंट को अपने सपने पूरे करने में मदद मिले। गुरु को लोग मिस करते हैं या फिर कहें कि अच्छे चैनल की लोग तलाश में रहते हैं। कई बार आपको अच्छे मैनेजर, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर मिल सकते हैं, जो आपको सही दिशा दिखाएं। इसमें यह जरूरी नहीं कि वो ही आपको अपनी फिल्म में काम भी दें। ये लोग आपके आगे की राह आसान कर सकते हैं। बाकी आप खुद ही हिट एंड ट्रायल पर सीखते हैं। अगर सही सीख समय पर मिल जाती है तो गलतियों की गुंजाइश कम हो जाती है।

### मेरे हर काम की जानकारी पत्नी को होती है

मेरा और धर्मपत्नी पल्लवी जोशी की काम को लेकर पूरी वार्तालाप होती है। हम दोनों एक-दूसरे को अपनी बात रखने का पूरा मौका देते हैं। मैं जो भी काम करता हूं, वो एक-एक चीज उनको पता होती है। यह बहुत पहले की बात है, जब मैंने किसिंग सीन को लेकर कई ऑफर ठुकरा दिए थे। अब भी ऐसा ही है। शादी से पहले पल्लवी मेरी गर्लफ्रेंड थी, तभी से हमने फैसला किया था कि मैं पर्दे पर किसिंग सीन जैसा कुछ नहीं करूंगा। मैं उस जोन में जाना नहीं चाहता हूं। अब मेरी बेटी बड़ी हो रही है। उसके बारे में भी सोचना पड़ता है। फिर भी अगर कहानी की आवश्यकता हो और फिल्म ऐरॉटिक थ्रिलर जोन में ना हो तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है।

### 24 घंटे एक जगह बंधकर रहना बिल्कुल पसंद नहीं है

रियलिटी शो 'बिग बॉस' का ऑफर तो कई बार आया लेकिन मुझे 24 घंटे एक जगह पर बंधकर रहना पसंद नहीं है इसीलिए लगता है कि मैं वह शो नहीं कर सकता। उसमें 24 घंटे कैमरे की नजर आप पर ही रहती है। मैं 24 घंटे कैमरे के सामने नहीं रहना चाहता। मेरे लिए 12 घंटे की शूटिंग शिफ्ट ही अच्छी है। वक्रफंट की बात की जाए तो मुझे अब अच्छा कॉन्टेंट मिल रहा है। बाकी एक्टर्स की तरह मैं भी बड़े बैनर की फिल्में करना चाहता हूं लेकिन कॉन्टेंट अच्छा होना चाहिए। जब आप बड़े बैनर का हिस्सा बनते हैं तो ग्रोथ जल्दी होती है लेकिन मैं अपनी ऑडियंस को धोखा नहीं देना चाहता। मुझे लगता है कि जब आपके पास अच्छी स्क्रिप्ट और अनुभवी एक्टर्स होते हैं तो काम करने में मजा आता है। यहां क्रिया-प्रतिक्रिया का नियम लागू होता है, जो आपकी परफॉर्मेंस में चार चांद लगा देता है। साथ ही साथ सीखने को भी वहां काफी कुछ होता है।

### 'घर से कभी कुछ मांगने की नौबत नहीं आई है'

मैं मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता हूं। ऊपरवाले की दुआ से 17-18 साल की उम्र से मैं इस इंडस्ट्री में काम कर रहा हूं। घर से कुछ लिया नहीं और ना ही कभी ऐसी नौबत आई है। एक चीज थी, जो परिवार की हमेशा मेरे साथ रही, वो था उनका आशीर्वाद। इससे मुझे बहुत मदद मिली। मां-पापा ने मेरा हमेशा मार्गदर्शन किया। मेरी वेब सीरीज विडियो स्कैम को दर्शकों का बहुत प्यार मिला। अब इसका दूसरा पार्ट लिखा जा रहा है। अभी मैंने एक मर्डर मिस्ट्री सीरीज की है, जो कि चार सीजन की कहानी है। उसमें मैं इंस्पेक्टर की भूमिका में दिखूंगा। एक थर्ड जेंडर के ऊपर फिल्म है, जो कि बीते साल लखनऊ में ही शूट की थी।